भाग्य में हाल। मत्र कौनसा यह अपती है भक्त पारा नहीं पास हो ॥ म० ४६५॥ कितने चीर पहन के भारी देखो कपटन नारी। मद्दे दुर्योधन इसके तन स सार क्षमा उतारी हो॥ म० ४६६॥ एक शत भट्ट चीर बड़े हैं अनुपम चीर परम। शील प्रभाव सभा बीच में उसकी रक्खी शर्म हो॥ म० ४६७॥ सब जयकार करें देवता सत्य सती का जान। दुष्ट दुःशासन हुआ खिसाणा उतरा उनका मान हो॥ म० ४६८॥ देख व्यवस्था निज पत्नि की भीम को आया जोश। क्रोधावश हो खम्भ ठोक कर बोला कर आक्रोश हो॥ म ४६६॥ कौरव रावणों फिरे मटकती मन-मन मांय विलखती। वा मेरा है नाम भीमजी मेरी वचना शाकी हो॥ म० ५००॥ मारूँ दुर्योधन पापी को करू शत्रु सहार। भ्रात भाम ! मत बोलो जरा तुम नहीं समय इस बार हो॥ म ५०१॥ चोटी पकड़ कर लाये सभा में बिसर गये सब सुध। तास भुजा को जो नहीं मरोड़ूँ तो मैं लजाया दूध हो॥ म० ५०२॥ जांघ दिखाई जिसने वाकी भेदूँ द तलवार। सींचू भूमि तास रुधिर स छिन में कर दूँ स्वार हो॥ म० ५०३॥ भीष्मादि सब जनता सम्मुख, बोला यों ललकार। सदा हू प्रतिज्ञा एसी, कहे भीम उस बार हा॥ म ५०४॥ भीम शब्द सुन मची खलबली, सारी सभा मझार। कइ अधोशिर करके बैठ, क्यों रूठा करतार॥ म० ५०५॥ भीष्म विदुर कहे दुर्योधन से, कैसा नाम कमाया। कुरुवंश था कैसा निर्मल, लांछन दुष्ट लगाया हा॥ म० ५ ६॥ दृढा सती पतिव्रता की, अनहद करी ख्वारी। अरे अन्ध ! सुत कैसे तेरे, किया न काज विचारी हो॥ म० ५०७॥ द्रव्य अन्ध पिता है तर द्रव्य भाव सुत अन्ध। माता सम है तुम सब ही के, कैसे नार सम्बन्ध हो॥ म० ५०८॥ अय धृतराष्ट्र ! तेरे पुत्रों ने कैसा किया है भ्रम। भस्त दिनों में कुरु वंश का नहीं रहेगा नाम हो॥ म ५०६॥ जा तू मारे दुर्योधन को, कुल का मिटे जजाल। यह राज के योग्य नहीं है यह अवसर मत टाल हो॥ म० ५१०॥ जो यह तेरे शासन भावे तो तू कर एक काम। दे वनवास पाण्डव के तांई, पुन: करेंगे राज हो॥ म० ५११॥ धृतराष्ट्र ने दुर्योधन को, धिक्कारा बहु बार। नारी सुत पाँचों पाण्डव

को, भेजे विपिन मॅझार हो ॥ म० ५१२ ॥ जो मेरा कहना नहीं माने, तो तुझ करूँ विनाश । धृतराष्ट्र का वचन मानकर हुक्म दिया वनवास हो ॥ म० ५१३ ॥ भीष्मादिक गुरुजन के सन्मुख, बोला दुर्योधन बेण । यह पाण्डव है वैरी मेरा, कभी न जानूँ सेण हो ॥ म० ५१४ ॥ द्वादश वर्ष पूर्ण हो वहा तक, रहकर के बनवास । वर्ष तेरहवे प्रच्छन्न रहे जो, इच्छे राज्य की आस हो ॥ म० ५१५ ॥ यदि प्रकट हो कदाचित्, बारह वर्ष दुबारा । रहना होगा बनवास इन्हो को, क्योंकि द्यूत मे हार हो ॥ म० ५१६ ॥ भीष्म विदुर द्रोणादि सबने, बात करी स्वीकार । वस्त्रादि पाण्डावों को दीना, और सभी हथीयार हो ॥ म० ५१७ ॥ दुर्योधन ने शर्त रक्खी जो, बिना उज्र ली मान । वचन निभाने के लिये सभी, सहन करा अपमान हो ॥ म० ५१८ ॥ लेई द्रौपदी पॉचो पाण्डव, घर को किया प्रस्थान । भीष्मजी उन्हें रथ बैठाये, वात्सल्य गुणमन ठान हो ॥ म० ५१९ ॥ देखो द्यूत में सर्वस्व हारा, ऋद्धि राज्य भण्डार । फिर रहने का बारह वर्ष वन, इसालिये बुरी जुगार हो ॥ म० ५२० ॥ ऐसी जानके मित्रो ! त्यागो, जग में बुरी जुगार । इसी जूये ने युधिष्ठिर को, कैसा किया खुवार हो ॥ म० ५२१ ॥ हस्तिनापुर को शीघ्र आय कर, मिला सभी परिवार । पांचों भ्राता चले वहां से, विलम्ब न करा लगार हो ॥ म० ५२२ ॥ नाना भांति हथियार लिया है, गदा लीनी है हाथ । भीष्म धृतराष्ट्र सब मिल के, चले पहुँचाने साथ हो ॥ म० ५२३ ॥ मात पिता भी चले सग मे, और नगर के लोक । नयनो से आंसू गिरते हैं, सब के छाया शोक हो ॥ म० ५२४ ॥ सखी सहेली सभी मिल के, चली द्रौपदी सग । गद्‌गद् वाणी बोले मुख से, कैसा हुआ यह ढग हो ॥ म० ५२५ ॥ कहें सखी दुर्योधन पापी, राज्य लिया सब खोस । कोई होनहार बतलावे, कोई कर्म रही कोस हो ॥ म० ५२६ ॥ हस्थिनापुर को द्यूत ने खोया, भेजा विपिन मंझार । धन्य धन्य सती द्रौपदी रानी, चले पति के लार हो ॥म० ५२७॥ तेरह वर्ष पूर्ण कर आसी, फिर करसी यह राज । कुशलक्षेम वरतेगा इनका, बोले सारी समाज हो ॥ म० ५ ८ ॥ प्रत्येक जन से ऐसी बाता, सुनता पाण्डव राय । पुरवासी जन मिल बहु सख्यक,

क्यों पहुँचान आय हा ॥ म० ४२६ भयानक एक राक्षस आया नभ पथ स उस बार। काला रूप सा किरमिर नाम है, भीषण भय करनार हा ॥ म० ४३० ॥ पीले केश शिर पर बिखरें हैं चपल नयन रग पीत। अरुण मुख अरु लम्बा दाढ़ ज्यों, वक्र पवन विपरीत हो ॥ म० ४३१ ॥ सर्प समान यह राक्षस अपनी, जीभ बहार दिखावे। कटकट करे आपाग दांत स देखत ही डर आय हो ॥ म० ४३२ ॥ आ धमका पापी हत्यारा, करने को यह त्रास। हाथ छुरा यमदूत सा दीखे करता यह अट्टहास हो ॥ म० ४३३ ॥ भय पा तडफत बैठी द्रौपदी उसने भाव दरसाइ। तब तो दसी भीम एकदम बोला जोश में आई हो ॥ म० ४३४ ॥ रे अधम ! राक्षस पापी तू क्यों डरावे नार। इसका फल तू पावे अभी यों दीना गदा प्रहार हो ॥ म० ४३५ ॥ शिर फूटा और पड़ा भूमि पर मर गिरा नर्क मंझार। दुर्योधन का पक्ष क्षेत्र से हुआ बहुत सुधार हो ॥ म० ४३६ ॥ आदि ॐकार है जैसे बन में मंगलाचरण का स्थान। महाभारत यों दैत्य मृत्यु से, प्रारम्भ हुआ सो जान हो ॥ म ४३७ ॥ विजय पाय चले अब वहां से काम्यक बन में आया। कुछ दिन यहां निवास करी ने पथ का श्रम मिटाया हो ॥ म० ४३८ ॥ धर्मपुत्र का हुक्म पाय के, भोजन करा तैयार। अर्जुन ने विद्या बल से पोषा सब परिवार हो ॥ म० ४३९ ॥ या विधि दिन दिन विद्या के बल बन रसवती आई। स्वयं द्रौपदी सबको परुसे पंक्तिबद्ध बैठाइ हो ॥ म० ४४० ॥ द्रुपदराय की आज्ञा स पत्र धृष्टद्युम्न यहां आया। बहिन बहिनों स मिलकर के ऐसा वाक्य सुनाया हो ॥ म० ४४१ ॥ वनवास की बात सुनी तब मुझको दिया पठाई। आओ सबको अपने नगर में रहें सदा सुख मांई हो ॥ म० ४४२ ॥ वचन बद्ध स ये नहीं आवें तो लाओ द्रौपदी बाई। ये वनवास रहें यहां तक ये ठहरे पीहर के मांई हो ॥ म ४४३ ॥ कहे द्रौपदी निज भ्राता स, नहीं छोड़ूं पति संग। पांचों भाणज ने तुम ले जाओ घर कर खास उमंग हो ॥ म० ४४४ ॥ युधिष्ठिर को कह संग में, लिये पांच पचास। आकर वृत्तान्त सुनाया सारा द्रुपद को तत्काल हो ॥ म० ४४५ ॥ दूज दिन कोई अनुचर आया, ऐसा संदेशा लाया। भी

कृष्ण मिलने को आवे, सुनकर सभी हर्पाया हो ।।म० ५४६।। इतने सामकुमर हरि आये, गांगेय लिया वधाई । कर प्रणाम कुन्तीजी को हरि ने, आशिप ली सुखदाई हो ।। म० ५४७ ।। सानन्द से सब बैठ गये फिर, बोले कृष्ण मुरार । धर्मपुत्र ये गये हार सब, राज ऋद्धि भण्डार हो ।। म० ५४८ ।। मिल गये सिद्ध अरु साधक कपटी, शकुनि कर्ण ये दोई । कपटयुक्त दुर्योधन खेली, लूट लिया सब जोई हो ।।म० ५४६।। पास तुम्हारे जो मैं होता वे, कैसे जीत ले सार । वुध पास हो जब शशि के राहु नहीं ग्रहे लगार हो । म० ५५०।। अर्जुन भीम तो दुर्योधन को छिन मे मार गिरावें । मगर दृढ प्रतिज्ञ होन के कारण, सब ताईं अटकावे हो ।। म० ५५१।। सती द्रौपदी को दुख दीना, दुर्योधन ने भारी । वदला लूँगा उससे इसका, भूलूँ नहीं लगारी हो ।।म० ५५२।। धर्मराज कहे आपके आगे, होता सुरेन्द्र मात । दुर्योधन है कौन गिनत मे, कहता हूँ साक्षात हो ।।म० ५५३।। फिर लो देखो भीष्म दादा, शान्त जिन्हो का आनन । कुरुवंश के आप मुकुट हैं, गुण के हैं ये कानन हो ।म० ५५४। दैवयोग वनवास जाने का, आया है प्रसग । कृपा कर हमे शिक्षा दीजे, और नहीं उमग हो ।। म० ५५५ ।। तब गांगेय कहे तुमरे सग में मैं भी चलू इस काल । धर्मराज ने रोका कहकर, घर की करो प्रतिपाल हो ।। म० ५५६ ।। काम क्रोध मद लोभ हँसी अरु अधैर्यपणो अज्ञान । सप्त व्यसन असत्य अदत्त है, सब अनर्थ की खान हो ।। म० ५५७ ।। दान ज्ञान सुप्रभमुत्व, सुकृत, सत्पात्र, का सग । यह पॉचो भूपति धारे, तो सुधरे सब ढग हो ।। म० ५५८ ।। इन सोलह को त्याग युधिष्ठिर, करना नित धर्म ध्यान इस प्रकार भीष्म की शिक्षा, मानी अमृत समानहो ।।म० ५५६।। धर्मपुत्र धृतराष्ट्र को नम के, बोला प्रेम जनाई । प्रजाको पाले पुत्रवत्यों कहे दुर्योधन ताँई हो ।म०५६०। विदुर कहे यो धर्मनद से, वृद्ध है पांडुराय । राणी माद्री रक्खो घरपर, सेवा करे चितलाय हो ।म०५६१।माता कुन्ती द्रौपदी रानी, पॉचो भ्रात परिवार । करो सिद्ध वनवास तुम्हारे, हो जो कुशल जयकार हो ।म०५६२। भीष्म पाण्डु विदुर द्रोण, कृपाचार्य से फीर । ले आज्ञा आशिप विनम्र हो हृदय कछु नहीं पीर हो ।। म० ५६३ ।। पाण्डु नृप युधिष्ठिर

को फिर, रत्न मुद्रिका पहनाइ। गद्गद् स्वर से कहा इस योग दुरव नहीं होगा काई हो ॥ म० ५६४ ॥ कहे कुन्ती स सुन त्मी तू पुत्रो की रक्षा करना। तूहे माता इसीलिये यह सदा ध्यान में रखना हो ॥ म० ५६५ ॥ सत्यवती क भी चरण छूए इमी तरह अन्य मात। प्रत्युत्त दीघी शुभाशीष सब सुख म रीजा महाराव हो ॥ म० ५६६ ॥ या विधि पहुँचाये उनको वहाँ मिल सज्जन परिवार। आये वापिस लौट वहाँ से निज निज नगर मुँझार हो ॥ म० ५६७ कुन्ती द्रौपदी पाँचों पाण्डव वहाँ स किया पयान। कुछ दूरी तक श्रीकृष्ण गये, आगे सुना पयान हो। म ५६८ रत्न मुद्रिका युधिष्ठिर के श्रीकृष्ण लग्न पाइ। पूछा माधव ने यह कहाँ से लाये देओ बताइ हो ॥ म० ५६९ ॥ विशालाक्ष विद्याधर ने सब प्रत्युपकार निमित्त। दीधी थी मुझ पिता भा को, करके अति सुप्रीत हो ॥ म ५७० ॥ या विधि बातें करते परस्पर, नासिक नगर में आया। स्थिवर मुनियों क दर्शन करके रूम रूम हर्षाया हो ॥ म० ५७१ ॥ कुछ दिन के लिये ठहरे वहाँ पर रम्य शमित स्थान। कृष्ण पाण्डव दोनों मोद स, करते गीत अरु गान हो ॥म ५७२॥ माधव युधिष्ठिर बैठ एक दिन, आया पुरोचन पास। भेजा दुर्योधन न मुझको यों, पाला चित्र तत्काल हो ॥ म ५७३ ॥ धर्मपुत्र से दुर्योधन ने, कहलाया इस प्रकार। मैं सद्गुण क निधि पूर हो मैं हूँ दुर्गुण भण्डार ॥ म० ५७४ ॥ म उत्तम मैं अधम भ्रात हूँ विश्वासघाती सो जान। मेरे दुष्कृत्य पर हे भ्राता तुम जरा न धरिय ध्यान हो। ॥म० ५७५॥ मैं पुण्यवान मैं पापी पूरा दीना तुम्हें वनवास। हे पछताता इसी बात का, दिया सती का त्रास हो ॥ म० ५७६ ॥ कृत अपराध की माफी दीजे, लघु भ्रात निज जान। कृपाधार कुल म भानु सम अपना विरद पहचान हो ॥ म० ५७७ ॥ करा राज्य पुन हस्तिनापुर का जनता सब ही चाहे। यदि इच्छा वहाँ नहीं हो तो, फिर वारणावती तो आव हो ॥ म० ५७८ ॥ सती वस्तु सब क मन भावे जग-नियम सा जान। ता कारण वहाँ शीघ्र पधारो, करा अर्ज को मान हो ॥ म ५७९ ॥ कृष्ण युधिष्ठिर बात सुनीने हरस्य बहुत हर्षाया। स्वय सरल सरल सभे समझा, पास उसी सग आया हो ॥ म० ५८० ॥ वारणावती के

नगर लोक ने, सारा शहर सिंगारा। हरि पाण्डव को लाये वधाई, नूतन महल उतारा हो॥ म० ५८१ ॥ दुर्योधन भी आया सामने, प्रेम बहुत दर्शाया। नाना भाँति के माल मसाले, खाने को पहुँचाया हो॥ म० ५८२ ॥ सुख में पाण्डव जान हरि जी, ले सुभद्रा बहैन। अभिमन्यु-युत् आये द्वारका सुन पाये सब चैन हो॥ म० ५८३ ॥ एक समय सत्यवर्ती युधिष्ठिर, बैठा कुटुम्ब के माई। दुर्योधन की करे प्रशंसा, सुखी दिया बनाई हो॥ म० ५८४ ॥ उसी समय प्रियवद दूत एक, विदुर का चल आया। ले एकान्त युधिष्ठिर को दे, पत्र हाल जिताया हो॥ म० ५८५ ॥ उस कागज के अन्दर विदुर ने, लिखी बात हितकारी मैं गया था किसी कारण वश, पढ़जो कर विचारी हो॥ म० ५८६ ॥ एक दिन बैठा धृतराष्ट्र पॉ, दुर्योधन भाव लख पाया। दुःशासन कर्ण कुबुद्धि सिखाई, तब पुरोचन को बुलवाया हो॥ म० ५८७ ॥ पुरोचन से कहे पाण्डव बैरी, जीवें जब तक जग मे। सुख नहीं है दुर्योधन को, करो ध्यान एक मग में हो॥ म० ५८८ ॥ इस कारण उनको मारणहित वारणावती सिधाय। ऐसा करो उपाय जायकर, नाम रहे कछु नाय हो॥ म० ५८९ ॥ लाख काष्ट का महल बनाओ, राल तेल युत् खास। आग लगाकर उन पाण्डव का, उसमें करो विनाश हो॥ म० ५९० ॥ इस हेतु से पाण्डव ! तुमको, विप्र कपट से लाया। विदि चतुदर्शी आग लगावे, यह मनसूबा ठाया हो॥ म० ५९१ ॥ युक्ति से दुर्योधन तुम्हारी, करना चाहे हान। इस कारण होशियार रहीजो, मैंने सुना है कान हो॥ म० ५९२ ॥ पाण्डव ने यो पत्र पढ़कर, धरी हृदय में बात। दीधी सीख तब दूत के तांई, मुख से सुन वृत्तान्त हो॥ म० ५९३ ॥ काका विदुर कहलाई सो सब, सांची लीनी मान। मात भ्रात नार के तांई, तुरत जिताई आन हो॥ म० ५९४ ॥ विदुर ने फिर सुरग कारक को, भेजा हो हुल्लास। नाम सुन कहे ऐसा उसका, आया युधिष्ठिर पास हो॥ म० ५९५ ॥ धर्मपुत्र ने उसको जितलाया, करो हमारा काज। रैन समय इस महल बीच मे, करो सुरग धर दाज हो॥ म० ५९६ ॥ द्वैत नाम वन की ओर तुम, करजे सुरग को द्वार। आग लग जाने पर भाई निकल जावें हम बहार हो॥ म० ५९७ ॥ सुख

मीठा हृदय मलीन है दुर्योधन अन्याई। कैसी आस रची शाली ने जैसे है कोई नाई हो ॥ म० ५९८ ॥ पुण्य प्रभाव जहां घरे पाँव वो, शूल अधो हो जावें। पुण्य हीन क्या करे सामना अन्त वही पछतावे हो ॥ म० ५९९ ॥ भीम कहे सुन भ्रात विप्र का करूँ आप सहार। पीछे अपने शीघ्र यहां से भागे चल बीयार हो ॥ म० ६०० ॥ भीम के अर्जुन सहमत हुआ पर युधिष्ठिर करी मनाई। जो बल शक्ति है तुममें वो, हममो दुर्योधन ताई हो ॥ म० ६०१ ॥ पाण्डव के इस प्रकार दुर्जन, होसी भ्रात अनेक। इन जैसों को हमने से कोई, लोक कहें नहीं नक हो ॥ म० ६०२ ॥ मृगपति को मृग ने मारे, शोभा नहीं अगार। एकद पछाड़े अब कुअरने, तो प्रशंस ससार हो ॥ म० ६०३ ॥ एक शिक्षा फिर मानों बन्धु तेरह वर्ष पर्यन्त। विराणल से जोष करे फिर कहीं जाना नहीं मतिमन्त हो ॥ म० ६०४ ॥ सुख परिश्रम के सिवाय भोजन, अन्य का करें कभी भाई। इन दृढ़ मतिसा से फिर भाई छले न कोई भाई हो ॥ म० ६०५ ॥ शयन करे भीम उस स्थानक पलंग तले सस पार। सबक बनाया सुरंग दक्षता से, निकल सकें सब बहार हो ॥ म० ६०६ ॥ चतुर्दिशि अम्बरी के दिन, करसी आगि लगाय। सपरिवार कुशल क्षेम से निकसें सुरग संयोग हो ॥ म० ६०७ ॥ पाचों पाण्डव रैन समय फिर उसी सुरंग के मांय। अभ्यास करें आने जाने का, नक्षत्र योग मिलाय हो ॥ म० ६०८ ॥ ऊपर महल सुरग भूमि तल, विप्र कछु नहीं जाने। चतु र्दिशी दिन कर्म करेगा, वह विप्र यही ठाने हा ॥ म० ६०९ ॥ दोनों का द यान द्रोपदी मटी उनकी शाम। ध्यान घरे ईश्वर का कुन्ती, कुशल रहन के काज हो ॥ म० ६१० ॥ पाण्डव रहते प्रसन्न चित्त स, देखी पुरोचन दास। मिष्ट वचन स मैंने इनको, कैसा दिया विश्वास हो ॥म० ६११॥ धन्य है मेरी कला कौशल्य को, मूर्ख दिया बनाय। चतुर्दिशि अंबरी के दिन, दूंगा इन्हें जलाय हो ॥ म ६१२ ॥ एक भूखी सुत पांच बहू एक, आया महल के मांह। अनुकम्पा से कुन्ती माता अपने दिग ठहराई हो ॥ म० ६१३ ॥ भक्तियुक्त भोजन दिया उनको कर मनुहार विभाव। सेवा धर्म के फल को जानी, शाता सबको उपजाय हो ॥ म० ६१४ ॥

विदि चतुर्दिशि का कुन्ती को, रच रहा नहीं ध्यान। ता कारण से उन्हे न चेताया, जिससे हुआ नुकसान हो ॥ म० ६१५ ॥ भीम रहे सजग सदा वह, हो पूरा सावधान। दुष्ट पुरोचन की वातो को, सुनता रहे धर ध्यान हो ॥ म० ६१६ ॥ पुरोचन ने अपनी धृष्टता, छोडी नही लगार। पर पाण्डव के प्रवल पुण्य हैं, रक्षा करे हर वार हो ॥ म० ६१७ ॥ विप्र प्रच्छन्न रही अर्ध निशा मे, आग लगाई भारी। तव पाण्डव उस सुरग द्वार से निकल गये उस वारी हो ॥ म० ६१८ ॥ उठी ज्वाल विकराल महल में, चहुँ दिशि धूँवा छाया। भीम रहकर उसी प्रोहित को, दे मुष्टि मार गिराया हो ॥ म० ६१९ ॥ डाला आगमे गाया नर्क मे, पाया कृत्य कमाई। मिला भीम भ्राता पॉजाई, सभी कुटुम्ब के मॉई हो ॥ म० ६२० ॥ रवि उदय होने परदेखा, महल भस्म हो पाया। पाण्डव मर गये जनता ने, हाहाकार मचाया हो ॥ म० ६२१ ॥ देखो दुर्योधन कर्म कमाया, राच ऋद्ध के तॉई। मरकर परभव इसको जाना, सोचा नहीं मन मॉई हो ॥ म० ६२२ ॥ दुर्योधन पापी है पूरो, पाण्डव-वश नशायो। कुल के कलक लगाया तभी तो, कुलखापन कहायो हो ॥ म० ६२३ ॥ सुरग से निकल कर पाण्डव चाले, कष्ट वहुत सा पावें। राय युधिष्ठिर के पग सूजे, श्रम से चला न जावे हो ॥ म० ६२४ ॥ नकुल और सहदेव यही विध, वे भी वेदना पावें। पर लज्जा के वश में होके, कहते वन नहीं आवे हो ॥ म० ६२५ ॥ माता कुन्ती और पत्नि को देखी दुख मे भारी। राजा युधिष्ठिर मन में चिंते, अहो कर्म गति न्यारी हो ॥ म० ६२६ ॥ पीहर सासरे वीच मातने, कभी दुख नही पाया। पथ के श्रम से दुखी होय अव, मुख इसका कुम्हलाया हो ॥ म० ६२७। पुण्यशाली योधा पाण्डव की, देखो यह पटनार। सुरेन्द्र की पत्नि सदृश है, भ्रमती विपिन मॅझार हो ॥म० ६२८॥ कोमल चरण दाम से विंधे, चीरा चल लोही आया। तन वसन पर धूली छाई, विकल रूप दर्शाया हो ॥ म० ६२९ ॥ दुख नहीं पावे वह पत्नि भी, जाके एक भर्त्तार। पच भर्त्तारी होकर द्रौपदी, पावे दुख अपार हो ॥ म० ६३० ॥ राय युधिष्ठिर थाको पथ मे, श्रमित वना परिवार। भीम महावली है सब माँई, साहसिक

सरदार हो ॥ म० ६३१ ॥ कुन्ती भी बाकी पथ मांई जीव रहा घबराय । भूख तृषा से पीड़ित उसके, रह नैन मिचाय हो ॥ म० ६३२ ॥ कुन्ती द्रौपदी घबराय पथ में, पड़ी भूमि मुर्झाई । मुख बिलखाय दिया सबी ने कुमल ज्यूं कुम्हलाई हो ॥ म० ६३३ ॥ भमित धर्म पुत्र सर पहुँची लाया शीतल नीर । कुन्ती द्रौपदी को पायो तब, साता हुई शरीर हो ॥ म० ६३४ ॥ राज गया बैरी-भय पीछ रैन पलायन कीध । नहीं हुआ स्वप्नान्तर ऐसा सो दुख विघना दीध हो ॥ म० ६३५ ॥ बदन सकोमल ठिग नहीं संबल कैसे लांघ कांतार । चिंतित धर्मपुत्र को देखी, करा भीम विचार हो ॥ म० ६३६ ॥ दक्षिण स्कंध पर मात बैठाइ, बांयें स्कंध पर नार । लघु भ्रात दोनों को पीठ पर, दानों भुज आधार हो ॥ म० ६३७ ॥ भीम चली स चला पथ में, धुम बीच को जाय । झाड मार उखाड़ फेंक दे, मार्ग सम बन जाय हो ॥ म० ६३८ ॥ चार प्रहर की रजनी बीती प्रात' रवि प्रगटाया । मार्ग बीच शहर जो आया भीम वहीं पर आया हो ॥ म० ६३९ ॥ वड तरु की छांया सा उतारी भीम सुखे नींद सोया । अर्जुन जा दो काल विपिन में फल फूल कच को लाया हो ॥ म० ६४० ॥ निज नारी ने करी रसोई, सब को तोई जिमाया । शाप चना द्रौपदी जीमी, वहां से फेर सिधाया हो ॥ म० ६४१ ॥ चलते पथ में रवि अस्त हुआ वहीं पर डाला डेरा । सोते सब ही नींद बीच में, भीम खड़ा दे पहेरा हो ॥ म० ६४२ ॥ सोच भीम युधिष्ठिर देखी, देखो कर्म का भोग । मखमल सज में सोते थे ये आज कंकराली सोग हो ॥ म० ६४३ ॥ नित्य नये नाटक होते थे, बत्तीस राग रसाल । अब सोये थे बिना बिछोने, रपट यहां विकराल हो ॥ म० ६४४ ॥ बैठ विमान में व्योम लांघते कुंकुम तिलक लगाय । थकित हुवे अब पग स चलते धूल बदन लिपटाय हो ॥ म० ६४५ ॥ वस्त्राभरण अमूल्य पहनत, नाना भोजन खाते । वे ही बन्धु अब फले मलपुत, कन्द मूल को खाते हो ॥ म० ६४६ ॥ विचित्र गति है कर्मन की यह, नहीं पावे कोई पार । राम लखन सीता जैसों का भेजे विपिन मंझार हो ॥ म० ६४७ ॥ या भांति करुणा रस भरियो, भ्रात भाम तत्काल । रुदन विलाप करें खिस

कारण, नेत्र हुवे हैं लाल हो ॥ म० ६४८ ॥ सोये साथ के सभी नींद मे, दे चौकी चहुँ फेर । हुई राक्षसी प्रगट वहां पर, लिया भीम को घेर हो ॥ म० ६४६ ॥ पीतनयनी है पापिन पूरी, छुरे सदृश हैं दांत । वैठी नासिका पीनस जैसी, कान सूप के भांत हो ॥ म० ६५० ॥ ताड वृक्ष के जैसी लाबी, हड़ हड़ करती हास । ऊभी आय भीम के पासे, देने को वह त्रास हो ॥ म० ६५१ ॥ देखी भीम का रूप मनोहर, जगा काम विकार । विपरीत रूप वदल के तत्क्षण, वनी अप्सरा अनुहार हो ॥ म० ६५२ ॥ सुनो रूप देख भीम हुवे चकित, पूछे उसे उस वार । कौन, कहां से आई यहां पर, रैन समय इस वार हो ॥ म० ६५३ ॥ सुनो बात मनमोहन मेरी साच कहू मैं नार । शुद्ध मन से थे देओ आदर, अहो भोगी भरतार हो ॥ म० ६५४ ॥ इस वन मे राक्षस एक रहता, हिडम्ब नाम है खास । वहन हिडम्बा उसकी मैं हूँ, आई आपके पास हो ॥ म० ६५५ ॥ विद्याधरों के कुल की जाई, राज ऋद्धि बहु म्हारे । साधी राक्षसी विद्या जिससे, राक्षस लोक पुकारे हो ॥ म० ६५६ ॥ हिडम्ब नाम है इस वन खड का, रहता इसमें वोही । गध उड़ी मनुष्य की भारी, और न देखा कोही हो ॥ म० ६५७ ॥ जाच करन को मुझको भेजी, आई राक्षसी वनके । देखी तेरा रूप अनुपम, विकार जगे मेरे तन के हो ॥ म० ६५८ ॥ यथार्थ रूप वनाया मैंने, अव देखो इस वार । हाथ पकड़ लो जल्दी अव तो, वनो आप भरतार हो ॥ म० ६५६ ॥ कहे भीम कन्या सुन मेरी, साफ देऊँ जितलाय । भाग्यवश ही तुझ सी पावे, चतुर नार सुखदाय हो ॥ म० ६६० ॥ ये सोये वन्धव मुझ प्यारे, ये वृद्धा मुझ माय । यह पत्नी है मेरी द्रौपदी इस तुल्य और है नाय हो ॥ म० ६६१ ॥ ऐसी गुणवन्ती होने पर, और न परणी जाय । कल्पलता जो छती पास हो, कोई न आवे दाय हो ॥ म० ६६२ ॥ नहीं आदरो जो तुम मुझको, देऊॅ मैं प्राण गमाय । भीम कहे हो कैसे या विधि, सुन सुन्दर चितलाय हो । म० ६६३ ॥ विद्या चाक्षुसी और उद्योतनी, जो तेरे हैं पास । वो सिखाओ मुझको तव तो, बात बने फिर खास हो ॥ म० ६६४ ॥ तब राक्षसी ने विद्या सिखाई, भीम को जिस वार । धर्म- प्रभावे देखो पाण्डव का, पूर्ण

हुआ अन्धकार हां ॥ म० ६६५ ॥ उसी समय क्या वो एक दम भूमि और बनराय । ह ह ह हास हँस तो हिडम्ब राक्षस आया धाय हो ॥ म० ६६६ ॥ देखी कामासक्त भगिनी को पाण्डव राग रँगाई । भृकुटी चढ़ा भीषण गर्जन कर, माला रोष भराई हो ॥ म० ६६७ ॥ अरे हिडम्ब का भाई किस कारण कुल खापण तू रांड । अरी म चक्षारी अब तक तेने भूख लगी मचाएड हो ॥ म ६६८ ॥ कोई नर आया होय यहां सो कहना मुझको आय । मार कूद भक्षण कर आऊँ, वपु पुष्ट हो जाय हो ॥ म० ६६९ ॥ कामातुर तू बन के रीता, भ्रातृ-स्नेह बिसराय । गोरा कुची मिल गई आकर, पहरा कौन लगाय हो ॥ म० ६७० ॥ प्रथम मारूँ तुमको सबस फिर हनूं ओ साथ । ऐसा बोली भगिनी को हनवा ऊँचा कीना हाथ हो ॥ म० ६७१ ॥ भीम झुँझला उठा जोश का, क्या शठ भगिनी मारे । क्या काल तेरा आन पहुँचा है, क्यों नहीं हृदय विचारे हो ॥ म० ६७२ ॥ गदा महीने स मुगर पाया, मार करूं चकचूर । झट से राक्षस भीम पर आया, भरा जोश भरपूर हां ॥ म० ६७३ ॥ करा खड्ग प्रहार भीम पे तब वह मूर्च्छा खाया । सावचेत हो भीम उठा फिर, अति कोप में छाया हां ॥ म० ६७४ ॥ सिंह नाद होत सब जाग, देखा युद्ध उस बार । भारी गदा राक्षस मूर्छाया, फिर उठा लगी नहीं बार हो ॥ म ६७५ ॥ सारी बात हिडम्बा भाखी जानी युद्ध की बात । फिर इक-प्रहार करा तब भीम हुआ मुर्छ पात हो ॥ म० ६७६ ॥ विलापात करती कह कुन्ती, बेटा सुन मुझ बात । कौन सहायक पथ में बनसी, कुण सुख देसी मात हो ॥ म० ६७७ ॥ शीतल पवन कर नीर अब छिड़का अर्जुन साहसिक वीर । तुरत उठकर गदा स उसका, जरजर करा शरीर हां ॥ म० ६७८ ॥ रस्सा डाल ग्रीवा को पकड़ी मारकर निर्जीव बनाया । पारिवारिक जन सब ही का फिर, कुछ भय नहीं माया हो ॥ म० ६७९ ॥ भ्रात शोक नहीं करा हिडम्बा काम रूप मन में छाया । भीम संग में मग्न होय कब मिले सुख मन पाया हां ॥ म० ६८० ॥ कुन्ती द्रौपदी आग सभी जन प्रम घरी उस बार । पिछली रात म चले वहां से, करके पद बिहार हां ॥ म ६८१ ॥ नभ-पथ में चलती वह हिडंबा दिशा के अरमान । हुआ

मध्याह्न तब धूप से सबको, लगी प्यास अति आन हो ॥ म० ६८२ ॥ कुन्ती मूर्छा खाय गिरी है, सुध बुध को विसराय । चारो भ्रात जल लेने दौडे, देखी मरती माय हो ॥ म० ६८३ ॥ बैठा पास रोवे युधिष्ठिर, हा हा होत अन्याय । पानी मिला नहीं लौट आये तब, भ्रात सभी घबराय हो ॥ म० ६८४ ॥ मूर्छित मात देख सब रोवे, धीरज नहीं शरीर । दौड हिडम्बा कमल पत्र मे, लाई निर्मल नीर हो ६८५। जल छिडका कुन्ती के तन, फिर पाया शीतल वारी । उठ बैठी हां पूछे वाता, शुद्ध मे आई जिवारी हो ॥ म० ६८६ ॥ सारे कुटुम्ब को जीतव दीना, धन्य धन्य या नारी । मुक्त कण्ठ से करी प्रशमा, पाण्डवो ने उस वारी हो ॥ म० ६८७ ॥ पाण्डव वहा से सभी मिलके, जब चले पथ के माई । साथ चूक कर गई द्रौपदी, भयानक वन के माई हो ॥ म० ६८८ ॥ सिंह प्रचण्ड एक सन्मुख आयो, पाचाली कम्पाई । आडी लकीर निकाली उसने, बोली मन के माई हो ॥ म० ६८९ ॥ लांघो नहीं हो कभी सत्य रेखा, जो मेरे भरतार । तो तू भी अब मती लांघजे, यह रेखा इस वार हो ॥ म० ६९० ॥ सत्य वचन श्रवण कर सिंह ने, लाघी नहीं है लीक । शील तणी यह महिमा जग मे, नार भई निर्भीक हो ॥ म० ६९१ ॥ उसी तरह से वापिस फिरता, देखा सर्प को बाई । सूर्यास्त होने पर फिर तो, तरु तले ठहरी आई हो ॥ म० ६९२ ॥ परोपकारिणी राक्षसी तब तो, ढूढत वन मे आई । परमेष्ठी जपती हुई द्रौपदी, चिंता युक्त दिखाई हो ॥ म० ६९३ ॥ तेरे विरह से कुन्ती पाण्डव, ऐसी प्रतिज्ञा ठाई । जो न मिले द्रौपदी हम को, देशा प्राण गमाई हो ॥ म० ६९४ ॥ तेरे नहीं मिलने से देवी ! हुआ दुखी परिवार । अन्न जल लेना छोड दिया है, तासे चलो मुझ लार हो ॥ म० ६९५ ॥ पकड हाथ द्रौपदी उसने, उडा के चली आकाश कुशल क्षेम से तत्क्षण उसको, लाई पाण्डव के पास हो ॥ म० ६९६ ॥ विद्याधरी अपने सग लाई, द्रौपदी को उस वार । देख दृश्य यह पाण्डव सारे, पुलकित हुवे जीवार हो ॥ म० ६९७ ॥ चले वहा से आगे पाण्डव, बीच पडे कई पहाड । विपम मार्ग को लाघ बैठे जहा, बडे २ हैं झाड़ हो ॥ म० ६९८ ॥ कुन्ती बोली हिडम्बका से, सुन कन्या मुझ बात । तैने उप-

कार किया था हमपर, मुख से कहा न जाता हो ॥ म० ६९९ ॥ मांग सोई मैं दुंगी तुम को यही मेरे मन भाई । पांच साल हिडम्बा वाली भीम से हा परणाई हो ॥ म० ७०० ॥ सब को सहमत जान सहदव, मुहूर्त दिया बताई । तुरत भीम हिडम्बा के संग विवाह करा मन भाई हो ॥ म० ७०१ ॥ विद्याधरी ने महल बनाया भीम ठहर गये भाई । हिडम्बा के गर्भ रहा है पुरुष भाग से भाई हो ॥ म० ७०२ ॥ अब यहां से आगे पाण्डे फिर करत लील विलास । आया शहर एक सुन्दर अनुपम देखत हरष हुलास हो ॥ म० ७०३ ॥ उस एक चम्पा नगरी बाहर सुन्दर बड़ा उद्यान । वहां धर्म घोष केवली ठहरे मुनियों में प्रधान हो ॥ म० ७०४ ॥ पद्मासन से ऊंचे आसन, बैठे वहां मुनिराज । धर्म सुनाना सुने को आ, पाण्डव सागे पांच हो ॥ म० ७०५ ॥ सभासदों ने देख पाण्डव का विस्मित हो गये सार । उस दिन का था विषय दया का जो सब ही का तारे हो ॥ म० ७०६ ॥ आत्मघात नहीं करू त्रियाग खेचरी ने व्रत धारा । सुसंगत से सुधर गई है, पुण्य का हुआ सजारा हो ॥ ७०७ ॥ धर्मोपदेश के बाद कुन्ती ने प्रश्न किया उस बारी । दुःख सागर से पुत्र हमारे कब उबरे गुणधारी हो ॥म०७०८॥ धम धाप केवली यों भाप, हैं पाण्डव पुण्यधाम् । अल्पकाल में राज लक्ष्मी, भिलजासी फिर आन हा । म ७०९ ॥ राज भी सुख भोग मागधी लसी संयम भार । कर्म खपा क केवल पाई, लगा मोक्ष उधार हो ॥ म० ७१० ॥ प्रसन्न हुवे सब वाणी सुन क, कवली कियो विहार । धर्म पुत्र कह विद्याधरी स तूं उपकारी नार हा ॥ म ७११ ॥ तेरी सहाय से हमने सोधा गिरि बन अटवी पुर । त्याई द्रौपदी अटवी माई शाघ लाउ असूर हो ॥ म० ७१२ ॥ विद्याधरनी बात यह मेरी, सुन ल तूं या सांची । अब पति वे भीम बनाया प्रेम राग में रांची हो ॥ म० ७१३ । अब हम सो कुछ काल रहगे इस नगरी के माई । तुम पीहर जाकर रहो धैर्य धर वन्धु से स्नेह जनाइ हो ॥ म० ७१४ ॥ गर्भ रत्न की यतना करना सोधा धर्म पहचानी । मान जेठ की बात हिडम्बा आई निज राजधानी हो ॥ म० ७१५ ॥ रहे मास स पीहर बीच में करे धर्म

प्रतिपाल। समकित रत्न के गुण को धारे, मंत्र जपे त्रिकाल हो ॥ म० ७१६ ॥ वेष विप्र का पाण्डव धारा, करा रूप में
फेर चले एक चक्रा को तब तो, देवशर्मा हुआ लेर हो ॥ म० ७१७ ॥ विप्र-रूप अतिथि को घर, लाकर उन्हे जिमाया।
पाण्डव सपरिवार के ताईं, उचित-स्थान ठहराया हो ॥ म० ७१८ ॥ ब्राह्मण रूप मे पाण्डव रहते, कोई भेद नहीं पावे।
जैन धर्म की करें आराधना, अरिहत ध्यान लगाये हो ॥ म० ७१९ ॥ सावित्री द्विज की पत्नि ने, सरला कुता के ताईं। धर्म
मात बनाई प्रेम धर, तब उसने ठहराई हो ॥ म० ७२० ॥ सुख से रहें कुन्ती प्रमुख वहां बीते कितने मास। घनिष्ट हुई
परस्पर प्रीति, हृदये रहा हुल्लास हो ॥ म० ७२१ ॥ देखी एक दिन सावित्री को, करती रुदन विलाप। तब तो देवशर्मा
ब्राह्मण से, पूछे कुन्ती आप हो ॥ म० ७२२ ॥ पत्नी तेरी क्यों रोती है, क्या दुख हुआ आज। भेद बताओ इसी बात
का, अभी आप द्विजराज हो ॥ म० ७२३ ॥ द्विज बोला सुन माता कुन्ती, एक दिन का वृत्तान्त। पुरी प्रमाण ले शिला
विद्याधर, खड़ा ज्यू खे कृत्तान्त हो ॥ म० ७२४ भय दिखा विद्याधर बोला, आया तुम्हारा काल। शिला डाल के सब को
मारूँ, नगर करूँ समताल हो ॥ म० ७२५ ॥ प्रबल वायु का वेग करी, वृक्षादिक नगर धुजाया। भूत प्रेत राक्षसों द्वारा, सब
जन को डराया हो ॥ म० ७२६ ॥ नगर लोक स्वदेव यादकर, कहे यह कष्ट मिटाओ। हाथ जोड राजा भी वीनवे, मतना भय
दिखाओ हो ॥ म० ७२७ ॥ रक्षा करो तुम देव हमारी, चाहो सो फरमाओ। नगरलोक का भय मिटा दो, दया सभी पर लाओ
हो ॥ म० ७२८ ॥ प्रगट हुआ विकराल रूप में, वह विद्याधर खास। भयभीत होके सबने देखा, सम्मुख ऊभा पास हो ॥ म०
७२९। बुक नामा विद्याधर हूँ मैं, रत्न शैल गिरि स्थान। राक्षसी विद्या साधी, बना हूँ, नर भक्षी मम जान हो ॥ म० ७३० ॥
सच कह दू मुझे लगे मनुष्य का, मांस अति ही प्यारा। नित्य मनुष्य एक दीजो वारीसर, यह है प्रश्न हमारा हो ॥ म० ७३१ ॥
द्रोण प्रमाण शालि रांधी ने, और दो हित को जान। पुर बाहर एक स्थान बनाकर, रखना उसमे आन हो ॥ म० ७३२ ॥ तब

हो माता चकोर्चू अपनी, यों सो बात कहो माग। जिस दिन हागी इसकी कमी वो बद खुला सब प्रान हो॥ म० ७३३ ॥ सरासर है अयोग्य बात पर, भय से धीमी मान। फिर वो राक्षस गया वहाँ से हो करके गम्यान हो ॥ म० ७३४ ॥ जब नगर के लोक और राजा, मिलकर एक ही स्थान। प्रत्येक घर पर बारी बाली, क्या छोटा क्या महान हो॥ म० ७३५॥ जिस दिन जिस पर चिट्ठी आवे, वह छूटन नहीं पावे। चिट्ठी आई हमारे घर या, तासे रुदन मचावे हो॥ म० ७३६ ॥ कुन्ती मेरु पा वस माझ्य पर अनुकम्पा दिल आनी। तेरे पति को दुख नहीं होगा, मत राये दिल आनी हो॥ म० ७३७॥ दुष्ट राक्षस का क्षण में मारे मुझ सुत है बलवान। तेरे पति के बदले भेजूं, मुझ सुत को उस स्थान हो॥ म० ७३८॥ देव शर्मा ब्राह्मण फिर बोला क्यों मोजी दुख देटो। परहित कारण पुत्र मारा कर क्यों थें वश को मेटो हो॥ म० ७३९॥ सुन कर भीम बोला उस ठाँई मत कर मेरा साच। मात वचन को जो मैं लोपूं पड़े वचन में मोच हो॥ म० ७४०॥ तब तो बात यह सोची राम, विम कहे उस बार। एक दिन केवल ज्ञानी आये थे, किया कथन हितकार हो॥ म० ७४१॥ द्यूत खेल में पाण्डव हारकर वे बस यहाँ पर आसी। पुर बाहर जा एक राक्षस का परभव में पहुंचासी हो॥ म० ७४२॥ विघ्न मिटेगा इस नगरी का यों कही किया विहार। सभी से बैठे इसी ध्यान में कब आवें पचमार हो॥ म० ७४३॥ इतन हस्तिनापुर से आया एक पथिक सुनार। उसको लोगों ने मिल पूछा पाण्डवों का अधिकार हो॥ म० ७४४॥ वारणावती नगरी में पुगाया उन साता के तांई। लाख काष्ठ के नूतन महल में सबको दिये ठेरांई हां॥ म० ७४५॥ दुर्योधन ने गूढ़ कपट को रच कर अपनी चाल। कीधी करतूत ऐसी जिससे, जल कर हो गये राख हा। म० ७४६॥ पंथी मुख स बात सुनी ने, हुवे लाग दिलगीर। नहीं मिला ज्ञानीजन का यह वचन बड़ा गंभीर हो ॥म० ७४७॥ पग भयभी म कुलदेवी का ब्राह्मण हुवो तैयार। इष्टदेव का ध्यान धरा तब, कुन्ती कह उस बार हा ॥म०७४८॥ इमरासा को आता राका कहीं हा आप तुम्ह बात। कभी कुछ हासे थी नाहिं जो नहीं बेमर्सी बात हा॥ म ७४९॥ कुन्ती

भीम को विदा किया है, तुम बिन सरे न काज । अभयदान दो इस वस्ती को, ऐसा करो इलाज हो ॥ म० ७५० ॥ ले तन्दुल की गाड़ी निकला, आया बक के स्थान । पूछा पुजारी से बतलादे, कब आसी वेईमान हो ॥ म० ॥ ७५१ ॥ पुजारी बोला क्या बकता है, होकर तू बे भान । उसकी धाक से शूरबीर भी, छोड देते हैं प्रान हो ॥ म० ७५२ ॥ इस शिला पर बैठ जाय तू, चावल धर के आगे । अभी आय तुझको खावेगा, देखी लीजि सागे हो ॥ म० ७५३ ॥ पूजारी पूछे नाम क्या है, खीच खाएया मेरा नाम । यो कही बैठ सामने रक्खा, चावल का जब ठाम हो ॥ म० ७५४ ॥ लप भर भर कर खाता देखी, बोला तुरत पुजारी । रे मूढ़ ! इस राक्षस भेंट को, क्यो खोता इस वारी हो ॥ म० ७५५ ॥ भीम कहे बुरा क्या कीना, खाने योग्य को खाई । अधिक देर तक पड़ा रहे हो, बू आवे इस माई हो म० ७५६ खा कर सोया भीम वहापर, विना विछोने सोय । निर्भिकता है जिसके वदनमे, डर नहीं उसको कोय हो म० ७५७ इतने राक्षस भी वहां आया, सोया देख उस वार । नहीं मावे यह शिला पर भी, कैसा पुष्ट तय्यार हो ॥ म० ७५८ ॥ इसके भक्षण से तो मेरी, भूख भगेगी खास । भाग्योदय से मिला आज यह, पूर्ण मास पुमांस हो ॥ म० ७५९ ॥ भीम के ओढ़न के कपड़े को, राक्षस कीना दूर । लगाया दात बटका भरने को, देह का करने चूर हो ॥ म० ७६० ॥ भीम की वज्र काय के कारण, तड तड टूटे दात । दोनो जवडों में से फिर तो, खुन की लगी है तांत हो ॥ म० ७६१ ॥ नाखून जब छाती के मारे, वह भी गये हैं फाट । नहीं भीम का कुछ भी विगड़ा, पडा ज्यों लोह की लाट हो ॥ म० ७६२ ॥ विस्मित, लज्जित हो गया राक्षस, सोच रहा मन माय । लज्जित हो परिवार साथ ले, भीम से भिडगया आय हो ॥ म० ७६३ ॥ करडा दात से सारे वदन को, दसन पड़े सब भाज । भीम अंग पीडा नहीं व्यापी, नहीं हुई किंचित् खाज हो ॥ म० ७६४ ॥ बक यो बोला सुनो कुटुम्ब जन, मैंने बहुतो को खाया । यह अचम्भा कभी न देखा, ऐसी वज्र की काया हो ॥ म० ७६५ ॥ इसे उठालो सभी मिली ने, ले जाओ घर द्वार । असी से खड करने खासा, राक्षस सभा मझार हो ॥ म० ७६६ ॥ कठिनाई से सब मिल तोका, भीम ने वजन लगाया । अधो-

मुख से पड़ सब राक्षस आस देर से आया हो ॥ म० ७६७ ॥ ज्यों त्यों फेर उठाया उसको ले गये निज आवास । भीम के मन में राक्षस पर को, देखन की थी आस हो ॥ म० ७६८ ॥ जिमने नहीं दखी गाड़ी जब राक्षस स्थान पर आया । पूछी बात पुजारी से जब, उसने हाल सुनाया हो ॥ म० ७६९ ॥ आज पक्ष-वन का नर आया राक्षस खाने नहीं पाया । असी से काट इसे खावें यों, अभी सई सिखाया हो ॥ म० ७७० ॥ ब्राह्मण रोता घर पर आया, उपकारी मरवायो । अपने रात रत्न न खोयो, दे मर मुझे बचायो हो ॥ म० ७७१ ॥ दुखित हो कुंती पै आकर, सब वृत्तान्त सुनाय । कुन्ती द्रौपदी दोनों को ला जिम ठौर दिखाय हो ॥ म० ७७२ ॥ सुन कर बात पुजारी से, हो गये सब उदास । किंकर्तव्य मूढ़ हो कर ठाडे रही कछु नहीं आस हो ॥ म० ७७३ ॥ युधिष्ठिर कहे बात सुनो सब चिंता दूर निवारो । भीम को राक्षस मार सके नहीं, मजबूती दिल धारो हो ॥ म० ॥ ७७४ ॥ इत भीम का मस्तक नभ से पड़ा सामने आन । देखी हुआ अचम्भा सब को धीरज किया प्रयान हो ॥ म० ॥ ७७५ ॥ रोन लगे सब बोम्ब फाड़ कर, कर कर गुणों की याद । मूर्छा खा गिरे धरणी पर सुध नहीं रही उस बाद हो ॥ म० ७७६ ॥ हो सचेत युधिष्ठिर भाखा, वज्रमयी उसकी काया । धर्म-शरीरी उसे बताया पुराकृत ऐसा ही छाया हो ॥ म ७७७ ॥ अर्जुन कहे यह कमल नाल ज्यों मस्तक छुदा आज । भीम रहा नहीं इस कारण से, मिट नहीं या राज हो ॥ म० ७७८ ॥ भीम का मस्तक लेई द्रौपदी, काष्ठ चिता रचाइ । ता बीच बैठन करी तय्यारी विलम्ब न मन के माहीं हो ॥ म० ७७९ ॥ सभी भ्रात भी इसी तरह से, मरण हुवे तैयार । कुंताजी भी संग में जलन को पक्का किया विचार हो ॥ म० ॥ ७८० ॥ देवरामों भी बोला झटपट नहीं जीने में सार । सब मरण की करी तयारी हुआ बहुत हकार हो ॥ म० ७८१ ॥ पांच पुरुष और दोनों नारी मरने की दिल धारी । इतने ही में शब्द राक्षस का सुन चौंके उस वारी हो ॥ म० ॥ ७८२ ॥ युधिष्ठिर भाखे मार भीम को फिर राक्षस यहां आया । अब मारेगा सब के तांई, ऐसा ध्यान में आया हो ॥ म० ७८३ ॥

जब अर्जुन ने धनुष्य चढाया, राक्षस सन्मुख धाया। लूगा भ्रात का वदला उस से, तो मैं कुन्ती का जाया हो ॥ म० ॥ ७८४ ॥ सोचे द्रौपदी जिस दुश्मन ने, वली भीम को मारा। वह अर्जुन से केमे मरेगा, छूटी आंसू धारा हो ॥ म० ॥ ७८५ ॥ उसी समय राक्षस सहारी, आयो भीम भूम्कार। देखी ने सव हर्षित हो गये, मिटा दुख जंजार हो॥ म० ७८६॥ राक्षस हने भीम के ताई, युधिष्ठिर कहे यह भूठ। कभी भीम ने शत्रु ताई, नहीं दिखाई पूठ हो ॥ म० ७८७ ॥ साधु कभी भूठ नहीं कहवे, भूठ कहें नहीं देव। भीम को कोई जीत सके नहीं, जो जुज नितमेव हो ॥ म० ७८८ ॥ सुन के हर्षित हुवे सकल जन, फूले अग नहीं मावे। केवली कथित यथार्थ है यह, सव के ताईं सुनावे हो ॥ म० ७८९ ॥ विनययुत भीमजी प्रणमे, कुन्ती युधिष्ठिर पांय। जब दोनों ने भीमजी ताई, हृदय लिया लगाय हो ॥ म० ७९० ॥ मस्तक तेरा फटा देख के, जीव नणो दुख पायो। जीवित देख तुझे सवके मन, आनन्द रग अति छायो हो ॥ म० ७९१ ॥ भीमजी को जब देखा द्रौपदी, पुलकित हो गई काया। उसी घडी से समझी मन मे, सारा दुख विनशाया हो ॥ म० ७९२ ॥ मिली कुटुम्ब से भीमजी का मन, एक दम अति हर्षायो। राक्षस युद्ध से हुआ परिश्रम, जिसको दूर नसायो हो ॥म० ७९३॥ नगर लोक यह वात सुणीने, गज मुक्ता से वधाया। लोग लुगाई खुशी मनावें, सब का दुख नशाया हो ॥ म० ७९४ ॥ राजा सुनके इस घटना को, आया भीम के पास। निरख नयन से उपकारी को, बोले वचन हुलास हो ॥ म० ७९५ ॥ धन्य है तुम पुरुष पुंगव को, राक्षस मार गिरायो। तासे उपद्रव मिटा सपूर्ण, भलो नाम कमायो हो ॥ म० ७९६ ॥ दुर्बुद्धि अरु महावल नामा, दोनो विद्याधर खास। उतर आये नभ पथ से नम्र हो खड़े भीम के पास हो ॥ म० ७९७ ॥ यह महावल है बक का लड़का, मैं हूं मत्री खास। बक मारण के समय इसी का, था लंका में वास हो ॥ म० ७९८ ॥ घर आने पर घटना सारी अथ से इति तक जानी। भीम को मार पिता वैर लूं, युद्ध करन की ठानी हो ॥ म० ७९९ ॥ तव राक्षस की कुल देवी के युद्ध करने से वारा। करो भीम की सेवा भाई, तुरत वचन को

मारा हा ॥ म० ८०० ॥ इसी कारण हम एक मता हो करन भीम की सेवा। आये यहां पर हम धरीने कृपा आपकी लेवा हो ॥ म० ८०१ ॥ नर हिंसा का त्याग कराया शानों विद्याधर तांई। रत्न दीने तब अपनी मकार में गरपकरी नहीं कांई हो ॥ म० ८ २ ॥ पूछे युधिष्ठिर मस्तक विषय में, हुआ कौन प्रकार। तब मंत्री सुबुद्धि बोला, इसका सुनो विचार हो ॥म० ८०३॥ एक मारण के समय सुनाया, राक्षस की करतूत। कृत्रिम मस्तक बना के पटका डरा नहीं यह भूत हो ॥ म० ८०४ ॥ सोचा मन में इसे देखकर, मर जासी परिवार। जिससे इस महायशी भीम को होगा दुःख अपार हो ॥ म० ८०५ ॥ प्रबल पुण्य है आज तुम्हारा हुई न किसी की घात। मानों लेख रेखा है उतने प्रान मिल हैं भ्रात हो ॥ म० ८०६ ॥ एक का राज्य दीना महाबल को करा युधिष्ठिर न्याय। सेवक श्रेणी में समझा तब से दीनी धीरज बंधाय हो ॥ म० ८०७ ॥ नगरी पति न महा स्सव मनाया, घर घर तोरण बंधाया। गजारूढ़ पाण्डव को करके, निज महिलों में लाया हो ॥ म ८ ८ ॥ भोजन कर नृप चाले या विधि, गुण नहीं जावे गाया। कुन्ती सती बस्ती में आई तब से सुख विरसाया हो ॥ म० ८०९ ॥ दीनी सीख तब महाबल तांई तब वह घरे सिधाया। रहे युधिष्ठिर मास बीच में, चहुँ दिशि में यश छाया हो ॥ म० ८१० ॥ एक दिन राय युधिष्ठिर भाव से, एसी बोला वाणी। जब सबक राक्षस को मारा, सब मे दुनिया जाणी हो ॥ म० ८११ ॥ दुर्योधन भा मान गया है पाण्डव जीवें सारा। इस हेतु आज अब निशा में चलें यहीं दिल धारा हा ॥ म० ८१२ ॥ उठ निशा में चले सभी मिल भेद किम नहीं पाया। विषम पथ लांघी भीत सहाय से द्वैत वन में आया हो ॥ म० ८१३ ॥ उस वन के अन्दर रहकर, सिंह व्याघ्र गरजावें। हाथी करे गुलसाट शब्द फिर, रीछ भी नमरा आवे हा ॥ ८१४ ॥ जरख शूकर भी इत उत डोलें अम्बर धूम मचावें। घुग्घू आदि भयानक बोलें जो नहीं कान सुहाय हो ॥ म० ८१५ ॥ तस्कर डाकू पशु लुटेर, छुक कर रहते न्यारे। पथिक जनों का एहाँ इकदक पड़ते उनके लारे हा ॥ म० ८१६ ॥ कई तरह के वृक्ष फलों स लदे पुये हैं महान। एसे

वन के बीच पाण्डव ने कुटी बनाई आन हो ॥ म० ८१७॥ मलिन वसन हैं तन के ऊपर, धूल रही लिपटात। थके चलन के काज इस हेतु, रहते वहीं दिन रात हो ॥ म० ८१८॥ फल फूलादि खाकर मोद से, पहरे वल्कल चीर। अर्हम् प्रभु की करे आराधना, पीवें निर्मल नीर हो ॥ म० ८१६ ॥ दोहा। सावधान करन हित, प्रियवद अनुचर खास। भेजा विदुरजी शीघ्र ही, आया पाण्डव पास ॥म० ८२०॥ इसी समय शीघ्र चल आया, दूत प्रियंवद नाम। पाव लग युधिष्ठिर नृप के, वैठा कर प्रणाम हो। म० ८२१। हस्तिनापुर से चलकर आया, तू है वड़ा मतिमान। पूछे कुशल क्षेम की वातें, निज सेवक को जान हो ॥ म ८२२ ॥ पांडु राय गांगेय विदुरजी, और माता परिवार। गुरु द्रोणादिक नगर लोक के, होंगे कुशल मझार हो ॥ म० ८२३ ॥ उत्तर मे यो कही दूत ने, है कुशल परिवार। गांगेय विदुर पितामह सारे, रहते सुख मझार हो ॥ म० ८२४ ॥ सकल कुटुम्ब है मोद बीच में, मित्रीदिक सब भ्रात। जो पूछी ते सब ही भाखी, कुशल क्षेम की वात हो ॥ ८२५ ॥ हमको तुमने कैसे जाना, द्वैत-वन का वास अग्नि योग से बच जाने की, वात करो प्रकास हो ॥ म० ८२६ ॥ मुख कमल सुन्दर तुम निरखी, हर्षित हो गया आज। साच कहू मैं निज हृदय का, दुख गया सब भाज हो ॥ म० ८२७ ॥ लाख महल जला तब वहा मे, पहुचा था उस वार। गजब हो गया वोले नगर जन, रोवे दे पुकार हो ॥ म० ८२८ ॥ पानी से जब आग बुझाते, पूछा उनके ताईं। उत्तर दीना पाण्डव जल गये, सोच भरा मन माइ हो ॥ म० ८२६ ॥ यो कहा मूर्छित पडा भूमि पर, बात कही नहीं जाय। होय सचेत मुख से यो निकला, दुर्योधन पापी राय हो ॥ ८३० ॥ अति आक्रन्द करीने रोयो, कीना वहु विलाप। हस्तिनापुर जा बात करी जब, सबको हुआ सताप हो ॥ म० ८३१ ॥ पाच पुरुष और नारी दोई, अर्ध जला सा दीठ। दुख हुआ सभी के दिल में, हो गई बात अमीठ हो ॥ म० ८३२ ॥ पांडु प्रमुख बात सुणीने, पडे भूमि मूर्छाई। सावचेत हो आक्रद करते, हाहाकार मचाई हो ॥ म० ८३३ ॥ कौन मनोरथ अब मम पूरे, किस विध रहसी शान। यह आचेती पडी विजली, कैसो

दुख की खान हो ॥ म० ८३४ ॥ विदुर कहे सुनो बात हमारी, बचे न वे रे पूत । वापिस आके राज्य करेंगे दुर्योधन को सूत हो ॥ म० ८३५ ॥ ज्ञानी के हैं वचन ये सागे कुछ न हाथ लगार । इस कारण विश्वास रक्खा तुम संदेह दूर निवार हो ॥ म० ॥ ८३६ ॥ विदुर बात पे धरा धैर्य पर रट सुत क तोड़ । निमित्तक ने भी सार कहा यह, पाण्डव हैं सुख माहें हो ॥ म० ८३७ ॥ पाण्डवों की मृत्यु को सुनकर दुर्योधन हुआ राजी । थोड़े दिनों में मिट गया फन्दा भाल रहा यों पाजी हो ॥ म० ८३८ ॥ एक दिन हस्तिनापुर के माहें पक्षी आयो एक । एक चाका नगरी की सारी, कही बात पर विवेक हो ॥ म० ८३९ ॥ बक ने करा युद्ध वहां भारी, फिर वह हुआ निस्तेज । भीम ने उस को मार गिराया, करा नहीं कुछ सब हा ॥ म० ८४० ॥ सब बात अनुक्रम स भाषी पाण्डव की था सारी । सब ने सुन क हर्ष मनाया कुनब न उस धारी हो ॥ म० ८४१ ॥ पाण्डु दुखा पक्षी से पूछा, कहो सभी वृत्तान्त । जैसी हुई वैसी सब कहदी, अभय किया घर शान्त हो ॥ म० ८४२ ॥ सुख—कुशल की बात सुणी म, पाण्डु बहु हर्षाया । दुर्योधन को नींद न आवे, जब वृत्तान्त सुन पाया हो ॥ म० ८४३ ॥ चिन्तित हो शकुनि को बुलाया दुर्योधन दुर्बुद्धि । पाण्डव जिस दिन मार गिराऊ होगी हृदय की शुद्धि हा ॥ म० ८४४ ॥ देखी उदास दुर्यो मन को शकुनी कहे सुन बात । फिकर कौनसा है वे रे दिल रही कौनसी खांत हो ॥ म० ८४५ ॥ दिन दिन राज ऋद्धि भर बधती बढ़ता तेज विशाप । हुक्म उठावें सब ही तरा, चाहता यश विस्तार हा ॥ म० ८४६ ॥ बात मामाजी सुनो जरा मैं करो ध्यान एक चित्त । पाण्डव बसे द्वैत वन माहें, बचकर रहे जीवित हो ॥ म० ८४७ ॥ स लश्कर को चलें जहां पर, पाण्डव हैं जिस वन में । एक दम धावा वाहें जाकर, करें कत्ल एक दिन में हा ॥ म० ८४८ ॥ शकुनी बोला ठीक बात यह मेरे मन को माहें । इसी लश्कर पाण्डव फिरतो, दुखित होंगे मन माहें हो ॥ म० ८४९ ॥ जब देखेंगे पाण्डव अपन का होगी असूया उनक । आवेंगे व अवश्य जारा में दृग उनके फटक हा ॥ म० ८५० ॥ अपनी सेना समुद्र तुल्य है पाण्डव बूंद समान ।

होगा ख्वार अल्प समय मे, मत कर आर्त्त-ध्यान हो ॥ म० ८५१ ॥ दुर्योधन और शकुनी मिल के, मनसूबा यह ठाया । गुप्त बात विदुर जानकर, मुझको यहां पठाया हो ॥ म० ८५२ ॥ सावधान रहिजो सब कोई, बात भेद की भाखो । विदुर दक्ष ने जो कहा था, मैंने तुम को दाखी हो ॥ म० ८५३ ॥ युधिष्ठिर पूछे फिर दूत से, दुर्योधन वह मानी । न्याय नीति मे कैसे चाले, क्यो कर रक्खे राजधानी हो ॥ म० ८५४ ॥ और बात मे सब ही ठीक है, प्रजा है खुश हाल । आप के मारण ध्येय से पुर में, निन्दे उसकी चाल हो ॥ म० ८५५ ॥ हुआ कष्ट तब मरण सुनकर, मात पिता को भारी । दुर्योधन कपटी यो बोले, मिष्ट वचन उस वारी हो ॥ म० ८५६ ॥ होनहार की बात बनी है, क्यों झुरते दिन रात । मुझको पुत्र अपना कर जानो, सेवा करूंगा तात हो ॥ म० ८५७ ॥ भोजन समय भीम अर्जुन का जो कोई नाम सुनावे । मुख का कवल रहे मुख माई, हाथ का हाथ में रहावे हो ॥ म० ८५८ ॥ सोया रात मे भड़क के बोले, पाण्डव मैंने मारे । भानुमती प्रिया कहे प्रीतम, क्यों तुम झूठ पुकारे हो ॥ म० ८५९ ॥ इत्यादिक करतूत बहुतसी, कहा तक कहे हम बात । तब जीवित की ईर्ष्या माही जलता रहे दिन रात हो ॥ म० ८६० ॥ कहे युधिष्ठिर दूत के तांई, पाण्डुराय मुझ तात । उनके चरणो झुककर कहना, विनययुत मेरी बात हो ॥ म० ८६१ ॥ तुम प्रसाद से हम यहा सब ही, रहते मोद के मांई । चिन्ता मत करना हम ओर की, आप रहो खुशी लाई हो ॥ म० ८६२ ॥ भीष्म और महोपिता हमारे, विदुर और लघु मात । कीजे प्रणाम तू हाथ जोड़ने, विनय युत बहुभाति हो ॥म० ८६३॥ कृपाकर जो विदुर कहलाया, सो सब लीना मान । जाय कहीजे उनके तांई, तू है बुद्धिवान हो ॥ म० ८६४ ॥ उसी समय द्रौपदी वोली, सुनो दूत मुझ बात । दुष्ट दुर्योधन फिर नहीं धाया, लाजे उसकी मात हो ॥ म० ८६५ ॥ केश पकड चोटी के मेरे खेंची सभा में आया । दिया वनवास और क्या चावे, विचार जरा नहीं लाया हो ॥ म० ८६६ ॥ ऐसे सुत को पैदा करके, कुंती भला क्या कीना । शत्रु सम्मुख गाडर हो बैठे, इससे श्रेष्ठ है मरना हो ॥ म० ८६७ ॥ कहे कुंतीजी पुत्रवधू का, कहना है अकसीर ।

भीम कभी नहीं सहन करे पर, युधिष्ठिर क्षमी धीर हो ॥ म० ८६८ ॥ कुन्ती कहे युधिष्ठिर ताईं मन में करो विचार । ऐसी क्षमा करने से तुम्हारी शोभा नहीं लगार हो ॥ म० ८६९ ॥ राजवेष को छोड़ी पुत्रों ! वल्कल लीने धारी । देखो द्रौपदी रानी या भी दुख सहे अपारी हो ॥ म० ८७० ॥ राजमाता की देख अवस्था तुम्हें लाज नहीं आवे । राज कुटुम्ब भिक्षु की भांति, वन में कष्ट उठावे हो ॥ म ८७१ ॥ मात वचन सुन युधिष्ठिर ने उत्तर दीना नाईं । तब तो द्रौपदी ऊँचे स्वर से बोली जोश में आईं हो ॥ म० ८७२ ॥ तापसवत् मत बैठ रहो तुम वा हथियार कर माईं । जो प्रतिज्ञा बाध्य करे तो, दो आज्ञा भ्रात के ताईं हो ॥ म० ८७३ ॥ सुन वचन द्रौपदी के आशांसे भीम अर्जुन झुंझलाया । दुर्योधन आ जाय अभी तो, न जीवे यों सुनाया हो ॥ म० ८७४ ॥ वचन धारा का सुनी युधिष्ठिर, बोला भ्रात के ताईं । ज्यों त्यों वर्ष तेरह का कभी रहे नहीं भाई हो ॥ म० ८७५ ॥ तुमरे वचन हैं क्षत्रियपन के पर इतनी अरदास । मेरे वचन को पार लगा दो, मत करो अरि विनाश हो ॥ म ८७६ ॥ अब किया वचन मान सभी ने तुरत किया प्रयान । सत्य प्रतिज्ञा है दृढ़ इनकी, कर रहे सभी बखान हो ॥ म ८७७ ॥ युधिष्ठिर बोला यहां नहीं रहना, होता कहीं क्लेश । गन्धमादन वन में जा रहवें, है यह उत्तम देश हो ॥ म० ८७८ ॥ प्रस्थान किया शुभ मुहूर्त में फिर पांडव सब ही वहां से । मार्ग बीच में भेंटे मुनीश्वर, ज्ञान प्राप्त किया वहां से ॥ म० ८७९ ॥ व विद्या में प्रकाशक मुनिजी, दर्शन कर सुख पाया । वहां से चल कर गन्धमादन में सुखे-सुखे वहां आया हो ॥ म० ८८० ॥ उस वन बीच कई वृक्ष सघन हैं सुन्दर जिनकी छाया । निर्मल नीर वहां बह रहा दगदग, देख पावे सुख काया हो ॥ म० ८८१ ॥ उसी वन में कुटी बनाई, रहने को सुखदाई । चारों ओर से पुष्प सुगन्ध की, महक रही है भाई हो ॥ म० ८८२ ॥ अर्जुन कहे युधिष्ठिर ताईं, विद्या साधन चित चाया । जो आज्ञा फरमाओ आज तो सुन्दर अवसर आया हो ॥ म० ८८३ ॥ ले आज्ञा इन्द्र कील गिरि पर आसन दृढ़ लगाई । विद्या समरते सुर आ बोला काम कहो हम ताईं हो

हो ॥ म० ८८४ ॥ जब समरू तब वेगी आजे, यू कही उन्हे पठाया। इत पर्वत की छटा देखन हित, मन इनका ललचाया हो ॥ म० ८८५ ॥ ता कारण से घूमे विपिन मे, देखी छटा हर्षाई। गो को खींचता आया सूअर एक. उन पहाडो के माई हो ॥ म० ८८६ ॥ देखी अर्जुन जब धनुष्य चढ़ा के, उसके तीर लगाया। उसी तीर को लेन कारणे, सूकर पासे पुन' आया हो ॥ म० ८८७ ॥ भील एक वहा खडा पुकारे, अर्जुन को चोर बनावे। दीखत को एक भलो आदमी, क्यो नही लज्जा पावे हो ॥ म० ८८८ ॥ बोली पर तकरार होयकर, हुआ युद्ध विकराल। तब अर्जुन ने पकड भील को, दिया भूमि पर डाल हो ॥ म० ८८९ ॥ भील रूप बदली विद्याधर, हुआ नहीं करी वार। माग इच्छित मैं दू तुझ ताई, साहसिक सरदार हो ॥ म० ८९० ॥ पार्थव कहे तू इन्द्र–जालिया, या विद्याधर राज। वह कहे मैंने माया रची थी, तुझ बल देखन काज हो ॥ म० ८९१ ॥ विशालाक्ष विद्याधर का सुत, चन्द्र शिखर मम नाम। मित्रता तुम सग करने खातिर, मैं आया इस ठाम हो ॥ म० ८९२ ॥ वर जो दिया तैने मुझ ताई, लूगा समय पर खास। पर मुझ को यह बात बता द, क्यों आया मुझ पास हो ॥ म० ८९३ ॥ रहू वैताढ्य गिरिपर अर्जुन। रतनपुर मम धाम। जहा है विद्युत् प्रभा राजाजी, प्रजा को अभिराम हो ॥ म० ८९४ ॥ उसके इन्द्र और विद्युन्माली, दो सुत हैं सुखदाई। इन्द्र को दिया राज्य विद्युत् को, दिया युवराज बनाई हो ॥ म० ८९५ ॥ विद्युत्प्रभा सयम ले मुख पर, मुह पत्ति या बाधी। केवल ज्ञान पा गये मोक्ष मे, दश विधि धर्म आराधी हो ॥ म० ८९६ ॥ इन्द्र सुरेन्द्र सम बन प्रजा पर, खासा रोब जमाया। ऐरावत हाथी को कल्पी, फिर लोकपाल बनाया हो ॥ म० ८९७ ॥ सात अनिका सेना की कल्पी, पत्नि को बना इन्द्रानी। अमरावती दे नाम नगरी का, शोभा अधिक बखानी हो ॥ म० ८९८ ॥ विद्युन्माली होय उद्दण्ड नित्य, ताके पर की नारी। नगर लोक से लूटे धन को, हो रहा अत्याचारी हो ॥ म० ८९९ ॥ नागरीक जन सबही राजा से, करबद्ध करे पुकार। विद्युन्माली के जरिये हम सब, दुख पावे सरकार हो ॥ म० ९०० ॥ सुनी अर्जी प्रजा की ध्यान

है दिल में किया विचार । विद्युन्माली का दरा निकाला, दिया तुरत उसधार हा ॥ म० १०१ ॥ पहिङ्कार से विद्युन्माली तब, करी भाव पै रीस । राज्य-भ्रष्ट कर इसको डारूं मारूं विस्वा बीस हो ॥ म १०२ ॥ यों विचार कर वहां स चला फिर आया स्वर्णपुर माई । वहां स्वरदूषण पराक्र रहता राक्षस कुल का आई हा ॥ म० १०३ ॥ निवात कवच है नाम उसी का पदवी पाक सवाई । उसके साथ में करी मित्रता, वैर करी नहीं कांइ हो ॥ म० १०४ ॥ यह राक्षस है निर्भय सब म पूरा है बलवान । जिसके कारण सारी प्रजा फिर, हो रही त्राहि मान हो ॥ म० १०५ ॥ हाथ साधु का एक दम पांच मार जार का जाय । इसी निमित्त से यह मरता है तस साधु इन्सान हो ॥म १०६॥ विद्युन्माली उनसे मिलके लीना पक्ष चढ़ाइ । करे बिगाड़ इन्द्र का आकर, छूट मनसा धाई हो ॥ म० १०७ ॥ पूछा निमित्तिक स इन्दर ने उनसे कही या बात । अर्जुन आने स आये आपदा पाण्डु-पुत्र विख्यात हो ॥ म १०८ ॥ इन्द्र कील गिरि के ऊपर अर्जुन है इस बार । आप्रा आमन्त्रण करा उन ताइ देगें काम सुधार हा ॥ म १ १ ॥ उन बिन मानगा नहीं हरगिज तस वासव पक्षपात । युद्ध में विजय करेंगे व ही निश्चय जान हा ॥ म ११ ॥ अर्जुन को लाभोजी पर उपकारी दु ष्य टालसी ॥ टर ॥ वचन सुनी जोगी का तब तो इन्द्र हुआ खुश हाल । मुझ का पूछा करे यों राजा, तुम जाआ तत्काल हा ॥ म १११ ॥ तरे बिना अर्जुन का यहां पर लाय सके नहीं कोय । तब पिता क साथ मित्रता, उनकी है तू जोय हा ॥ म० ११२ ॥ एक दिन थ सब पितु बन्धन में पाण्डुराय छुड़ाया । यों कही मुझ को भजा यहां पर, चालो अर्जुन राया हा ॥ म० ११३ ॥ चिरकाल अरु पाण्डव नृप क थी प्रीति सवाई । जिसकी साक्षी मूड मुद्रिका, मित्र ! तेरे कर माइ हो ॥ म० ११४ ॥ इमस धाव रूमझे तुरत फिर, नभ पथचारी खास । पाण्डुराव न युधिष्ठिर का बन जाते दीनी तास हा ॥ म० ११५ ॥ प्रभावशाली है यह मुद्रिका रखजो पास हमेशा । इसके सानी की नहीं जग में तुम अर्जुन नरेश हो ॥ म० ११६ ॥ वराह रूप जो मैंने बनाया तब मत वेग्नन काज । किया युद्ध मैंने

तुम सग में, नहीं हटे तुम आज हो ॥ अ० ९१७ ॥ द्रोण-शिष्य है एकाकी तू, अद्भुत बल है थारो । कृपा करीने जल्दी अब इन्द्र की भीड़ पधारो हो ॥ अ० ९१८ ॥ पाण्डुराय ने विशालाक्ष को, जीवित दीना दान । तैसे इन्द्र को देओ दान तुम, चलकर वहा सुजान हो ॥ अ० ९१९ ॥ चन्द्र शेखर के बचन सुणी ने, अर्जुन विस्मित होय । बात सभी है साची इनकी, भेद रक्खू नहीं कोय हो ॥ अ० ९२० ॥ तू है सच्चा भाई मेरा, मिलू हृदय लगाई । युधिष्ठिर सम आज्ञा आप की, मानू शिश चढाई हो ॥ अ० ९२१ ॥ यह मुद्रिका मेरे भ्रात ने, पहनाई मुझ ताई । ज्येष्ठ भ्रात का लघु भ्रात पर, होता स्नेह अधिकाई हो ॥ अ० ९२२ ॥ बैठ विमान चल अब दोनो, गिरि वैताढ्य पर आये । तल तालु को है राजधानी, उसी तरफ को धाये हो ॥ अ० ९२३ ॥ जहां निवात कवच विद्याधर, काल केतु सम जान । अर्जुन आया इन्द्र मदद पर, ऐसा हुआ भान हो ॥ अ० ९२४ ॥ सन्नद्ध बद्ध होवे को राजा, रण-भेरी बजवाई । मार गिराऊ पाण्डु-पुत्र को, इन्द्र जावे शरमाई हो ॥ अ० ॥ ९२५ ॥ दोनो और की आई सेना, रणक्षेत्र के माई । झण्डी फरकते भिड़ गई सेना, युद्ध करन के ताई हो ॥ अ० ९२६ ॥ विद्याधर अर्जुन दोनों ने, बाण खूब वर्षाया । अर्जुन ने बाणों के बल से, अरिदल दूर भगाया हो ॥ अ० ९२७ ॥ शत्रु को गिन गिन के मारा, जो सम्मुख हो आया । हारा पक्ष विद्युन्माली का, पाण्डु-सुत जय पाया हो ॥ अ० ९२८ ॥ करे देव पुष्पो की वृष्टि, जय २ शब्द उच्चारें । इन्द्र खबर पा आया विमान से, जय के लग रहे नारे हो ॥ अ० ९२९ ॥ चन्द्र-शेखर बोला राजा से, है यह अर्जुन खास । करी विजय इन्हीं ने यहां पर, देखो भुज बल तास हो ॥ अ० ९३० ॥ सुन चन्द्र की बात इन्द्र का, हर्षित होगया हिया । उतर विमान से अर्जुन चरण को, शिर से वन्दन किया हो ॥ अ० ९३१ ॥ अर्धासन बैठाय अर्जुन को, कीना बहु सत्कार । करें प्रशसा मुक्त कण्ठ से, आनन्द हुआ इस वार हो ॥ अ० ९३२ ॥ निष्कारण उपकार करीने, मुझ को करा सनाथ । तुम पसाय से मेरा पीछा, राज लगा है हाथ हो ॥ अ० ९३३ ॥ अर्जुन को

बैठा विमान में चन्द्र शेखर ले लार। वैताढ्यगिरि की छटा दिखाई, हर्षा हृदय अपार हो ॥ अ० १३४ ॥ आडम्बर से रथनुपुर लाये, देखे दुनिया सारी। भोजन जिमाय इन्द्र दीनवे परणों राजकुमारी हो ॥ अ० १३५ ॥ मन में प्रमुदय करें हम पाण्डव दिल में करो विमास। ऐसे समय में दिखाई करें किम सांची दी प्रकास हो ॥ अ० १३६ ॥ चित्रांगदादिक राजपुत्र रात अधिक लेके आया। धनुर्वेद की विद्या सिखाओ तुमको गुरु बनाया हो ॥ अ० १३७ ॥ प्रसन्न होय कर धनुर्वेद की विद्या उन्हें सिखाई। विद्या सीख मुदित हुये सब अर्जुन महिमा गाई हो ॥ अ० १३८ ॥ हाथी घोड़ा रथ पालखी, लायें भेंट उस वारी। अर्जुन कहे नहीं भेंट जरूरत, सुणजो बात हमारी हो ॥ अ० १३९ ॥ काम पड़े बुलावें तुम को, अब यहां जल्दी आना। अब आता स मिलूं आयकर, ये विचार दिल ठाना हो ॥ अ० १४० ॥ चन्द्रशेखर को लिया संग में बैठी आप विमान। इन्द्र नृप गया पहुंचाई तुरत गा के निज स्थान हो ॥ अ० १४१ ॥ पाण्डव आय कुंती पग लागा मात परम सुख पाई। हृदय लगाया निज नन्दन को मानू लाख कमाई हो ॥ अ० १४२ ॥ युधिष्ठिर के चरण भेंटने, लीना कण्ठ लगाई। इसी तरह स सभी भ्रात रहे, रोम-रोम हर्षाई हो ॥ अ० १४३ ॥ विद्याधर मुख से विजय की सारी बात सुन पाई। नृपद-सुता का मन विकसाया फूली नहीं समाई हो ॥ अ० १४४ ॥ फिर विद्याधर सीख मांग कर गया वह निज ठाम। पाण्डव सुख स रहें यहां पर गंध-मादन आराम हो ॥ अ० १४५ ॥ दोहा ॥ कमल-फूल के निमित्त मे पाण्डव हो गये फेर। धर्म आराधन योग स मिट गया सारा खेद ॥ १४६ ॥ एक दिन नृपद-सुता गांव में, वायु क प्रसंग। सहस्र-पत्र का कमल पड़ा था, कनक वर्ण सारंग हा ॥ अ० १४७ ॥ मन मुदित हुई देख उसी को, सुन्दर स्वरूप सुवास। भीमसेन को इसी समय में, ऐसी की अरदास हो ॥ अ० १४८ ॥ एसा कमल मुझ का यें लादो भीम लेन दिल जाय। ज्येष्ठ बन्धु की आज्ञा लेन की बात विचारी नाय हो ॥ अ० १४९ ॥ प्रथम

तहा पर, अपशकुनादि जोग । पाण्डव माहोमाही चिन्तवे, क्यों विघ्न होई होय हो ॥ ज० ६५१ ॥ जगत में धर्म बड़ा सुखदाई, धर्म से संकट सब मिट जाय ॥ टेक ॥ अभी तक नहीं आया भीमजी, लाया नहीं कुसुमराय । कहे द्रौपदी चाकर जल्दी, खबर करो महाराय हो ॥ ज० ६५२ ॥ कुटुम्ब साथ ले चले युधिष्ठिर, ढूंढन को वन माहिं । नाले पहाड़ लांघ कर फिर तो, पहुंचे जहां वनराई हो ॥ ज० ६५३ ॥ आगे जाते फिर वहां आई एक सरिता भारी । लांघ सके नहीं उसको सब तो, बोला अर्जुन [illegible] हो ॥ ज० ६५४ ॥ भाई युधिष्ठिर करो न देरी, लो विद्या अजमाई । जिससे परले पार पहुंचें, वचन मानो सुखदाई हो ॥ ज० ६५५ ॥ युधिष्ठिर कहे इस विद्या में नहिं, लेना है कुछ काम । याद करो अब हिडम्बा भाई, करती काम तमाम हो ॥ ज० ६५६ ॥ उसने कहा था याद करे पर, मैं आऊंगी ठीक । कठिन काम को आसान करूंगी, मानो यह तहकीक हो ॥ ज० ६५७ ॥ करते याद हिडम्बा आई, उत्सुक हो तज ठाम । बालक साथ में है उसके फिर, घटोत्कच शुभ नाम हो ॥ ज० ६५८ ॥ युधिष्ठिर कहे हिडम्बा देवी, करो भीम की शोध । नदी पार हमको ले चालो, करो [illegible] हो ॥ ज० ६५९ ॥ लेकर कुटुम्ब को हिडम्बा चाली, विद्या बल के जोर । नदी पार सबको रख दीने, कमल की ठौर हो ॥ ज० ६६० ॥ देख भीम को पहले लाना, [illegible] खुशहाल । दिया फूल द्रौपदी ताई, मिटा सभी जंजाल हो ॥ ज० ६६१ ॥ सासू के पग लागी हिडम्बा, विनय करी विशेष । कुन्ती पोतो हृदय लगा कर, निरख रही अनिमेष हो ॥ ज० ६६२ ॥ भीम-पुत्र को देखो बन्धु, [illegible] । लेकर गोद में बन्धु-पुत्र को, सब ही ने खेलाया हो ॥ ज० ६६३ ॥ राय युधिष्ठिर गोद रमावे, निरख-निरख तनु गात । भीम सरीखा है पुत्र सोभागी, जिससे दीप जात हो ॥ ज० ६६४ ॥ प्रशंसा कर हिडम्बा की [illegible] गई निज धाम । पाण्डव रहे गंधमादन में, सरवर तट अभिराम हो ॥ ज० ६६५ ॥ कमल लेन द्रौपदी ने प्रेरा, भीम गयो सर माहिं । सर से बाहर नहीं निकले भीमजी, [illegible] हो ॥ ज० ६६६ ॥ कहे पुत्र को सुधी लाओ, सर तट पर तुम जाई । देर करो अब जरा न भाई, [illegible] हो ॥ ज० ६६७ ॥

मुझसे सुनो ध्यान धर, कहू सर्व अवदात हो ॥ ज० ६८४। है यथार्थ प्रगट मेरा, हरिणगमेषी नाम । अनुजीवी मैं शक्र इन्द्र का, आयो तुम्हारे काम हो ॥ ज० ६८५ केवल ज्ञान हुआ एक मुनि को, तस महिमा के काज। शक्र इन्द्र जाते हैं वहा पर, सग मे देव समाज हो ॥ ज० ६८६ ॥ तुम ऊपर से होकर निकला, तासे रुका विमान। देखा तुरत जब नीचे तुम को, ठाडी इक चित्त ध्यान हो ॥ ज० ६८७ ॥ अवधि ज्ञान के बल से जाना, पण्डव विरह विचार । मात नार ने कायोत्सर्ग कीना, नौ पद चित्त मे धार हो ॥ ज० ६८८ ॥ भेजा इन्द्र ने यहा पर मुझ को, पाण्डव मेटन पीर । कमल लेन को नारी प्रेरा गयो भीम सरतीर हो ॥ ज० ६८६ ॥ जल क्रीडा करी डुबकी मारी, तोडी कमल की नाल । नागदेव का सरवर था यह, नाग करे रखवाल हो ॥ ज० ६६० ॥ अनुचर नाग के बांधा भीम को, यो पुन भाई चार। य जल्दी बाध पाताल ले गये, जहा पर नागकुमार हो ॥ ज० ६६१ ॥ नागदेव के पास शक्र ने, भेजा मुझे जरूर । जा देखे पाण्डव को मैंन, सकट मे भरपूर हो ॥ ज० ६६२ ॥ नाग-पाश मे बधे हुवे थे, डाल रहे निश्वास। बोल रहे थे देव फिर वे यो, प्राणदण्ड दो खास हो ॥ ज० ६६३ ॥ उसी समय उनके सम्मुख फिर, जा धमका उस वार। इन्द्र हुक्म से मै यहा आया, सुनजो नागकुमार हो ॥ ज० ६६४। तीनों लोक मे जानें इनको, पाण्डव प्रबल जुझार। नागदेव तुम हो यशधारी, इन्द्र खड़े हैं वहार हो ॥ ज० ६६५ ॥ पाण्डव को छोडोगे जब तुम, होगा मार्ग साफ । कुन्ती दुख देखा न्हीं जावे, गुस्ताखी हो माफ हो ॥ ज० ६६६ ॥ सुनकर बातें नागदेव का, हृदय बहु हर्षाया । किये मुक्त बन्धन से तब तो, पाण्डव अति सुख पाया हो ॥ ज० ६६७ ॥ विपनाशक मणि की माला, दीनी नागकुमार । नीलकमल देके पाण्डव का, किया बहु सत्कार हो ॥ ज० ६६८ ॥ वस्त्राभरण देकर बोले, तब रहो हमारे पास। देव कहे इनके रखने से, कुन्ती पावे त्रास हो ॥ ज० ६६६ ॥ करो विदा इस कारण इनको, मत रोको पाताल दीनी सीख नाग ने फिर तो, लायो देव तत्काल हो ॥ ज० १००० ॥ सुर बोला यो सुनो कुंतीजी किया कष्ट का नाश। कुशल-क्षेम मे लाके सोंपे, पुत्र तुम्हारे पास हो

ने धारा, सर्व पाप आलोची। ध्यान धरा नवकार मन्त्र का, खूब ही मन में मोची हो ॥ आ० १८३७ ॥ पिता-वैर सँभाल असि से, माथो लियो उतार। पहुँचा स्वर्ग पाँचवें माहीं, यहा इसका विस्तार हो ॥ आ० १८३८ ॥ विना नेत्र के मुख नहीं शोभे इसी तरह लो जान। द्रोण बिना कौरव की सेना शोभ नहीं लो मान हो ॥ आ० १८३९ ॥ दिन पन्द्रहवें का हुआ आधा, दुर्योधन यों सोचे। द्रोणाचार्य थे मुखिया अपने, जरा नहीं थे पोचे हो ॥ आ० १८४० ॥ मरा द्रोण हर्षा पाण्डव जन अश्वत्थामा गया कोप। जोश खाय बोला वह तम को, करूँ अरिका लोप हो ॥ आ० १८४१ ॥ चढ़ आया सेना लेकर के, संग में शस्त्र लाया। करूँ पाण्डव का नाश जाय के, तो ब्राह्मण का जाय हो ॥ आ० १८४२ ॥ केवल जूँझे अश्वत्थामा वह, छोड बाण करारा। वायु से झडे पान वृक्ष के, त्यों शत्रु सहारा हो ॥ आ० १८४३ ॥ कौन सहे शर अश्वत्थामा का भाद्रव ज्यों वर्षाया। अर्जुन जूँझे सन्मुख उसके, देखी जन घबराया हो ॥ आ० १८४४ ॥ अर्जुन की बाण-बौछार से अरि का चला न जोर। तब तो द्विज क्रोधावेश में हो, बदले नैन के तोर हो ॥ आ० १८४५ ॥ एक ही भस्म करे जगत् ने, ज्यों पावक की ज्वाल। ऐसा नारायणी शस्त्र छोडा, अर्जुन पै तत्काल हो ॥ आ० १८४६ ॥ मानो आग पाताल से निकली, धाँय धाँय कर आई। या बड़वानल उठो निधि से, यों समझे मन माईं हो ॥ आ० १८४७ ॥ श्री कृष्णजी जोर से बोल के सुभटों को जितलावे। बचने की युक्ति से बचकर, अपने प्राण बचावें हो ॥ आ० १८४८ ॥ उसी तरह से सुभटों ने जब, कर लिना वह काम। नारायणी वह शस्त्र फिर तो, निष्फल हुआ तमाम हो ॥ आ० १८४९ ॥ नारायणी शस्त्र हुआ निष्फल, छोड़ा अग्नि का बान। जिससे पाण्डव-सेना बीच में, भभकी आग महान हो ॥ आ० १८५० ॥ वारुण अस्त्र छोडो अर्जुन ने, शान्ति शान्ति वरताई। जोर चला नहीं अश्वत्थामा का, तब वह गया बिखलाई हो ॥ आ० १८५१ ॥ सुरने वाणी करी नभ से, सुनो विप्र चित्तलाई। पहुँच सके नहीं तू अर्जुन को, जिसके हरि हैं, सहाई हो ॥ आ० १८५२ ॥ कालभ्रष्ट ज्यों हुआ चीता,

स्या यम बड़ा पर बास । पहर राय हुआ दिन पूरा शान्ति रक्षक यों बोले हो ॥ भा० १८५३ ॥ अपने अपन आश्रम करे युद्ध बन्द हो पाया । गये निवस्थान सभी सैनिक, पाण्डव-दल हर्षाया हो ॥ भा १८५४ ॥ दिवस साखवें के होत ही दुर्योधन उसपार । गया-सुत को किया सेनापति र शिरोपाव उतार हो ॥ भा० १८५५ ॥ समरांगण में शत्रु-दल का दुःशासन का ध्यान । नाना भाँति क शस्त्र सुभट संग आय युद्ध के स्थान हो ॥ भा० १८५६ ॥ धृष्टद्युम्न और अर्जुन साहसीक युद्ध आरंभा आन । मार-काट' के शब्द सिवा वहाँ दूजा सुन न कान हो ॥ भा० १८५७ ॥ दोनों दल में युद्ध भिड़ा है बाजे सिंधू बाजा । पड़े धड़ा धड़ शिर सुभटों क मानो वृक्ष फल साखा हो ॥ भा० १८५८ ॥ कई सुभटों हाथ बीच है रुधिर भरी तलवार । मानों रण-लक्ष्मी का इसने, पहन लिया सिंगार हो ॥ भा० १८५९ ॥ शिर धड़ फरक क सब हो मानों हर्षोत्कर्ष दिखावें । स्वग माय में देवी इस मेंटें, फूल माल पहनावे हो ॥ भा० १८६० ॥ कयी कई सुभट को मारा शर योग तत्काल । महार विरद का करन कारण प्रगटा प्रलय काल हो ॥ भा १८६१ ॥ दुःशासन तीर चपा सम फक, पाण्डव-सना भाँई । भीम रथ बैठी सम्मुख आया द्रौपदी बात चितलाई ॥ भा १८६२ ॥ गदा मार के रथ को तोड़ा दुःशासन घबराया । भीम न उसका दबाय लिया तब दुःख बदला पाया हो ॥ भा० १८६३ ॥ भीम कहे रे पापी दुष्टा य द्रौपदी का दुःख शाना । यही पाप अब फूटा तेरे कलम्भ का फल लेना हो ॥ भा० १८६४ ॥ ऐसा कही भीम जब मारा पग दे काढ़ प्राण । दोनों हाथ उखाड़ फेंक माखी मूसा जान हो ॥ भा १८६५ ॥ मरके नर्क सातवीं पहुँचा कम उदय बस आया । द्रौपदी पाण्डव सब हर्षाया भीम न वचन निभाया हो ॥ भा० १८६६ ॥ रवि अस्त अब हुआ तब सभा सुभट स्थान सिधाया । दुःशासन के मरन की सुनकर दुर्योधन दुःख पाया हो ॥ भा १८६७ ॥ अब रैन-समय म कौरव-पक्ष क सब सामन्त बुलाया । कसे हाथ जीत आपनी, राय बताओ भाया हो ॥ भा १८६८ ॥ कृष्ण कह सुना

राजन्! मेरी, अर्जुन को लो मार। फिर स्वजीत होने के माहीं, सदेह नहीं लगार हो ॥ आ० १८६९ ॥ शल्य सारथी बने हमारा, तो सिद्ध हो सब काज। शल्य कहे मैं नृप का सुत हूं, कैसे बनूं महाराज हो ॥आ० १८७० ॥ हस काग नहीं होय बराबर, गधा कहां तुखार। दुर्योधन कहे मित्र के नाते, बात करो स्वीकार हो ॥ आ० १८७१ ॥ स्वामी-वचन है शिर आंखो पर, सारथी बनूं इसवार। शल्य कहे एक मेरी बात भी, आप करो इकरार हो ॥ आ० १८७२ ॥ रण मे कहूं आप सो खमजो, मत करजो अपमान। जब राधा-सुत ने सुहर्ष से, करी बात प्रमान हो ॥ आ० १८७३ ॥ कर्ण कहे दुर्योधन राय से, अर्जुन लूगा मार। नहीं तो जीवित ही आग्न मे प्राण करूं सहार हो ॥आ० १८७४॥ इतना कह कर डेरे पहुंचे, रन करन को पूरी। गुरु प्रसादे चौथमल कहे, है बात अभी अधूरी हो ॥आ० १८७५॥ दिन सतरहवे कर्ण भूप ने, शल्य को ले कर साथ। शस्त्र अस्त्र धारन कर आया, बनने को वह नाथ हो ॥आ० १८७६॥ होन लगा है युद्ध जोर का चले तीर तरवार। धूल उड़ कर छाया अंधेरा, तो भी न माने लगार हो ॥आ० १८७७॥ चमके शस्त्र अंधेरे मांही, ज्यों बिज्जू झमकार। एक दूसरे पर मारे खजर की, करे न कुछ भी वार हो ॥ आ० १८७८ ॥ घायल होके पडे भूमि पर, तो भी जोश भरपूर। फिर भी अरि को मारन धावे, वर्षे मुख पर नूर हो ॥ आ० १८७९ ॥ अर्जुन! अर्जुन! मुख से बोलता, दौड़ा कर्ण सरोप। शल्य कहे थे सुनो कर्णजी, तुझ मे है यही दोष हो ॥आ० १८८०॥ किंचित् समझ नहा तुझ मांहीं, मारू अर्जुन आज। नहीं तो मरूं आग मे गिरके, प्रण करा किस काज हो ॥ आ० १८८१ ॥ गऊएं चोरने के मौके पर, अर्जुन तुम्हे भगाया। चित्रागद बाधा जब शर मे, तब थे मुंह छिपाया हो ॥ आ० १८८२ ॥ बाधे दुर्योधनादि भ्रात को, मारन ही के काज। अर्जुन आय छुडाया तुम को, क्या रखते हो नाज हो ॥ आ० १८८३ ॥ कौन अर्जुन है मेरे सामने, मत शल्य ऐसा बोल। ऐसा कही धनुष्य चढ़ा के, शर फेके दिल खोल हो ॥ आ० १८८४ ॥ हनता हुआ अनेक सुभटो को, वह योद्धा सरदार। 'अर्जुन किधर? किधर?' यो कहता, देखे

निगाह पसार हो ॥ भा० १८८२ ॥ अर्जुन के हैं हरि सारथी, बैठा रथ सो एक। कर्ण मनी मग्गूम वह माया वेर करो नहीं
मक हो ॥ भा० १८८६ ॥ अब युधिष्ठिर आया सामने सुत हुआ अप्राम। धर्मपुत्र के शरीर में खून निकला फटक धाम हो
॥ भा० १८८७ ॥ हरि कह तुम अब भाग का बींधा सारा शरीर। फिर भी कानों पे नहीं रेंकती, जूँ
तरे सुधार हो ॥ भा० १८८८ ॥ इससे तो कुन्ती के सुवा तूं अम्मती तो ही ठीक। आमात आके करत सहायता दिखाके
अपना पाक हो ॥ भा० १८८९ ॥ तबता सारा चढ़ा अर्जुन का मिला कर्ण में आन। धनुष्य चढ़ा टंकार करा के आड़े सना
सन बान हो ॥ भा० १८९० ॥ धर्म पुत्र का क्रोध कर्ण में, अर्जुन से कीना युद्ध। शस्त्र शस्त्र से वचन वचन से चढ़ा आर फा
युद्ध हो ॥ भा० ८९१ ॥ कर्ण को अर्जुन ! थे कानों धनुर्वेद अभ्यास। प्राप्त-शिक्षा उपाध्य होने का आज होगा प्रकाश हो
॥ भा० १८९२ ॥ कर्ण चलाके बाण बहुत में, कीयो मार संघार। रथ सारथी निशान सभी का, छेद दिये विचार हो ॥ भा०
१८९३ ॥ अर्जुन-शर सूरज-किरण सम, करता सुरस प्रकाश धूम्र समान उन कर्ण बाणों का छिन में कीना विनाश हो
॥ भा० १८९४ ॥ अर्जुन का मारन जिस कर्ण ने अहि-राय चलाया। फुत्कार करता नागक सदृश मानों दशका धाया हो
॥ भा० १८९५ ॥ गरुड़-अस्त्रों का अर्जुन भट्टी में, फेंक अरिके सम्मुख। क्षणत ही भुजग सप भाग व्यापा नहीं कोई दुःख
हो ॥ भा० १८९६ ॥ पश्चाताप हुआ बहुतेरा, कर्ण को उस बार। जो शक्ति-हथियार मुझ पासे, एक ही था प्रकार हो ॥ भा०
॥ १८९७ ॥ उस शक्ति का एक दम मैंने घटोत्कच पर डाली। जिसकर हो गया खाली हाथ यों, करनी अब क्या चाली हो
॥ भा० १८९८ नहीं था मारता आज अर्जुन को आराबर बलधारी। रथ सारथी उल्टा अब यह, मन में कर विचारी हो
॥ भा० १८९९ ॥ दोनों परस्पर जूझे मारो सुर देखन को आया। सिंह-नाद सम करें गर्जना घोर युद्ध मचाया हो ॥ भा० १९००॥
पार्थी, गज, सुभट वहाँ सारे त्रासें युद्ध को देख। मध्य सहित सबों आन भिड़े भट देखें अनिमष हो ॥ भा० १९०१ ॥

कृष्ण, शल्य दोनो सारथी, रथ फेरें चहुं मेर । दोनो के दल उभय पार्श्व मे, मार किया जहां ढेर हो ॥ आ० १६०२ ॥ कर्णिर मिश्रित कर्दम अधिक है, कर्ण रथ तस ठौड । नाभी तक गड़ा भूमि में रुक, गया करता दौड हो ॥ आ० १६०३ ॥ अश्वों को वहां खुब चलाया, शल्य ने देकर जोर । गडा हुआ रथ नहीं निकला तब, चिंता हुई उस ओर हो ॥ आ० १६०४ ॥ कर्ण कहे, सुनो तुम अर्जुन, क्षत्रिय-धर्म विचार । रथ नहीं निकले वहा तक, तीर खेंच मत मार हो ॥ आ० १६०५ ॥ दीन-वचन या मुख से बोलते, शल्य कहे उस ठोड़ । शत्रु को यों बोल के तुमने, खोदी अपनी मरोड हो ॥ आ० १६०६ ॥ प्राण जाय पर वैरी सामने, सूर न भाषे दीन । टले न टाली भवितव्यता की, देखो मेष या मीन हो ॥ आ० १६०७ ॥ दुर्योधन ने नहीं सोच कर, मुझको सारथी कीना । सिंह को भेज शृगाल के सगमे, गजब यह कर दीना हो ॥ आ० १६०८ ॥ साहसिक हो युद्ध करो तुम, मरने का तज कर सोच । शूर मरे पर दीन वदे नहीं, करे नहीं सकोच हो ॥ आ० १६०६ ॥ भांति भाति करके समझाया मत कायरता लाय । पौरुष चढ़ा धुजा दे धरनी, मूछा वन्ट लगाय हो ॥ आ० १६१० ॥ कृष्ण कहे तब राधा-सुत ने, तू कहे क्षत्रिय धर्म । अहिवन मे मारा बालक को, कहां गया क्षत्रिय-कर्म हो ॥ आ० १६११ ॥ वह एकाकी तुम मिल मारे, किया शस्त्र-प्रहार । क्षत्रिय धर्म रहा कहा तेरा, दिल मे सोच गवार हो ॥ आ० १६१२ ॥ स्वय चले नहीं न्याय-पथ मे, शिक्षा अन्य को देवे । ऐसी बात करी चरितार्थ, जरा शर्म नहीं लेवे हो ॥ आ० १६१३ ॥ समय देखकर कहे हरीजी, सुन अर्जुन मुझ बात । तेरे सुत को मारा इसने, ले वैर कर घात हो ॥ आ० १६१४ ॥ मौका देख हने न वैरी को, वह पीछे पछतावे । हरि की बात सुणी ने कोपी, अर्जुन धनुष्य उठावे हो ॥ आ० १६१५ ॥ चन्द्रबाण से शिर को छेदा, उछल पडा आकाश राहु-सम मस्तक को जान के, अस्त हुआ रवि खास हो ॥ आ० १६१६ ॥ सांज होन पर युद्ध वन्द कीना, गये सुभट निज स्थान । शल्य भूपने दुर्योधन पां, कही बात सब आन हो ॥ आ० १६१७ ॥ कर्ण कानो से कुण्डल लेके, अर्जुनजी उस वार । ताके माता पास रख दीना,

माता देख जिघार हो ॥ धा० १५१८ ॥ भवि भाक्रंद कर कुन्ती रोवे, कहे युधिष्ठिर वैन । हर्ष-स्थान पर दुख क्यों हुआ, मतु बरसे नैन हा ॥ धा० १५१९ ॥ तब कुन्ती कहे निज पुत्रों को कर्ण-जन्म की बात । माता-मुख से सुनी हकीकत विस्मित हो गये भाव हो ॥ धा० १५२० ॥ मधुसूदन को भी मालूम, तब उनने सब सुनाई । अर्जुन कहे तुम मनुज हुआ यों पहले खबर नहीं पाई हो ॥ धा० १५२१ ॥ प्रथम क्यों नहीं कही मात में बात भ्रात की सारी । लागी हत्या या बन्धु की, जिसका दुख है भारी हो ॥ धा० १५२२ ॥ हरी कहे हस्तिनापुर जावे, मूषा कही थी बात । सो मैं कर्ण को सर्व सुनाई कुन्ती थारी मात हो ॥ धा० १५२३ ॥ पाण्डव से हिल मिल के रहो तुम, दुर्योधन को छोड़ । विषभक्ष्य तुम्ह सा होके मत तू बन्धु से रख राड़ हो ॥ धा० १५२४ ॥ इत्यादि कही बहुत समझायो नहीं भाई उस दाय । दुर्योधन है मित्र हमारो, ऐसा बोला वाय हो ॥ धा० १५२५ ॥ पाण्डव को शत्रु सम जानूं, बोला कोरा मराई । अब मैंने भी समझा कर्ण को है यह बड़ा अन्याई हो ॥ धा० १५२६ ॥ मारते या भगर मारते इसे न क्षत्रिय-धर्म । ऐसी काज सभी पछताओ छोड़ो मिथ्या भर्म हो ॥ धा० १५२७ ॥ प्रत किया कीधी मिल पांडव, इतने प्रगटे देव । वे कहें भमुधर नागदेव क सेवा करें नित नेम हो ॥ धा० १५२८ ॥ कमल लेन को भाये ब;अन,पकड़ लिये सब ताई । हरवागमेषी भाया तब तब, छोड़ नाग दर्याई हो ॥ धा० १५२९ ॥ उसी समय इक वर दियो था तुम को नाग कुमार । कष्ट पड़म पै होंगे सहाई, यों भाया इसवार हो ॥ धा० १५३० ॥ रथ कर्ण का हमने गाड़ा तुम स देव विचार । मात होत ही शत्रु सब के लीजो राज भीकार हो ॥ धा० १५३१ ॥ हर्षे पाण्डव हृदय बीच में, करी देवता भीर । कर्ण-मृत्यु सुन के दुर्योधन हुआ बहुत दिलगीर हा ॥ धा० १५३२ ॥ 'कर्ण कथ' यों सपे आप मुख, बीच बड़ा दुख पाय । अश्वत्थामा कहे धैर्य धरो जरा चैन की बंसी बजावे हो ॥ धा० १५३३ ॥ करें युद्ध मात मिल सार पाण्डव पांचों मारें । शल्य को बना सेनापति अपना, सारा काज सुधारें हो ॥ धा० १५३४ ॥ प्रसन्न

हुआ दुर्योधन सुन के, जैसे रमको घास। काटे बाद मिले जो पानी, फिर पामे उल्लास हो ॥ आ० १६३५ ॥ दिवस अठारवां उदय हुआ जब, शल्य सेनापति थाप। दुर्योधन रथ बैठ सैन्य ले, आया रण-थल आप हो ॥ आ० १६३६ ॥ कृपाचार्य, कृत-वर्मा आदि सब, अश्वत्थामा ले साथ। मुख से कहता पाण्डव से, यो, आज दिखाओ हाथ हो ॥ आ० १६३७॥ राय युधिष्ठिर सज धज कर, ले भाई परिवार। रथारूढ हो रणभूमि में, आया सैन्य ले लार हो ॥ आ० १६३८॥ जूझे सुभट परस्पर दोनो, आगे पांव बढ़ावे। शस्त्र से शस्त्र को छेद के, भूमि खूब धुजावे हो ॥ आ० १६३९ ॥ भिड़ता हुआ नकुल को देखा, करता शत्रु-सहार। शल्य आय के सन्मुख जूझे, बाजे के झनकार हो ॥ आ० १६४० ॥ चले तीर भाला गुरज जहां, पड़ें खड्ग प्रहारो। वायु-वेग से खिरे जाम्बु ज्यों, टूटे शिर हजारो हो ॥ आ० १६४१ ॥ शल्य ने पाण्डव की सेना को, करके जोर हटाई। सेना मुड़ती देख हरि ने, पाण्डव को जितलाई हो ॥ आ० १६४२ ॥ धर्मपुत्र तू देख रहा क्या ? शल्य को जल्दी मार। उत्तराकुमर का वैर लेय के, मिटे सभी तकरार हो ॥ आ० १६४३ ॥ करी प्रतिज्ञा धर्मपुत्र ने, दोय पहर के माईं। शल्य राय ने निश्चय मारूँ, जीवित छोड़ूँ नाई हो ॥ आ० १६४४॥ करें युद्ध अब शल्य युधिष्ठिर, दोनों वीर सरदार। कायर देख थरथर कपावे, चले शस्त्र प्रहार हो ॥ आ० १६४५ ॥ टूट-टूट के पड़े सुभट वहां, कई भागे ले प्रान। रुधिर-नदी मे तड़प रहे हैं, कमजल मच्छी जान हो ॥ आ० १६४६ ॥ शल्य की मदद करन हित आये, कई कौरव के राय। अर्जुन भी वहां आया दौड़ के, शत्रु दिये गिराय हो ॥ आ० १६४७ ॥ शक्ति-बाण को ऐसा मारा, हने शल्य के प्रान। जीत हुई युधिष्ठिर नृप की, दिन आया मध्यान हो ॥ आ० १६४८ ॥ दुर्योधन सुन शल्य मृत्यु की, क्रोध जोर का छाया। भिड़ा आय पाण्डव-सेना से, घन ज्यों शर वर्षाया हो ॥ आ० १६४९ ॥ शकुन भूप ने कर कपटाई, सहदेव लिया घेर। घड़ी एक सग्राम करा है, दोनों ने मिल फेर हो ॥ आ० १६५० ॥ छेदे बाण से बाण उभय मिल, फेर के रथ चहु मेर। तीखे-शर शकुनी को मारा, किया उसी का ढेर हो ॥ आ० १६५१ ॥ तब दुर्यो-

घन भाग गया रे, छिपा सरोवर मांय। सेना उसकी खूट रही है, अपने नायक साथ हो॥ भा० १५५२॥ पाण्डव आवें दुर्योधन को बलधर कोई वहां माय। दुर्योधन गया पैस सरोवर, दीनी खबर सुनाय हो॥ भा० १५५३॥ अब पांडव का दल अक्षोहिणी एक रहा अवशेष। छ' अक्षोहिणी रणखेत रही सब सो भी बल विशेष हो॥भा० १५५४॥ पाण्डव मिल के उस सरवर को चहु दिशि कीना घेर। रे कायर! तें युद्ध को छोड़ी क्यों पैसा इसमें फेर हो॥ भा० १५५५॥ शूरो नहीं वध रण में पीठ दे सन्मुख आ जूंझे॥ टेक॥ कौरव वंश के कलंक लगाया धिक् दुर्योधन पापी। कायर बनी शरणा लिया सर का, लाजी कीर्ति कापी हो॥ शू० १५५६॥ निकल बाहर तू क्या छुपे अब, भाग्या सरोवर तीर। नहीं तो अस्त्र-शोषण-विधि से शोषूं सघला नीर हो॥ शू० १५५७॥ तृण-सम गिनता सारे जगत् को करता खूब अहंकार। औरों को कुछ नहीं समझता वह गर्व कहां इस बार हो॥ शू० १५५८॥ यदि मरने से डरता था तो क्यों नहीं कीना मेल। शूरवीरता कहां गई वह भगकर हुआ तू फैल हो॥ शू० १५५९॥ पांच ग्राम पाण्डव को दे यों श्रीकृष्ण ने समझाया। लोभ-ग्रसित होकर नहीं दीना अब क्या तो घबराया हो॥ शू० १५६०॥ मधुसूदन का वचन न माना सो तें भला न कीधो। इसका फल पाया यह तैने जल शरणों में लीधा हो॥ शू० १५६१॥ निकल नीर से झटपट तू अब, आजा रण के स्थान। छिपा रहेगा कहां तक तू यहां है तेरा अपमान हो॥ शू० १५६२॥ करे न युद्ध तू सब के संग में कर ले बन्धु साथ। जो इतना मंजूर होय तो देखें सब तुम हाथ हो॥ शू० १५६३॥ धर्मपुत्र का वचन सुणी ने, निकल नीर से आया। गदा युद्ध में करूँ भीम संग सब के मन में भाया हो॥ शू० १५६४॥ लेके गदा दोनों ने हाथ में आ भिड़ गये उस बार। हाकाहाक करें जोर से, देखें सब नरनार हो॥ शू० १५६५॥ उभय हरि हलधर वहां देखें, सिंहनाद मुख करता। कूद उछल कर धरती धुजावे मल्ल ज्यों अरथी करता हो॥ शू० १५६६॥ फेर सँभारी दुर्योधन ने तान भीम के मारी। लगी चोट शिर पर गदा की, स्याई मूर्च्छा

भारी हो ॥शू० १६६७॥ सचेत होय के दुर्योधन के, हृदय गदा फटकारी। क्षण पीड़ को सहन करीने, फिर भीम के मारी हो ॥शू० १६६८ ॥ नैन मिचे भीम हुआ मूर्छित, पांडव ऐसा पुकारे। प्यारे भ्रात भीम जैसे को,मारा इस हत्यारे हो ॥शू० १६६९॥ अर्जुन कहे जब यादुपति से, बात हुई अनजानी। दिन सतरह जीते युद्ध मे, गोपद नाव डुबानी हो ॥ शू० १६७० ॥ मधुसूदन अब कहे अर्जुन को, सुनो हमारी वानी। छल की बात भीम यदि जाने, होवे तब मन मानी हो ॥ शू० १६७१ ॥ जाघ बीच गदा की मारे, दुर्योधन मरजाय। भीम बात सुनी उठ बैठा, लीनी गदा सहाय हो ॥ शू० १६७२ ॥ कभी बगुला ज्यों दोनों भमता, कभी दादुर-गति धारे। हार जीत दोनों की नाहीं, दुनिया खड़ी पुकारे हो ॥ शू० १६७३ ॥ मारी गदा की दुर्योधन-शिर, दूजी दीनी जांघ। लगी चोट तस गुप्त-स्थान मे, गया कुभ ज्यो भाघ हो ॥ शू० १६७४ ॥ मूर्छा खाय पड़ा दुर्योधन, होगया मृत्यु समान। देखी कौरव-दिल बिलखाया, पाण्डव हर्ष महान हो ॥ शू० १६७५ ॥ फिर भीम दुर्योधन के शिर, पग से ठोकर मारी। देखी दृश्य बलभद्रजी को, छाया कोप जीवारी हो ॥ शू० १६७६ ॥ बलभद्र कहे मूर्ख भीम क्यों, मरे हुवे को मारे। इतना कहके युद्ध-स्थान से, अपने स्थान सिधारे हो ॥ शू० १६७७ ॥ इधर रवि भी अस्त हुआ है,शासन निशा जमाया। पाण्डव को ले आप हरीजी, बीच छावनी आया हो ॥ शू० १६७८ ॥ धृष्टद्युम्न ने शिखण्डी को, रक्षक वहा बनाया। फिर पाण्डव हरी के साथे, वहां से आप सिधाया हो। शू०१६७९॥ उरू-भंग स अब दुर्योधन, रहा दुःख वह पाड। उसी समय अश्वत्थामा, कृपा,-कृतवर्मा बोला आई हो ॥ शू० १६८० ॥ दुर्योधन राजाजी ! आपको, हैं लाखो धन्यवाद। नमे नहीं शत्रु को आकर, होय रहा यश-नाद हो ॥ शू० १६८१ ॥ लावे काट पाण्डव के शिर हम, युद्ध करी इस वार। सच्चे सेवक तभी तुम्हारे, देर न करें लगार हो ॥ शू० १६८२ ॥ दुर्योधन सुन भूली वेदना, बोला धीरे वानी। शीघ्र जाय पाण्डव शिर लाओ, कृपा कर गुण खानी हो ॥ शू० १६८३ ॥ क्योंकि मित्रो ! अब हमारे, प्राण बहुत सी वार। नहीं रहना चाहते

इस वन म, निश्चय सोजो विचार हो ॥ शू० ११८४ ॥ तब अश्वत्थामा, कृतवर्मा और कृपाचार्य सब सार । स लार कर धाया जब बोला पाण्डव-सैन्य मंझार हो ॥ शू० ११८५ ॥ जब धृष्टद्युम्न शिखण्डी आये निज २ ले हथियार । किया सामना इन दुष्टों का, लगी बहुत सी वार हा ॥ शू० ॥ ११८६ ॥ बाप का बदला लेन विप्र के, मन म पूरी आंट । धृष्टद्युम्न शिखण्डी का यहां किया शीश अब काट हो ॥ शू० ११८७ तदन्तर पांचाल जाग्या सा, करा युद्ध उस बार । कौरव-सुभट सभी संहारे शानिषम् लागी सार हो ॥ शू० ११८८ ॥ जब विप्र कोप कीश्च बाणों स, पांचों को लिया मार ॥ अश्वत्थामा कृपाचार्य, हर्षित हुए अपार हो ॥ शू० ११८९ ॥ पांचालों के शिर तीनों ल आये दुर्योधन पास । लाय शिर पाण्डव के ऐसा, करा यहां प्रकास हो ॥ ११९ ॥ दुर्योधन सुन वचन इन्हों का, खुशी हुआ मन माइ । इस दृष्टि पसार तब बोला यह क्या कीना भाई हो ॥ शू० ११९१ ॥ व शीश पाण्डव क नहीं हैं बूझे क सा भान । यह तुम म कहां बने अरिका शीश दिया भी मान हो ॥ शू० ११९२ ॥ पांचालों के शिर तुम लाये, किया बहुत तिरस्कार । मरा कार्य करा नहीं तुमने, हंगा लाम्ब धिक्कार हो ॥ शू० ११९३ ॥ छोड़ प्राण क्षेम बीच हाक, उपना सातवीं नर्क । तैंतीस सागर स्थिति दुर्योधन, भोग वहां बिन तर्क हो ॥ शू ११९४ ॥ दुर्योधन राजा के मरते हो गया अवसर भंग । सभी साथ कौरव का बिखरा बिगड़ गया सब ढंग हो ॥शू० ११९५॥ सज्जनजन कह माइ मरा है यह दुर्योधन हठी । मुखिया मरते ही फिर यहां पर सारी गोठ विघट्टी हो ॥ शू० ११९६ ॥ पाण्डव आय बलभद्र मना के, डर संग में लाया । पांचालादिक की बात सुणी न, पाण्डव रुदन मचाया हो ॥ शू० ११९७ ॥ पाण्डव रोते देख धैय द श्रीकृष्ण समझावें । दुःख करे से क्या होना है ? मर न पीछे आवें हो ॥ शू ११९८ ॥ रोती नीठ द्रौपदी राखी, इन सब की कर बात । होनहार टलती नहीं हरगिज जाको विलापात हो ॥ शू० ११९९ ॥ महाभारत यह पूर्ण हुआ है हुई पाण्डव की जीत । ऐसी जाण नीति पर रीझा पामोग सुख मीत हो ॥ शू० ॥ २० ० ॥ हरि

पाण्डव मिल धृतराष्ट्र पा, बोले इस विधि आन। मत करना तुम दु'ख पुत्रो का, सुनो बात धर ध्यान हो ॥ शू० २००१ ॥ ऐसी सोच
अस्थिर यौवन वय सपदा, अस्थिर पुत्र परिवार। ज्ञान-दृष्टि लगा के देखो, है मिथ्या ससार हो ॥ शू० २००२ ॥ ऐसी सोच
के दु'ख विसारो, होनी हो सो होय। यह पांचों ही पाण्डव तुम्हारे, विनयवत सुत जोय हो ॥ शू० २००३ ॥ था अभिमानी
दुर्योधन नृप, बात तानिक नहीं मानी। वृद्ध-पुरुष का वचन सुना नहीं, तासे हुई तस हानी हो ॥ शू० २००४ ॥ यो उपदेश देय
नृप को, त्यो गांधारी नारी। शोक निवारा तब सबही ने, हरि-वचन को धारी हो। शू० २००५ ॥ गाधारी आदिक सब
राणिया, मिल चाली रण ठोड। कृष्ण पाण्डव भी आये वहां पर, धृतराष्ट्र ने छोड़ हो। शू० २००६। दुर्योधन को पडा देखने
करा आक्रन्द पुकार। क्यो सोया तू वत्स! उठ अब, हमको कौन आधार हो ॥ शू० २००७ ॥ विलापात करती देखी ने, झुरे
पाण्डव तिस वार। भानुमती शिर कूट के रोवे, दीन वचन उचार हो ॥ शू० २००८ ॥ जयद्रथ-मृतक निहार दुशल्या, रोई दे
पोंकार। रोने की सुनके रोए सब, पशु पक्षी नर नार हो ॥ शू० २००९ ॥ राय युधिष्ठिर तत्क्षण बोले, रोती रोकी बाल। मरे हुवे पीछे
नही आवें, कौन भरोसा काल हो॥शू०२०१०॥ तीर्थंकर गणधर मुनि जग में, सुर सुरेन्द्र नर जात। करा संहार काल ने सब को, औरो
की क्या बात हो॥शू०२०११॥ अब नदी सरस्वती के तट ऊपर, अर्जुन विद्याधार। अग्नि-अस्त्र प्रभाव करीने, सबका किया सस्कार हो
॥शू०२०१२॥ राय युधिष्ठिर भी वहा आया, मिली सब परिवार। उर्द्ध-देही कीजे क्रिया जब, सब कीनी तिसवार हो॥शू० २०१३॥
गांधारी प्रमुख पहुॅची घर, सारा शोक मिटाया। घर-घर रंग वधावा गावें, घर-घर आनन्द छाया हो ॥ शू० २०१४ ॥
कृष्णादिक सब साथ लेय के, आया युधिष्ठिर भूप। विजयकारी है सैना सग मे, शोभा बनी अनूप हो ॥ शू० २०१५ ॥
घर-घर तोरण ध्वजा बॅधाया, हस्तिनापुर शृगारा। कुंकुम का थापा दे दीना, स्वस्तिक किया दुबारा हो ॥ शू० २०१६ ॥
मस्तक मुकुट काना युग कुडल, रत्नों के गले हार। गजारूढ हो गये युधिष्ठिर, सजधज के उस वार हो ॥ शू० २०१७ ॥

हरि हलधर प्रद्युम्नकुमर और साम्ब नेमी है पास। कई हाथी कई घोड़े पाड़िया भीम प्रमुख पञ्चास हो ॥ शृ० २०१८ ॥ मगल गाव मिली गोरड़ी, बैठी गवाक्ष मंझार। आई सवारी शहर बीच में, बाजा क झनकार हो ॥ शृ० २०१६ ॥ चंवर बीजसा छत्र सोहता, राय युधिष्ठिर आवे। भीष्म प्रमुख करें भेंटणा सुहागन कलश बधाव हो ॥ शृ० २०२० ॥ सौम्य नजर से निरख सब को प्रजा का बतलावे। मणि–माणक–मोती बहुत से, थाल भरीने लावे हो ॥ शृ० २०२१ ॥ करें पुष्प की वर्षा ऊपर, बाज जीत नगारा। बन्दीजन यश गा रहे हैं, देवें दान हिलकारा हो ॥ शृ० २०२२ ॥ राज भवन में आये थाल के मोती चौक पुराया। नृप सिंहासन आरूढ़ हुवे जब, इन्द्र सम दर्शाया हो ॥ शृ० २०२३ ॥ कुंकुम तिलक करा हरि ने, हय गय द्रव्य बहु दीना। हरि सहायक हैं पाण्डव के, पुण्य फल यह लीना हो ॥ शृ० २०२४ ॥ आवें भेंटणा दशों दिशि से हय गय पुन शस्तर। नग जड़िया भूषण कई भांति, जरिकस के वस्तर हो ॥ शृ० २०२५ ॥ पांडु कुंती पिता–मात पर, जैसा नृप का प्रम। गांधारी और धृतराष्ट्र पर स्नेह साचवे तेम हो ॥ शृ० २०२६ ॥ हरि हलधर आदि को जिमावे, भाजन नाना भांत। दिन-दिन सेवा करें अनूपम रहे दिन रात हो ॥ शृ० २०२७ ॥ कुछ दिन ठहर कर यादव वहां स सीख मांग फिर जावें। दोय म नक्ष पहुँचा के पांडव, प्रेम धना घर आय हो ॥ शृ० २ २८ ॥ नृप विनवे यों दुःश्मसन से, छूटा वैभव समाज। ऐसी ज्ञान क सारा देश स मेटा अपमन महा राम हो ॥ शृ० २ २६ ॥ जो थे संग में और राजवी, दई शिरपाव उन तांय। कर स मान विदा किया उनको, कुशल निज घर जाय हो ॥ शृ० २ ३० ॥ राजा चित्रांगद प्रमुख सभी को विद्याधर परिवार। दे सम्मान विदा किया उनकों, आया निज घर द्वार हो ॥ शृ० २०३१ ॥ दया मांहि नृप पड़ह फिरायो, रोके नहीं शिकार। देवे सुख ही दान हाथ से, घर घर सत्कार हो ॥ शृ० २०३१ ॥ गउ–बरस वत् प्रजा पाले ले सब की आशीष। पाण्डव रहें सदा आनंद में हस्तिनापुर के धीश हो ॥ शृ० २०३३ ॥ अभिमन्यु की उत्तरा रानी, जाया सुन्दर नन्द। नाम परीक्षित उसका दीना, माना परमानन्द हो ॥ शृ० २ ३४ ॥ एक दिन नृप युधिष्ठिर पास मुनि

दर्शन हित चाले । हुवे गांगेयजी दीक्षित त्यागी, तन मन अर्प को गाले हो ॥ गु० २०३५ ॥ सब मिल के चालो दर्शन करवाने मुनिराज का ॥ टेक ॥ निज परिवार को संग में लेकर, कुरुक्षेत्र में आया । इस बात की होगे प्राप्ति, मुनि की संगत पाया हो ॥ सं० २०३६ ॥ हैं गांगेय मुनि गुण सागर, करता आत्म-ध्यान । शम, दम, क्षमा को धारे हृदय में, हैं शुद्ध क्रियावान हो ॥ सं० २०३७ ॥ तीन प्रदक्षिणा करी आन के, वंदे शीश नमाय । राउसी देवसी सुख साता यों, पूछे गुरु के तांई हो ॥ सं० २०३८ ॥ दया धर्म की कही मुनि जय, पाण्डव हुवे खुशहाल । उचित स्थान बैठ के बोले, आज हुवे निहाल हो ॥ सं० २०३९ ॥ अब साधु दे धर्म-देशना, यह संसार असार । नर जन्म को लाहो ले लो, होय सफल अवतार हो ॥ सं० २०४० ॥ ऐसा जन्म नर भव पाकर, जो न करे निज धर्म । वह डूबे भव-समुद्र बीच में, बांधे चीकने कर्म हो ॥ सं० २०४१ ॥ बिन धर्म करे से निष्फल जाता है, नर भव देख लो ॥ टेक ॥ अर्थ, काम की जो है देशना, सो समझो ससार । देवे देशना धर्म-मोक्ष की, भव जल तारण हार हो ॥ वि० २०४२ ॥ दान, शील और तप-भावना, यही धर्म का अंग । सद्भावों से करे आराधना, मिटे पाप का संग हो ॥ वि० २०४३ ॥ अभयदान और ज्ञान-दान है, तीजा सुपात्र दान । जो कोई देवे शुद्ध भाव से, हो उसका कल्याण हो ॥ वि० २०४४ ॥ शील धर्म है दो प्रकार का, सागारी अनगार । द्वादश व्रत है सागारी का, महाव्रत ले अनगार हो ॥ वि० २०४५ ॥ बाह्य अभ्यन्तर दो तरह का, तप युधिष्ठिर जान । बाह्य तप से लब्धि होवे, अभ्यन्तर केवल ज्ञान हो ॥ वि० २०४६ ॥ दान शील और तप बीच में, भाव धर्म प्रधान । भावों से ही मिले मोक्ष फिर, होता सिद्ध भगवान हो ॥ वि० २०४७ ॥ भांति भांति करके समझाया, खूब किया उपदेश । साधु-वचन जो धारे हृदय में, करे न नर्क प्रवेश हो ॥ वि० २०४८ ॥ जब पाण्डव कर जोड़ बीनवे, किये मनुष्य संहार । कूड़ कपट कर पाप कमाया, हो कैसे निस्तार हो ॥ वि० २०४९ ॥ धन्य धन्य हो तुम वैरागी, मोह के फन्द को छोड़ा । युद्ध बीच में ज्ञान पाय कर, कर्मों का बन्ध तोड़ा हो ॥ वि० २०५० ॥ भद्रगुप्त नामा आचा-

रत्न उसी समय के मांय। मुनि गांगय स ऐस बोले धम में ध्यान लगाय हो ॥ चि० २०५१ ॥ अल्पायुष्य है मेरा भद्र ! रत्न त्रय आराधो। क्षमत क्षमापना करके सब से आतम-अरज साधो हो ॥ चि० २ ५२ ॥ विजयमुत् गांगेय उठके करा गुरु के पांव। सल्लेखणा की आज्ञा मांगी विशुद्ध भाव को लाय हा ॥ चि० २०५३ ॥ प्रथम ईर्यावही प्रतिक्रमी, तीनों करण फिर सोच। ज्ञान दर्शन चारित्र का फिर, अतिचार आलोच हा ॥ चि० २०५४ ॥ द्वादश भेदे करी तपस्या,टाली मे अतिचार। अष्टादश पापों के तांई, आलोचा इसवार हो ॥ चि० २०५५ ॥ हिंसा करी युद्ध के अन्दर, सब्या विषय कषाय। राग द्वेष सारा आलोऊं, मित्र-भावना लाय हो ॥ चि० २०५६ ॥सुकृत का मैं करू अनुमोदन दुष्कृत को परिहार। चारों शरणा होना मर,भव जल तारण हार हो ॥ चि २०५७ ॥ चारों आहार को त्याग दिया है अनशन व्रत लिया धार। पुनः चारित्र को धार लिया है, महाव्रत चार प्रकार हो ॥ चि० २०५८ ॥ तब पाण्डव आ पड़े चरण में, अहो गुणनिधी अगाध। अर्जुन कहे मैं मार वीर सो माफ करो अपराध हो ॥ चि० २०५९ ॥ गुरु-वाणी में बींध आप को अनर्थ किया अपार। किया कर्म बिना विचारा इसका मुझे धिकार हा ॥ चि० २ ६० ॥ बार बार अपराध खमाकर चरणों शीश नमाया। शम, दम गुणकर युक्त मुनिवर, राग द्वेष नहीं लाया हो ॥ चि० २ ६१ ॥ एक वर्ष चारित्र पाला संथारा एक मास। द्वादशवें देवलोक जाय के किया आपने वास हो ॥ चि० ॥ २ ६२ ॥ चन्दन काष्ठ की चिता बनाके मुनि किया संस्कार। पाण्डव कुरु मान के आया हस्तिनापुर मंझार हो ॥ चि० २०६३ ॥ अब पाण्डव रहे सदा मोद स धर्म नीति चितलाइ। गुरु प्रसादे कहे चौथमल, अगाडी पूर्व पुण्याई हो ॥ चि० २ ६४ ॥

द्रौपदी हरण

अरिष्टनेम भगवान को, वन्दू मन वच काय । कथा द्रौपदी-हरण की, सुनजो ध्यान लगाय ॥ १ ॥

शियल शुद्ध पाला संकट बीच में, महासती द्रौपदी ॥ टेर ॥ करें राज्य हस्तिनापुर मांहे युधिष्ठिर महाराज । सज्जन और परजन के सांग, आप सुधारें काज हो ॥ शि० १ । गगन-पथ से नारद आया, नाना देश विदेश । पाण्डव-राय के महल बीच मे, किया आन प्रवेश ॥ शि० २ ॥ पाचों पाण्डव, मात, तात उठ, दिया तुरत सत्कार । ऊंचे आसन बैठा उनों को, पूछे कुशल उसवार हो ॥ शि० ३ ॥ असयती और अव्रती मरे, ऋषिराज को जान । उस कारण से द्रौपदी ने, दिया न आदर मान हो ॥ शि० ४ ॥ अपमान देख नारदजी चिंते, या पाण्डव की नार । पाच पति को पाकर होने का, रखती गर्व अपार हो ॥ शि० ५ ॥ सच कहा है, दुनिया बीच में, एक पुरुष की नार । वह भी गर्व करे बहु मन में, क्यों नहिं पचार हो ॥ शि० ६ ॥ पाच पुरुष की नारी को फिर, क्यों नहीं आवे मान । रूप जोबन में पड़के द्रौपदी, मुझे समझा हैवान हो ॥ शि० ॥ ७ ॥ जो इसका नहीं मद उतारू, तो क्या नारद नाम । उमर भर फिर याद करे यह, ऐसा ले मुझ काम हो ॥ शि० ८ ॥ विच्छू-डंक समान नारद के, लागे है यह चटका । चला वहां से उठ गगन में, रख अपमान का खटका हो ॥ शि० ९ ॥ सोलह

हजार देरामें बरते श्रीकृष्ण की भान। इनको छोड़ के अन्य प्रान्त का एकान्त शुद्ध स्थान हो॥ शि०१ ॥ जम्बू द्वीप लवण निधि तज के धातु-खण्ड के माय। तास भरत में सुरकका है, शहर बड़ा सुखदाय हो ॥शि०११॥ पद्मनाभ राजा है वहां पर सात सो हैं पटरानी। रूप अनूपम है शशिवसी, यौवन गुण की खानी हो ॥शि० १२॥ नारद पहुंच आया वहांपर खास महल के मांय। राजा रानी मिलके सबही स्वागत करी हर्षाय हो ॥शि०१३॥ हे नारद ! तुम कई भूप की राण्यां नजरों दखी । पर मेरे हैं रानियां जैसी, कहीं न तुमने देखी हो॥ शि०१४॥ नारद बोले सुनो भूपति !, है मिथ्या अहंकार। कूप-मण्डूक के सदृश तुम तो मानो सुख अपार हो ॥शि०१५॥ हे राजन ! है नार जगत में, एक एक से अधिकी। नहीं देखा समुद्र-दादुर सुख मानें कूप में फलकी हो ॥ शि० १६॥ सुना भूप है जम्बू-द्वीप में, भरत-क्षेत्र शुभ स्थान। हस्तिनापुर में पाण्डव नृप घर नार निरूपम जान हो ॥ शि० १७ ॥ उस पग-अंगुष्ठ खास भाग में लगें न यह सब रानी। उसके सामने कहूँ कहां तक ये भरती हैं पानी हो॥ शि १८ ॥ ऐसा कहा ऋषि चल दीना नृप के चटकी लागी। विषयों के वश आतुर होकर देखन की मति जागी हो॥ शि० १९ ॥ पिया सुमरते सुर प्रगट हो, बोला इस प्रकार। वह स्त्री नहीं चाहे अन्य को तज दो अनिष्ट विचार हो॥ शि० २०॥ राजा का हठ जान देव फिर, आया त्रिया हेत। कीनी निद्रित द्रौपदी ताई, करके अधिक अचेत हो॥ शि० २१ ॥ युधिष्ठिर के महल से लेकर अमरकका में लायो। अशोक-वाटिका में रख सती को नृप को आन मिलायो हो॥ शि २२ ॥ बिन सोच कर्तव्य ये कीना सोच मानजे राजा। अब तेर पावेगा जग में अपकीर्ति का बाजा हो ॥ शि० २३ ॥ अब मुझको मत कभी बुलाना साफ कहूँ मैं आज। सती शिरोमणि है यह सती, कीजे धैर्य स काज हो ॥शि० २४॥ मत करना खिद इसके सग में सू कही गया निज स्थान। पर-कामांध सीख नहीं माने, वो जग में बेइमान हो॥ शि० २५ ॥ रानी द्रौपदी जाग कह मुझे, कौन हरण कर लाया ? फिक्र हुआ बहुतरा उसके, विचार हृदय में आया हो॥ शि० २६ ॥ कहां हस्तिनापुर सासु ससुरा कहां मुझ प्रीतम प्यारा। कौन जगह का यह महल

शत्रु, देखो आज निकारा हो ॥ शि० २७ ॥ कहां है महल मेरे वे सुन्दर, कहां रत्नों की सेज । मलीगिरी दासी कहां मेरी, चौं- तरफा रही गेज gaze हो ॥ शि० २८ ॥ कहां हिंडोला है कचन का, यह नहीं मेरा बाग । कोई शत्रु ने कुबुद्धि करी है, रखकर मन में लाग हो ॥ शि० २९ ॥ दे ओलम्भो आर्य देव ने, रानी कई प्रकार । करने मे ओछी मत रखजे, तेरी आज है बार हो ॥ शि० ३० ॥ ले अन्त पुर पद्मनाभ सग, चाल सती पा आया । घूघट का पट करी द्रौपदी, बैठी सकोची काया हो ॥शि०३१॥ केसा तेरा रूप अनूपम, विधिना विविध बनाया । हे मृगनयनी ! पद्मिनी ! तैंने, इन्द्राणी-मान नसाया हो ॥ शि० ३२ ॥ तुझ कारण मैं देव मनाया, करी तीन उपवास । वहा से तुम को यहां बुलाई, पूरो हमारी आस हो ॥ शि० ३३ ॥ मत रखजो कोई बात का, मैं हूं नृप बलकारी । अन्य भूप सब अनुचर मेरे, मान विनती म्हारी हो ॥ शि० ३४ ॥ सारे राज्य की करूं मालिकन, और थापू पटराणी । सब रानी तेरा हुक्म उठावे, करो प्रकाश थें वाणी हो ॥ शि० ३५ ॥ किसकी लाज करे तूं प्यारी, होजा झटपट राजी । मन की घुडी खोल बोल दे, एक बार तू गाजी हो ॥ शि० ३६ ॥ सोचे सती है हाथ शिला तल, कर्म-योग से आया । कर तजवीज धर्म बचाना, यही विचार मन ठाया हो ॥ शि० ३७ ॥ काल बिताने की खातिर वो, बोली यों नरमाई । छ' मास तक कुछ मत बोलो, सोचू जरा मैं काई हो ॥ शि० ३८ ॥ इतने मे सहायक अवश्य होंगे, मेरे देव मुरार । नहीं तो कब्जे हूं मैं तेरे, चिता भूप निवार हो ॥ शि० ३९ ॥ पाण्डव और हरी के रथ सब, जल थल में भी जांय । जहां चाहें वहां लेजा सके हैं, गति-भग नहीं थाय हो ॥ शि० ४० ॥ धन्यवाद ही उनको मिलता, जो दृढ धर्म के माई । उसकी ही हो जग में प्रशसा, माने बात सवाई हो ॥ शि० ४१ ॥ साठ सहस्र वर्षों तक देखो, तप सुन्दरी ने कीना । कृष बनाई काया को फिर, सयम प्रभु पां लीना हो ॥ शि० ४२ ॥ सतियो माडे फिर शिरोमणि,सत्यवती या एक । राजा रावण आगे रक्खी, अपनी पूरी टेक हो ॥ शि० ४३ ॥ स्ववश मे नहीं कोई कठिनता, शील-पालन के साई । परवश मे दृढ़

होकर रहवे, उसकी होय मखाई हो ॥ शि० ४७ ॥ एक सेसनी दूजी कामनी, हाथ पराये जाय । साबुत पीछी नहीं आती है, लोक-वचन जग मांय हो ॥ शि० ४२ ॥ विषयासक्त रावण था पूरा दुखी रानी खास । वो भी शीयल को नहीं खण्डा है, उसको है शाबास हो ॥ शि० ४६ ॥ कष्ट पड़न पर भी नर नारी तजें न शील अगार । उसको सब नमन करते हैं, यश गावे संसार हो ॥ शि० ४७ ॥ बसे देखे करे बहु पारना, आयम्बिल रूखा आहार । विघ्न-विडारन सती द्रौपदी सो तप लीना धार हो ॥ शि० ४८ ॥ इत जाग कर युधिष्ठिर देखे, नहीं द्रौपदी पास । दूजी बहां पर पाण्डव नृप ने सुधि न लागी तास हो ॥ शि० ४६ ॥ राज हमारे राज्य बीच में, करे कौन अन्याय । ऐसा कौन सबल सुभट आग, पकड़ मैं दूं मिलाय हो ॥ शि० ५० ॥ कही हकीकत आप बाप को सुन के आश्चर्य आया । भेजे सुभट तलाश करन को खबर न कोई लाया हो ॥ शि० ५१ ॥ कुन्ती से पाण्डु नृप बोले तू द्वारिका जाय खास कहीजे मधुसूदन से खसी पता लगाय हो ॥ शि० ५२ ॥ जब कुन्तीजी खास वहां से, चलकर द्वारिका आई । हरी आय भूआ के सामने माथा धरे बधाई हो ॥ शि० ५३ ॥ भोजन-भक्ति स निवृत्त होय के, बोले कृष्ण मुरार । किस कारण से भूआजी ! पधारे, कहो बात विस्तार हो ॥ शि० ५४ ॥ तब कुन्तीजी कहे भतीजा ! सुनलो मेरी बात । हरण करी है द्रौपदी तांई, कोई गुप्त घपजात हो ॥ शि० ५५ ॥ सुन के हकीकत हरी क दिल में हांसी नहीं समाव । राजन करी बापू ने देखो, शोध न रक्खी तिसमात हो ॥शि० ५६॥ इतनी नार की रक्षा करूं मैं सुनो भूआ ! इस बार । पांचों पाण्डव महाबली से रक्खी न गई एक नार हो ॥ शि० ५७ ॥ कृष्ण कहे भूआ के तांई, चिन्ता दूर हटाव । स्वर्ग, मर्त्य पाताल कहीं से, सौंपूंगा तुम्हें लाय हा ॥ शि० ५८ ॥ दे विश्वास हस्तिनापुर भेज कुन्तीजी घर आई । गोविन्द से जो बात हुई वह सारी कह सुनाई हो ॥ शि० ५६ ॥ हरी कराई शोध आप अब लीना सब सम्भार । लाधी नहीं कहीं द्रौपदी जिससे हुआ विचार हो ॥ शि ६० ॥ इतने नारद ऋषि वहां आये, दे उन को सत्कार । कुशल

क्षेम की बात करी ने, पूछे इस प्रकार हो ॥ शि० ६१ ॥ ग्राम, नगर, पुर, पाटण जाओ, देखो देश विदेश। जो देखी हो कहीं द्रौपदी, बात कहो विशेष हो ॥ शि० ६२ ॥ अमरकंका है धातृखड मे, पद्मनाभ जहां राय। पंचाली मम मे वहा देखी, सशय है दिल माय हो ॥ शि० ६३ ॥ जब हरिजी नारद मे बोले, हुई तुम्हारी किमिया। हम पडे सुनकर नारदजी, तब निश्चय करलिया हो ॥ शि० ६४ ॥ तब गोविन्द ने कागज माडे, लिखी हकीकत सारी। बुला दूत को पत्र सौंप कहे, जा गजपुर इस वारी हो ॥ शि० ६५ ॥ पाण्डु नृप से जाकर कहना, सोच करो मत काई। मिली खबर द्रौपदी की अब धातू खंड के माई हो ॥ शि० ६६ ॥ इस कारण सेना ले आना, पूर्व सागर के तीर। मैं भी फोज ले वहां पर आऊ, फिर उतरेंगे नीर हो ॥ शि० ६७ ॥ दूत चाल हस्तिनापुर आया, पाण्डु नृप के पास। कर जुहार फिर पत्र सौंपने, बात करी प्रकाश हो ॥ शि० ६८ ॥ पत्र पढा और सुनी बात सब, सारे पाण्डव हर्षाये। लेके सेना साथ बहुत सी, जल्दी आप सिधाये हो ॥ शि० ६९ ॥ इत नारायण भारी फौज ले, सागर के तट आई। उचित स्थान देख आपने, तम्बु दिया तणाई हो ॥ शि० ७० ॥ पाण्डव भी पहुचे सागर तट, विलम्ब करी कछु नाय। मिले हरी से प्रेम जनाई, दूधा मेह वर्षाय हो ॥ शि० ७१ ॥ दोनों सेना हुई इकठ्ठी, जब बोले हरिराय। दो लक्ष योजन लवण समुद्र है, कैसे लाघा जाय हो ॥ शि० ७२ ॥ दश दशार बलभद्र बोले, जलनिधि होना पार। हरि सिवा नहीं तिर सकते हैं, तिरे हरी आधार हो ॥ शि० ७३ ॥ तीन उपवास हरिजी करके, स्वतिक ध्यान लगाया। हुआ सुर तीजे दिन प्रगट यों, आनन्द कृष्ण के छाया हो ॥ शि० ७४ ॥ किस कारण मुझे याद किया है, केशव दिया जिताय। लाना द्रौपदी पद्मनाभ से, उसने किया अन्याय हो ॥ शि० ७५ ॥ मत जाने का कष्ट उठाओ, दू मैं द्रोपदी लाय। सुरकका को उठा मूल से, जल में दू डूबकाय हो ॥ शि० ७६ ॥ हरी कहे तुम कर सकते हो, इसमे सन्देह नाहे। हाथों हाथ सौंपन का मैंने, कहा भूआ के ताई हो ॥ शि० ७७ ॥ छः रथ और सात जनो को, देव लगाया पार। पहुच गये अमरकका

का, ठहरे बाग मभ्धार हो ॥ शि० ७८ ॥ हरि ने दारू नामा सारथी, नृप के पास पठाया। जाके साथ मारी सिंहासन, माले पत्र मझाया हा ॥ शि० ७९ ॥ कठिन वचन से यों फटकारा अरे लपटी भूप। श्रीकृष्ण योद्धा यहां आये करपद्ध होजा भूप हो ॥ शि० ८० ॥ भूप कोप के हरि दूत को काढ़ा कर अपमान। निज सेना को तुरत बुलाई हाजिर हो गइ आन हो ॥ शि० ८१ ॥ सुसज्जित होके फिर राजा हाथ गही शर चाप। गज एरावत हो आरूढ़ पत्र सन्मुख आया आप हो ॥ शि० ८२ ॥ पाण्डव के प्रति श्रीकृष्ण कहे अरि साथ संग्राम। तुम हममें स कौन करे अब धन पाण्डव कहें श्याम हो ॥ शि० ८३ ॥ अब हरें समाम बीच में तब तुम करजो पार। यों कही हरि को नमन करके रथ पर हुवे सवार हो ॥ शि० ८४ ॥ हम नहीं या पद्मनाभ नहीं, यों कही पाण्डव धाया। माधव सांचे जीत हाथ कब प्रथम वचन सुनाया हा ॥ शि० ८५ ॥ हुआ परस्पर युद्ध इन्हों के मन ज्यों शर बर्षाया। देखी जोर अरि का भारी, जब पाण्डव घबराया हो ॥ शि० ८६ ॥ ध्वजा पताका काटी रथ की पाण्डव पांचों भागा। हरि कहे समुद्र भरा है आगे नहीं वहां पर भागा हो ॥ शि० ८७। मैं नहीं या यो पद्मनाभ नहीं गाया अमगल गीत। किया अपशकुन पहले ही तुम, कैसे आया जीत हा ॥ शि० ८८ ॥ रथारूढ़ हा कर कृष्णजी, मन में अरि भगाऊं। हरा उसी का द्रौपदी लाई उसके हाथ मँगाऊं हा ॥ शि० ८९ ॥ आया रण के पास हरिजी राजा भी फिर आया। पांच भगे यह कौन गिनत में अभिमान या छाया हो ॥ शि० ९० ॥ पंचायण शंख लेई हाथ में हरि धुंधकार लगाई। तीजे भाग की सेना भागी राय सोच मन माई हो ॥ शि ९१ ॥ टंकार सारंग धनुष्य की सुन के, राजा मन घबराया। सेना हट गई पीछे तब तो, राजा गढ़ में धाया हा ॥ शि ९२ ॥ दर्वाजा बंद किया शहर का पर चन बोलें चाय। भूप लंपटी प्रमुख होड़, कौन करे अब सहाय हो ॥ शि० ९३ ॥ हरि आय दरवाजा सन्मुख नरसिंह रूप बनायो। करी अगराम जोर से भारी, पंजों शुद्ध लगायो हो ॥ शि ९४ ॥ गढ़ काट, महल गवाक्ष वेग्रथ ही खण्डित हो गये

सारे । जाय सती के पास बोला यों, अब तो तू ही तारे हो ॥ शि० ६५ ॥ सती कहे नहीं जाने मुझको, हरि-भ्रात की नार ।
मुझे मंगा के वासुदेव सग, तैने करा बिगार हो ॥ शि० ६६ ॥ विलम्ब रहित स्नान कर भीगी-साड़ी तन पर धार । ले अंतेवर
मुझ आगे कर, पड़ उनके चरनार हो ॥ शि० ६७ ॥ उत्तम पुरुष हैं वही जगत में, छोडेंगे तुझ ताईं । इसी विधि से भूप हरि के,
पड़ा चरण में जाई हो ॥ शि० ६८ ॥ बहन हमारी तू यहां लाया, देता सजा करूर । पडा चरण मे जिससे तुझको, माफी दू
जरूर हो ॥ शि० ६६ ॥ लेई द्रौपदी श्रीकृष्ण ने, सौंपी भ्रात के हाथ । वापिस लौटके चले वहां से, लेकर सबको साथ हो
॥ शि० १०० ॥ द्रौपदी के ये शील-धर्म से, और हरि की शक्ति । विजय हुई पाण्डव की इसमें, करे क्या अन्य व्यक्ति हो ॥ शि०
१०१ ॥ तदनु हरि साथ ले सब को, जा रहे समुद्र मंझार । जम्बुद्वीप के भरत खड मे, कब पहुचे मन धार हो ॥ शि० १०२ ॥
उसी समय वहां के भरत में, मुनि सुव्रत भगवान । चपा नगरी के बाग बीच मे, समोसरे हैं आन हो ॥ शि० १०३ ॥ कपिल
नामा वासुदेवजी, आय वन्दे शिर नाई । सुनें देशना सभी प्रेम से, सफल गिने दिन राई हो ॥ शि० १०४ ॥ उसी समय सुनने
मे आया, शख-शब्द घन नाद । चौंकीने उनके चित्त माई, पैदा हुआ विखवाद हो ॥ शि० १०५ ॥ कौन नया यहां आके
उप्पना, वासुदेव बलराम । मेरे सरीखा ही है कोई, संदेह का नहीं नाम हो ॥ शि० १०६ ॥ हरि नमन कर प्रभु से पूछे, शंख
शब्द विचार । जिन कहे तुम सोच करो नहीं, पद्म का हुआ ख्वार हो ॥ शि० १०७ ॥ एक क्षेत्र के एक समय में, चक्री जिन
वलदेव । वासुदेव कभी नहीं होते, युग्म समझो नित मेव हो ॥ शि० १०८ ॥ पद्मनाभ से युद्ध जब करते, कृष्ण बजाया शंख ।
वो श्रवण कर तेरे होगये, दोनों कान फट बंक हो ॥ शि० १०६ ॥ कपिल बात सुनी हर्षाया, हरि से मिलना चाया । प्रभु बदी
जब चला तभी तो, जिनवर यों फर्माया हो ॥ शि० ११० ॥ हरि हरि से कभी नहीं मिलते, करलें क्रोड़ उपाय । यदि तूं इसी
समय में जावे, ध्वजा ही दिख पाय हो ॥ शि० १११ ॥ नम के प्रभु को गजारूढ़ हो, आया वहां तत्काल । जाते रथ की देखी

ध्वजा की, पीत वस्त्र मद बात हो ॥ शि० ११२ ॥ शंख बजाया जब हरि ने, कृष्ण सुनो अरदास । एक बेर दीदार दिखाओ, पूरो मन की आस हो ॥ शि० ११३ ॥ हरि ने बजाय दिया शंख से, शंख से शंख मिलाया । सागर लांघ गये पाण्डव से, अब आगे नहीं आया हो ॥ शि० ११४ ॥ तब वहां स चल करके आया अमरकंका क मांय । पद्मनाभ आकर के सम्मुख हरि के लागे पांव हो ॥ शि० ११५ ॥ पूछा पद्म से इस नगरी का हुआ कौन प्रकार । कौन शत्रु ने आकर यहां पर, सताया इस वार हो ॥ शि० ११६ ॥ स्वामी राज्य तुम्हारा क्षेम कृष्ण आप स्वयं आज । मैंने सामना करी हटाया, अब आया यह बात हो ॥ शि० ११७ ॥ कपिल मुन के करी कोप गादी मे उसे हटाया । दिया राज्य तब उसके सुत को, दुःख बहु वह पाया हो ॥ शि० ११८ ॥ इत श्रीकृष्ण समुद्र लांघ के पाण्डव का चितलाय । स्वस्तिक सुर से मिल सुख के मैं अभी मिलूंगा आय हो ॥ शि० ११९ ॥ तुम नौका से गंगा तर जाओ लीजो तट विश्राम । नौका यहान तुम शीघ्र भेज जो शुभ कारज अभिराम हो ॥ शि० १२० ॥ पांचों पाण्डव सती द्रौपदी चल गंगा-तट आया । बैठी नाव में पार हुआ जब, पाण्डव-दिल यों आया हो ॥शि०१२१॥ जो मन में थी बात भूप के सब के ताई सुनाई । हानहार वश होके सब ही, सहमत हो गये भाई हो ॥ शि १२२ ॥ कूप कूप का जुदा पानी, मुख मुंड भिन्न बानी । मस्तक मस्तक मति भिन्न यों, पाण्डव मति भी मानी हो ॥ शि० १२३ ॥ अनर्थ होता है हांसी बीच में पाण्डव के देखो ॥ टेक ॥ हास्य के वंश में करके अकाज शान्ति में करी उपाधि । जान बूझ के खोटा ध्यावे उसके होवे व्याधि हो ॥ अ० १२४ ॥ श्रीकृष्ण का बल देखनको पाण्डव के मन आया । नौका छिपाय बैठ गये सारे करक हठनी माया हो ॥ अ० १२५ ॥ जिसके देख से श्रीकृष्णजी गंगा के तट आया । नहीं देखी तहां नौका जब तो विचार मन में लाया हो ॥ अ० १२६ ॥ एक हाथ मही रथ घोड़ा, दूजे काढा नीर । साढे बासठ योजन का पाट है कब पहुंचू अब तीर हो ॥ अ० १२७ ॥ अधबीच आय थकन पड़ा है आगे तिरा न जाय । हरि सोचे पांडव क्यों हारे जो अधिक बलमाय हो ॥अ०

१२८ ॥ गगा देवी का आसन कपा, हरि की चिंता जानी। दिया थाह जब श्रम निवारा, वहा पर सारग प्रानी हो ॥ अ०१२६॥ दूजी छलांग सारिता–तट पहुंचे, पाण्डव सम्मुख आया। यहा तक तो है प्रेम परस्पर, अब भावी पलटाया हो ॥ अ० १३० ॥ कृष्ण कहे सब सुनो पांडवो, तुम बलवान अपार। गंगाजल को भुज बल तिरिया, फिर नारी ले लार हो ॥ अ० १३१ ॥ मैं गंगा के अधबीच आया, भारी चढा थकान। तब गगादेवी ने मेरी, करी सहायता आन हो ॥ अ० १३२ ॥ मुझमे तो तुम हो बलवंता, बोले प्रेम वश वाय। पद्मनाभ से कैसे हारे: यह सन्देह मन माय हो ॥ १३३ ॥ कपट छोड अव पाडव बोले, लाके सरलता भाव। तुम बल देखन कारण हमने, रखी छिपाई नाव हो ॥ अ० १३४ ॥ कृष्ण कोप कहे सुनो पांडवो, क्यो कुमति तुम छाई। बालवय से रहते सगमें, नया मिला मैं आई हो ॥ अ० १३५ ॥ गोवर्धन को तोका जब नहीं, देखा बल का थाग। फिर बालवय में मैंने ही तो, नाथा काली नाग हो ॥ अ० १३६ ॥ बड़े बडे मल्लो को पछाडे, कंस जरासध मारा। पद्मनाभ के समय मे तो, तुम भी थे मुझ लारा हो ॥ अ० १३७ ॥ पद्मोत्तर का तेज देखने, तुम तो रण से भागा उसी समय मै बैठ रथमे, अरि के पीछे लागा हो ॥ अ० १३८ ॥ भूप भाग शहरमे घुस के, दिये कपाट लगाई। गढ़ महल गवाक्ष गिराया, नरसिंह रूप बनाई हो ॥ अ० १३६ ॥ स्त्री रूप बनाके राजा, पड़ा चरण में आय। सो बल मेरा दाय न आया, अब देखन की चाय हो ॥ अ० १४० ॥ मरता कृष्ण क्या जाता तुम्हारा, पुण्य सुधारा काम। होगया काम तुमारा अबतो, कुण लखे श्याम हो ॥ अ ० १४१ ॥ पर इतना तुमने नहीं सोचा, ऐसी हरि पटनार। जो गगा बीच डूबता मैं तो, देता कौन समाचार हो ॥अ० १४२॥ हृदय कठोर निर्गुण मुख मीठा, है तुम्हारा साथ। तुम पांचों पूरे अपराधी, यों भाखे श्री नाथ हो ॥अ० १४३॥ ना कुछ बात के कारण तुम ने, कीना काज अकाज। मेरी तनिक बात नहीं रक्खी, निस्नेही होके आज हो ॥अ० १४४॥ लोह मुद्गर का उठा हाथ मे, केशव कोप भराय। लो अब तुम को बल दिखलाऊँ, बोले अरुण मुख थाय हो ॥अ० १४५॥ देखो कोप में ज्येष्ठ राज को, थरथर-कापी

माथा। भारी फिरी ऊभी रही सामने बोले बचन रसाला हो ॥ म० १४६ ॥ नहीं ज्येष्ठजी दोष तुम्हारा दोपी पति हमारा। आप साथ ऐसा छल करना शोभे नहीं लगारा हो ॥म० १४७॥ है गति विचित्र कर्म की भारी टाल सके नहीं कोय। जैसी होनी होवे ज्येष्ठजी, वैसी बुद्धि होय हो ॥म० १४८॥ मोरू ही यदि कुबोरू होवे मो पित समे हरवार। बिनऊँ गोद बिठाय ज्येष्ठजी दीजे रोप निवार हो ॥म० १४९॥ तुम मोटे महाराज जगत में सब विधि हो बुद्धिवान। निज परिवार ज्येष्ठजी जानी, माफ करो गुणवान हो ॥म १५०॥ तेरे पति के छल द्रौपदी कैस भूले आय। जो इतने मरे साथ करा यह शत्रु करता नाय हो ॥म० १५१॥ इसी गस्सा से आज मिटेगा, पांचों का उमाद। मेरा बल दिखलाऊँ इनको, यह भी करेगा याद हो ॥ म १५२ ॥ विलख वचन रानी हो बोले, नयनों आंसू डाल। ऊभी सामन अर्ज कर यह रोप तजो नन्दलाल हो ॥ म० १५३॥ भूआ कुन्ती की लाज रक्खो थें, पाण्डु को सुत जान। गो-ब्राह्मण-प्रतिपाल ज्येष्ठजी !, जाने सकल जहान हो ॥ म १५४ ॥ बात हुई यह बजन गजन की, क्या तक कहूं मुरारी। जो थे मनुष्य होय अगर तो, समझें याद बहु भारी हो ॥ म० १५५ ॥ ऐसा कोप आपका देखी, मुझसे सहा न जाय। रक्खो अखंड सुहाग ज्येष्ठजी ! हा मा कहूं तुम छोय हो ॥ म० १५६ ॥ ऐसा वचन सुन के बहुनन्दन मन में करा विचार। हठ लीनी अबला ने भारी, यों मन का किया मार हो ॥म० १५७॥ कराय न सुदर को फिराया कोप करी भरपूर। पाण्डव इनके पांचों रथ को, भांग किया चकचूर हो ॥म० १५८॥ फिर बोले हरि रोप भरा यों, जहां बरते सुख धाम। पाण्डव तुम परिवार युक्त अब मत रहना उस स्थान हो ॥म १५९॥ रथ मर्दन क स्थान हरि ने, शहर एक बसाया। स्वागत सहित श्रीकृष्णजी शहर द्वारिका आया हो ॥म० १६०॥ करें सोच पाण्डव वे वहां पर, कैसी बनी करतार। बिगड़ी बात अनायास अब तो भिन्न गये मुरार हो ॥म० १६१॥ लई द्रौपदी पांचों पाण्डव हस्तिनापुर में आया। पाण्डुराय कुन्ती माता सब, देखत ही हर्षाया हो ॥ म० १६२ ॥ विलख-वदन देख अंगज को पूछ पाण्डु

विचार। कुन्ती मात भी सुने बैठ के, और सभी परिवार हो॥ अ० १६३॥ पाण्डव बोले मात पिता से, सुनो हमारी बात। श्रीपति की थी प्रीति बहुतसी, अब नहीं रही तिलमात हो॥ अ० १६४॥ रोष करके श्याम ने हमको, दीना देश निकाला। वचन कहे दस बीस कठिन जो, चुभते हैं त्रिकाला हो॥ अ० १६५॥ पाण्डु नरिन्द पूछे कहो बेटा!, कैसे हुआ बिगार। वे कहें मिले समुद्र के तट जा, धर के प्रेम अपार हो॥अ० १६६॥ स्वास्तिक सुर को हरि आराधी, ले गये सबको पार। पद्मनाभ से युद्ध करी ने, भगा दिया उस वार हो॥ अ० १६७॥ नरसिंह रूप बना महल को, भू पै धुजा गिराया। जब राजा सग ले के द्रौपदी, चरणों शीश नमाया हो॥ अ० १६८॥ रथारूढ़ हो उतरे जलाधि, हरि कहे तुम्हे जिताऊं। गगा पार कर नाव भेजना, मैं सुर से मिल_आऊ हो॥ अ० १६६॥ हम गगा को तिरे नाव से, पहुचे परली पार। बैठ तरुतल हरि को करते, याद हम हरवार हो॥ अ० १७०॥ इते श्रीकृष्ण सीख ले सुर से, गगा के तट आया। मिली न नाव तब भुजा से तिर कर, गगा पार जब पाया हो॥ अ० १७१॥ हरि ने पूछा बिना नाव तुम, कैसे आये तीर। जब हम बोले बैठ नाव मे, आये पांचों वीर हो। अ० १७२॥ मेरे लिये नौका नहीं भेजी, विलम्ब क्यो करवाया। सरल–भाव से कह दिया हमने, वल आज अजमाया हो॥ अ० १७३॥ इतना सुन के हरि क्रोध कर, बोले निरस ही बोल। देखे अब पाण्डव को हमने, कृतघ्न मूढ़ निठोल हो॥ अ० १७४॥ दोलाख योजन समुद्र लाघ के, बहू तुम्हारी लाया। मुझ वल को फिर भी नहीं देखा, की मुझ से कपटायां हो॥ अ० १७५॥ कभी मुख तुम मत दिखलाना, यो कहि हरी सिधाया। होय दूमना हम यहा आये, दर्श आपका पाया हो॥ अ० १७६॥ पाण्डु राय कहे बुरा करा सुत!, हरी के साथ बिगारा। किया काम कृष्ण ने कैसा, सारा काज सुधारा हो॥ अ० १७७॥ मन मोती टूटा नहीं जुडता, लेना हृदय तोल। मोती तो मिल जाय मोल, फिर मन मिले नहीं मोल हो॥ अ० १७८॥ पाडु राय कुन्ती को भेजी, श्रीकृष्ण के पास। उन्हे शान्त करके तुम

पूछो कहां पर कर निवास हो ॥ म० १७६ ॥ अब कुन्ताजी आई द्वारिका, माधव लाग पांय। कैसे आना हुआ भुआ का, तब बाकी मरमाय हो ॥ म० १८० ॥ मन–मुटाव आ हुआ तुम्हारे, कही बात सब ज्ञान। तीन खण्ड में आन तुम्हारी, रहें चैन स स्थान हो ॥ म० १८१ ॥ मात पिता छोरों के ऊपर कभी रुष्ट नहीं होय। गोदी बिठा मनावें उनको, शिक्षा दें हित जाय हां ॥ म० १८२ ॥ पाण्डव ख्यात पै यों कोपो तो कहां रहसी वह जाय। दुर्योधन के सुत सब हससी वीरा! ध्यान में लाव हो ॥ म० १८३ ॥ कोय वृक्ष हाथों नहीं काटे जो फल द नहीं सोय। रक्खा पास मत दूर निकालो हमारी ओर तुम जोय हो ॥ म० १८४ ॥ भी पाहर की आशा तुमको याद आवें हरबार। सभी केह दिखलावे वीर!, कुछ तो हृदय विचार हो ॥ म० १८५ ॥ दीन वचन सुन माधव बोला भुआ दुःख मत आने। पाण्डव से है अधिक प्रेम मुझ मतना ओछा जानो हां ॥ म० १८६ ॥ पाण्डव मथुरा नगरी बसा आ दक्षिण सागर तट जाय। सुत को जाकर यों कह देना रहना वहां सुख मांय हो ॥ म० १८७ ॥ अधीठ सबक रही सेवा करजो, पालीजा थिर राज। मेरी तरफ से निर्भय समझे, करजो इच्छित काज हो ॥ म० १८८ ॥ इतनी सुन स सीख भुआ पुनः गजपुर चलके आई। पति–पुत्र को सारी हकीकत ज्यों की त्यों दिखाई हो ॥ म० १८९ ॥ जहां तक बान्धव सजन अपना जहां तक पुण्य बलवान। भूप रहेगी वहां तक मित्रों! अस्त होय नहीं भान हा ॥ म० १९० ॥ पांडव मथुरा नगरी बसाइ समुद्र के तट जाई। पालें राज्य सुख से वहां पर मूछ मे भूमि छुवाई हो ॥ म० १९१ ॥ अर्जुन पौत्र अभिमन्यु का सुत, परीक्षित कुंवर के ताई। श्रीकृष्ण ने हस्तिनापुर का, दीना भूप बनाई हा ॥ म० १९२ ॥ पद्मनाभ का न्याय विचारी मात गिनो परनारी। गुरु–प्रसादे चौथमल कहे है शिक्षा हितकारी हो ॥ म० १९३ ॥

—✦—

श्री राजीमती का जन्म

यशोमती का जीव है, अपराजित विमान । वहां से चवके जन्म लिया, मर्त्यलोक में आन ॥

सती राजमतीजी, रूप विद्या में, परम निधान है ॥टेक॥ उग्रसैन राजा की धारिणी, उसकी कोख में आई । गर्भ काल पूर्ण होते एक, सुन्दर पुत्री जाई हो ॥स० १॥ दिया उसी का नाम राजमती, पिता बहु हर्षाय । लालन पालन करने से वह, होती बड़ी सुख मांय हो ॥ स० २ ॥ अध्यापिका से पढ़ाई उसको, सिखी सब सुघडाई । ज्यों ज्यों वय में बडी होय त्यों, खिले पुष्प के नाई हो ॥ स० ३ ॥ एक रूप और दूजी दक्षता, तीजी लज्जावान । ऐसी अनूपम यादुवश में, और न कन्या जान हो ॥स०४॥ उग्रसैन राजा ने सुनी जब, नेम की बहुत बडाई । राजमती के योग्य वर है, सोचा मन के माई हो ॥ स० ५ ॥

श्री नेम से विवाह का आग्रह

चरित्र-नायक नेम प्रभु, बढ़े बीज ज्यों चन्द । विवाहादिक चारित्र का, सारा कहूं सम्बन्द ॥

एक दिन समुद्र विजय राजाजी, अरु सेवादेवी रानी । बैठे महल के बीच विनोद की, कहते थे वे कहानी हो ॥ १ ॥

उसी समय राजा या भावा, अरिष्टनेम कुमार। यौवन वय में प्राप्त हुआ है ब्याह का करा विचार हो ॥ २ ॥ इसके योग ही सुन्दर कन्या, ढूंढो भारत मांई। इतने आया नेम प्रभुजी देख माता हर्षाई हो ॥ ३ ॥ प्रसन्न होकर निज नंदन को, अपने पास बिठाया। कहा कुंवर को ब्याह करन हित मात पितु समझाया हो ॥ ४ ॥ हे वत्स ! तुम बालक नहीं हो हो युवक सुयोग। अविवाहित अब रहने में भला कहे नहीं लोग हो ॥ ५ ॥ इसीलिये है आग्रह हमारा विवाह करो स्वीकार। पुत्र वधु का मुख दरसन हित आवे बाट परिवार हो ॥ ६ ॥ प्रभु हर्षो कहे मात पितु से ब्याह का मत लो नाम। ब्रह्मचारी रहन से धरा का कभी न हो बदनाम ॥७॥ आगे भी तीर्थंकर हुए उनने करा विवाह। विवाह करने में हर्ज नहीं है ऐसो शास्त्र निगाह हो ॥ ८ ॥ आवागमन है मूल मार्ग यह संदेह नहीं लगार। पर मात पिता के आगे कहना पत्थर पर जल धार हो ॥ ९ ॥ ऐसा सोच के मात पिता से प्रभु ने यों फरमाया। धैर्य रक्खो से सब कुछ होयगा, यह समय के आया हो ॥ १० ॥

श्री नेमनाथ का विवाह

नेमनाथ भगवान की, बल परीक्षा होय। अतुल बली प्रभु जगत में, पहुंच सके नहीं कोय ॥

यह चरित्र रसीला करुणा अवतारी नेम जिनंद का ॥ टेक ॥ एक दिवस प्रभु नेमिनाथजी, निज सखा के लार। घूमत आये वासुदेव के, आयुधशाला मंझार हो ॥य० १ ॥ नाना प्रकार के अस्त्र शस्त्र को देखे निगाह पसार। सारंग धनुष्य पंचायण का लिया कर में धार हो ॥य० २॥ शस्त्रागार का रक्षक चारु,कहे सुनो नेमनाथ। हरि सिवा कोई उठा सके नहीं भवी लगाया

हाथ हो ॥ ३ ॥ तब तो नेम ने तुरत उठाया, सारग धनुष्य के ताई। कमल नाल सम नमाके उसको, टकारा जोश लगाई हो ॥ य० ४ ॥ सारग धनुष्य टकार सुन के, सारा शहर कपाया। श्रीकृष्ण का दुश्मन वह फिर, कहा से चल के आया हो ॥ य० ५ ॥ थोडी देर के बाद नेम ने, शख को दीना फूक। तब तो प्रजा जन इत उत झांके, गये सभी छिप लूक हो ॥ य० ६ ॥ यों सुदर्शन-चक्र घुमाया, गदा कौमुदी जान। खड्ग घुमाया शस्त्र पांचवां, रक्षक सोचे धर ध्यान हो ॥ य० ७ ॥ सुन चकित हो आये कृष्णजी, आयुध-शाला मांई। देख वहां पर नेमनाथ को, चिन्ता मन मे आई हो ॥ य० ८ ॥ जान गये हरि मन मे यों वे, हैं पूरे बलवान। तौ भी अजमाने कारण उनको, लाए अखाड़े स्थान हो ॥ य० ९ ॥ सखा गोप के हुवे इकट्ठे, नरनारी के वृन्द। मेरी भुजा को नेम नमा दो, यों बोले गोविन्द हो ॥ य० १० ॥ कमल-नाल की भांति क्षण मे, हरि की भुजा नमाई। नेमनाथ ने अपनी भुजा को, फिर उची उठाई हो ॥ य० ११ ॥ झुका सके नहीं भुजा उन्हो की, समस्त बल लगाया। तब तो हरिने नेमनाथ को, अपने गले लगाया हो ॥ य० १२ ॥ भ्रात! तुम्हारा बल देखीने, असीम हुआ आनन्द। लखी परस्पर प्रेम दोनों का, दर्शक हुवे सानन्द हो ॥ य० १३ ॥ वहां से विदा हो दोनो भाई, अपने स्थान सिधाया। हरिने बलदाऊ भैया को, ऐसा आन जिताया हो ॥ य० १४ ॥ नेमिनाथ के बल के आगे, निर्बल सब ससार। यह चाहे तो सारे भारत पै, अपना करे अधिकार हो ॥ य० १५ ॥ बलराम कहे सत्य कथन तब, है नेमि बलवान। किन्तु राज्यादि विषयो मे यह, निस्पृह लेना जान हो ॥ य० १६ ॥ तो भी शंक नहीं जाय हरि की, जब निशा के माई। कुलदेवी प्रगट हो बोली, आप हरि के ताई हो ॥ य० १७ ॥ इक्कीसवे जिनराज ने कहा था, बाईसवे जिनराज। आजीवन ब्रह्मचारी रहकर, सारेंगे निज काज हो ॥ य० १८ ॥ इतना कह कर देवी फिर वह, होगई अन्तर्धान। प्रात.हुआ हरि सोचे मन मे, चिन्ता का नहीं स्थान हो ॥ य० १९ ॥ नेमिनाथ जी विवाह कर लेवे, ऐसा रचू उपाय। जिस से बल छीजेगा इनका, सब झगडा मिट जाय हो ॥ य० २० ॥ समुद्र विजय सेवा

रुपी को करत यों फरमान। विवाह करन का कहा बहुत पर मम धरे नहीं कान हो ॥ य २१ ॥ समुद्रविजय समादेवी अब कहें कृष्ण के ताईं। भ्रात तुम्हारा फिरे कुंवारा, इसमें शोभा नाईं हो ॥ य० २२ ॥ विवाह करन की कही बहुत पर नहीं हमारी माने। आपकी बात नहीं टाल सकेगा, इसी लिये कहा थान हो ॥ य० २३ ॥ इतना सुन हरी रणवास में आकर करे विचार। किस युक्ति से भ्रात नेमजी विवाह करे स्वीकार हो ॥ य २४॥ चिन्तातुर निज नाथ को देखी, बोली भामा राणी। चमसभवा है यह कौनसी ? नहीं बोलो हंस वाणी हो ॥ य० २५ ॥ हे प्यारी ! मुझ भ्रात नेमजी, हो गये पूरे युवान। उनकी वय का नहीं कुंवारा याद्-परा दरम्यान हो ॥ य० २६ ॥ इतनी वय तक रह कुंवारा, मरा होकर भ्रात। कहुं क्या यह मेरे लिये है लज्जा की या बात हा ॥ य २७ ॥ नहीं चिन्ता की बात नाथजी, करें कारज यह सहज। विवाह इन्हें स्वीकार कराना, बायें हाथ का खल हो ॥ य० २८ ॥ नेम के साथ विवाह करन को अनेकों राज-कुमारी। लालायित होंगी सब मन में संदेह नहीं लगारी हो ॥ य० २९ ॥ हे प्यारी ! तुम सोच करो पर नेमनाथ मुझ भाईं। मात पिता भी कह के हारे, कबूल करे यो नाईं हो ॥ य० ३० ॥ हे स्वामी ! हो आज्ञा आपकी समझावां इसी बार। तब तो हरि कह सौंपा कार्य यह करदो जल्दी तैयार हो ॥ य० ३१ ॥ रैवत गिरिपर बसन्तोत्सव की, करें आप तैयारी। देवर को विवाहित के लिये बाध्य करें बस सारी हो ॥ य० ३२ ॥ हरा सम्पू लगवाया गिरि पर भूमि सब समराई। सपत्नि हरि उसपर पहुंचे, ले नेम मेरा के साईं हो ॥ य० ३३ ॥ एक बच वाले यादव सब ही सपत्नि उसवार। चले सभी रथ बैठ वहां पर, भरक हय अपार हो ॥ य० ३४ ॥ पथ में हरि की रानियां मिलकर नेमिनाथ के संग। हंसी विनोद की बातें करती नाना रंग के ढंग हो ॥ य० ३५ ॥ रेवाचल के मध्य वन में सब चलके यहां आवें। गावें बजावें नाचें कूदें, सपत्नि हर्ष मनावें हो ॥य० ३६॥ क्रीड़ा करें नाना भांति की, खेले हस्तिवत रास। नेम कुंवर को विषयों का यहां, रच न लाग मैल हो ॥य० ३७॥ हरि हरि की पटनारी और यादव-कुल नरनार।

सरोवर बीच प्रवेश होय के करें, क्रीडा उस वार हो ॥य० ३८॥ हरि हार पुष्पो का लेकर, नेम के गले पहनाया । तब तो सत्य-भामादि मिल के, सारा बदन सजाया हो ॥ य० ३९ ॥ लगे नार का बदन नेम के, जागे नहीं विकार । मन रूपी हाथी के उनने, ज्ञानाकुश दी मार हो ॥ य० ४० ॥ हे देवर ! आगामी बसन्त पर, पत्नि सहित पाओगे । पति पत्नि मिल विनोद करन हित, यहां पर थे आओगे हो ॥ य० ४१ ॥ प्रयत्न निष्फल जान माधव की, रानी बनी निराश । तो भी प्रयत्न करने से वे फिर, हुई नहीं हताश हो ॥ य० ४२ ॥ तव भ्रात के अनेक नार अरु, कई के इक इक नार । बिन पत्नि नहीं शोभो देवरजी, विवाह करो स्वीकार हो ॥ य० ४३ ॥ जात न्यात में टोला मारे जरा तो कुछ विचारो । इक नार के भरण पोषण मे, क्योंकर करो थे टारो हो ॥ य० ४४ ॥ सीमातीत अनुरोध देखकर, मन में कर विचार । दिया मुस्कराय रुक्मणि ने जबतो, समझ लिया स्वीकार हो ॥ य० ४५ ॥ कहन लगी यों मिली सफलता, हर्षा मन हमारा । मान बात भावज की आपने, व्याह करना स्वीकारा हो ॥ य० ४६ ॥ रुक्मणि आदि सभी देवी ने, करी बात प्रसिद्ध । विवाह मनाया नेमनाथ का, ऐसी युक्ति किद्ध हो ॥ य० ४७ ॥ सब ही रानी आके हरि से, बात दीनी सुनाई । देवरजी को विवाह करन की, मजूर करा हम आई हो ॥य० ४८ ॥ हरि हलधर ने सुन के बात यह, मन मे आनन्द छाया । रेवाचल से चलके हरिजी द्वारा माति मे आया हो ॥ य० ४९॥ समुद्रविजय शिवा-देवी को, हरि ने आन सुनाया । अरिष्टनेम ने विवाह स्वीकारा, सुन आनन्द मनाया हो ॥ य० ५० ॥ वहा से गोविन्द रणवास में, आकर करे विचार । नेमनाथ के योग्य कन्या को ढूंढे कहां इस वार हो ॥ य० ५१ ॥ सत्यभामा कहे मेरी वहिन है राज-मती गुणवान । विद्युमणि समान प्रभा है, देवर योग्य है जान हो ॥ य० ५२ ॥ शिवादेवी देवकी आदि, सबने बात बखानी । श्रीकृष्ण के जंची बहुत और, तबियत भी हुलसानी हो ॥ य० ५३ ॥ उग्रसैन पा चलकर आये, श्रीकृष्ण मुरार । उग्रसैन ने किया खूब ही, माधव का सत्कार हो ॥ य० ५४ ॥ फिर सासू से मिलने खातिर, रणवास में आया । सासू ने भी स्वागत कर

क, ऊंच स्थान बिठाया हो ॥ य० ५५ ॥ राजमती हरिजी स मिलने, आई घर आह्लाद। अभिवादन करने पर हरि ने दिया आशीर्वाद हो ॥ य० ५६ ॥ यह सौन्दर्य की साक्षात् प्रतिमा अच्छा मिला है जाग। अरिष्टनेमि की पत्नि बनन को है सर्वथा योग हो ॥ य ५७ ॥ ऐसा सोच के उग्रसैन पां, आकर कह मुरार। राजमती दो नेमिनाथ को बात करो स्वीकार हो ॥य० ५८ ॥ यह कह पहले ही सोचा था राजमति के काज। सोना सुगन्ध सम नेमनाथ है, जो मिले वर राज हो ॥ य० ५९ ॥ कन्या दूंगा तभी आप जो मानों मेरी बात। नेमिनाथ को दूल्हा बनाके आओ आप बारात हो ॥ य० ६० ॥ हरिजी या करी कबूल तब उग्रसैन उस बार। सभा मण्डप से उठकर आये रणवास मंझार हा ॥ य ६१ ॥ परिवार हितैषी पटरानी मे सब जन साई बुलाया। राजमती संग नेम लग्न का सब वृत्तान्त सुनाया हो ॥ य० ६२ ॥ सर्व सम्मति से पास हुआ पर यों बोला नृपराज। राजमती की बिना सम्मति, नहीं होता कोई काम हो ॥ य० ६३ ॥ लेन सम्मति रानी धावक, राजमती पां आई। सगाई सम्बन्धी सारी बात का प्रेम धरी जिताई हा ॥ य० ६४ ॥ नेमनाथ वर मिले आकांक्षा भी पहले दिखलाई। फिर माता मुख सुन क सोचे होगई मन की चाई हो ॥य० ६५ ॥ राजमती की सम्मति, राजाको जित लाइ। तब तो कृष्ण स आन कहे यों, हम का कबूल सगाइ हो ॥ य० ६६ ॥ हरिजी फिर हर्षित हो आये समुद्र विजय के पास। करी सगाई राजमती से भी सब बात प्रकास हो ॥य०६७॥ सब तो कौशिक ज्योतिषी तांई बुला लग्न दिखाया। श्रावण शुक्ला पक्ष का दिन यों उनने उत्तम बताया हो ॥ य० ६८ ॥ समुद्र विजय दिन निर्धारित कर समधी से कहलाया। दोनों और जोरों क साथ मे विवाह काम रचाया हो ॥ य ६९ ॥ तैल पाठी कर स्नान कराके वस्त्राभरण पहनाव। बाजा बजे चार से वहां पर सखियां मंगल गावें हो ॥ य० ७० ॥ सोने रजत आदि कलशों से, जल भरके मंगवाया। अनक औषधियां डाल नेम को उत्तम स्नान कराया हो ॥ य० ७१ ॥ बहुमूल्य वस्त्राभूषण को पहनाए नेम क तांई। सेहरा

बांधा शिर के उपर, शोभा वर्णी न जाई हो ॥ य० ७२ ॥ दूल्हा–वेश मे देख नेम को, मातपिता परिवार। फूले अग नहीं मावे सारे, हर्ष का रहा न पार हो ॥ य० ७३ ॥ बींद के लिये श्रीकृष्ण का, गध हाथी प्रधान। अच्छी तरह सजाया जिस पर, आरूढ़ हुवे पुण्यवान हो ॥ य० ७४ ॥ किया हुआ है छत्र नेम पर, चवर वींजते चार। चतुरगिणी सेना है आगे, बाजा के झनकार हो ॥ य० ७५ ॥ समुद्रविजय और वसुदेवजी, हरि हलधर परिवार। यादव आदि सभी सग में, रथ गज चढ़ तुरवार हो ॥ य० ७६ ॥ पडे नकारे ठोर किया है, शुभ मुहूर्त प्रस्थान। केसरिया कसूमल वाराती, है पचरगिया निशान हो ॥ य० ७७ ॥ स्त्रिया छतों पर वैठीं जाकर, पुरुष राजपथ माई। श्रेणीवद्ध हो देखे वरात को, जत्र वहा पर वा आई हो ॥ य० ७८ ॥ गावें मगल गीत जोर से, वन्दीजन वरदावे। उग्रसैन राजा के घर पर, वारात धूम से जावे हो ॥ य० ७९ ॥ विमानो में बैठ देवगण, छटा देखने आया। दूल्हा रूप मे भगवन नेम के, दर्शन कर हुलसाया हो ॥ ८० ॥ शक्रेन्द्र को ज्ञान हुआ जब, दिल मे करा विचार। रहेगे वालब्रह्मचारी ये तो, परणे नहीं लगार हो ॥य०८१॥ ब्राह्मण रूप को धार इन्द्र तव, आया बारात के माई। कहे हरि से लग्न ठीक नहीं, किसने दिये वताई हो ॥ य० ८२ ॥ श्री कृष्ण कहे, सुनो विप्रजी, तुम को कौन बुलाया। विन पूछे मत बोलो आप यों, रहने दो निज माया हो ॥य०८३॥ हरि की बात सुन मुस्कराये, और बोले द्विजराज। विवाह होय नेम का कैसे, मै भी देखू आज हो ॥ य० ८४ ॥ उग्रसैन नृप जाय सामने, लावे वारात बधाई। इत राजमती को सखिया मिलकर, रही सिंगार सजाई हो ॥ य० ८५ ॥ एक सखी यो कहे बहन यह, अपनी राज–कुमारी। वृक्ष के साथ लता शोभे ज्यों, शोभेगा सुखकारी हो ॥ य० ८६ ॥ दूजी कहे हा फिर हम तुमको, जावेगी ये भूल। तीजी कहे नहीं भूलें अपन को, वचपन से अनुकूल हो ॥ य० ८७ ॥ चौथी कहे अवश्य भूलेगी, प्रिय सखा को पाय। कहे पांचवी वर सुन्दर है, ऐसा दूजा नाय हो ॥ य० ८८ ॥ छठी सखी कहे क्यों घवराओ, अपनी राज दुलारी।

तुम हम सबका सग में लगी संवद नहीं लगारी हो ॥ य० ८६। कह सावथीं सज्ञान में तुमका क्या है सार। तुम भभक से प्रीतम मिलन में हा आवगा भार हा ॥ य० ६० ॥ ऐसी भक्तोस की बातें सुन के राजमती मुस्काई । सजनु बाराव था वमे दिखाई एम स्थान पे भाइ हो ॥ य० ६१ ॥ महल गवाक्ष म खड़ी होयके निरख निरख हरावी । राजमती भी ले सखिया संग, भाई देखने मराती हा ॥ य० ६२ ॥ दरान करके राजमती फिर अपने दिल के माइ । एसे अलौकिक पति बने मम भाग्य की कर बड़ाई हो ॥ य० ६३ ॥ इतने राजमती की दाहनी, आंख भुजा फड़काई । अपशकुन हुआ जान नयन में आंसू वह बरसाई हो ॥ य० ६४ ॥ सखियां कहे अपराध हुआ तो माफ करो तुम बाई । तब अवरुद्ध कण्ठ से मन की सारी बात सुनाई हो ॥ य० ६५ ॥ अंग फरकना है स्वभाव तुम चिंता दूर हटाओ । मगल समय अमंगल की मत बात जबां पे लाओ हा ॥ य० ६६ ॥ नमि-कुमार निकट द्वार के जब वे पहुंचे आइ । तब उन्हें कई पशुओं का वहां दिया शब्द सुनाइ हो ॥ य ६७ ॥ पूछा सारथी से कहो भाइ उग्रसेन दरबार । किस कारण पशु घर रक्खे हैं, कई नाना प्रकार हा ॥ य० ६८ ॥ सारथी बोला सुनो नमजी बात कहूं मैं सारी । विवाह बाद इन पशुओं की यहां होगी निश्चय ज्यारी हो ॥ य० ६६ ॥ कहे नेमजी सुनो सारथी बक्षा यहीं पर लास । मनुष्य हाथ के दया करे नहीं, जन्म विफल है तास हो ॥ य १०० ॥ तब प्रभु को तुरत सारथी उसी जगह पर लाया । दस प्रभु को पशु पक्षी ने अपना दुःख बताया हो ॥ य १ १ ॥ स्वतन्त्रता छिनी स्थान भी छूटा फिर मृत्यु का डर । अरे बचे रह विपिन में बोले यों दीन स्वर हो ॥ य० १०२ ॥ यदि विवाह नहीं होय हमारा, बच जावें य सार । हिसा बहुत बुरी है जग में फल हैं बहुत करारे हा ॥ य० १०३ ॥ नमनाथ की आज्ञा स फिर सारथी न उस बार । बन्धन मुक्त किया तिर्यच का, दर न करी लगार हो ॥ य० १०४ ॥ निर्बन्धन होनेसे सारे प्रमुदित हुवे अपार । अपने अपने स्थान सिधाए बस गहके उस बार हो ॥ य० १०५ ॥ प्रभु-प्रसन्न हो सारथी तांइ, दिये भ्राता अलंकार । अमूल्य आभूषण पाय हृदय म

माना हर्ष अपार हो ॥ य० १०६ ॥ हे सारथी ! रथ के ताईं, पीछा दो लोटाय । जीवों की रक्षा के काज मे, विवाह दूं छिटकाय हो ॥ य० १०७ ॥ जब सारथी साहस धरीने, फेरी तुरत सवारी । देख लौटते सारी वारात मे कोलाहल हुआ भारी हो ॥ य० १०८ ॥ राजा समुद्रविजय हरि हलधर, शिवादेवीजी माता । रोहिणी आदि सवारी छोड के दौड वहा पर आता हो । य० १०९ ॥ समुद्रविजय और शेवादेवी कहे, नैना आसू वहाई । हे पुत्र ! क्यों वापिस जाओ, विवाह समय के माई हो ॥य० ११०॥ जब नेमीश्वर मात पिता को, साफ साफ जितलाया । मुझे आप क्षमा करियेगा, व्याह नहीं मन भाया हो ॥ य० १११ ॥ ज्यों पशु बन्धन में बधे थे, त्यो आतम को जानो । मुक्त होने पर खुशी हुवे व, यों ही जीव को मानो हो ॥ य० ११२ ॥ कृष्ण, बल-राम, स्वजन आदि ने, भांति भाति समझाया । एक न मानी नेमप्रभुजी, वास-स्थान पै आया हो ॥ य० ११३ ॥ यही देख लौकान्तिक आया, प्रभु को खास जिताया । तीर्थ वरताओ नाथ ! आप अब, समय अमोलक आया हो ॥ य० ११४ ॥ इन्द्र हुक्म से जूम्भक देवता, भरा खजाना आन । नेमनाथ अब निज हाथो मे, देवे वर्षी दान हो ॥ य० ११५ ॥ एक क्रोडा आठ लाख नेमजी, नित्य प्रति दे दीनार । दीन, अनाथ, राजा प्रजा ले,बोले सब जयकार हो ॥ य० ११६ ॥ पशु पक्षी को अभयदान दे, भूषण सारथी ताईं देके नेमजी लौट गये सुन, राजमती मुर्छाई हो ॥ ११७ ॥ सखी सभाले दौड, दौड, भूमि से उसे उठावे । पखा करके कहे उस ताईं, वर राजा वो आवे हो ॥ य० ११८ ॥ नाना भाति सखियो ने मिल के, दवा करी चित्त लाई । फिर तो राजमति सचेत हो, तुरन होश मे आई हो ॥ य० ११९ ॥ युगल कपोल पर केश बिखरे हैं, आंसू भीगी साडी । करे विलाप ऐसी नहीं जानी, क्यों हृदय से काडी हो ॥ य० १२० ॥ दांया अग फरका था जब से, संदेह था मन माईं । कहा नेमी कहां हत-भागिन मैं, जोड मिले क्यों आई हो ॥ य० १२१ ॥ पाणि-ग्रहण नहीं करना था तो, लाये क्यो वारात । सत्पुरुष और समुद्र मर्यादा, तजे नहीं दिन रात हो ॥ य० १२२ ॥ हे प्रीतम नहीं वांक आपका, यह कर्मों का दोष । ऐसा विचार के राजमती रही,

निज माग्य न कोस हो ॥ य० १२३ ॥ दम्पतियों के माहीं मैंने, डाला होगा भय । वही कर्म इस भव के माहीं, ऐसा होगा खेद हो ॥ य १२४ ॥ सखी कहे क्यों सोच करे तू वह था ग्रामी फोक । गार्हस्थ जीवन निभा सकने में था वह पति डरपोक हो ॥ १२५ ॥ विवाह किये के बाद त्यागता होता बड़ा अकाज । तम स भी था वह सांवरा नहीं थी लौकिक लाज हो ॥य० १२६॥ अभा कुवारी तुम कन्या हो कुछ नहीं हुआ बिगार । सुन्दर वर संग विवाह करेगा नृप रानी इस बार हो ॥ य १२७ ॥ सुनी सखी की बात राजमती बोली सब ललकार । नेमीश्वर सा तीनों लोक में नहीं दूजा अनुहार हो ॥ य १२८ ॥ मन वच स पति मान चूकी हूं, दूजा वर नहीं होय । कुल्टा की बातें मुझ आगे मत कहना अब कोय हो ॥ य० १२९ ॥ विवाह नहीं किया मुझ साथे, दीक्षा तो वे लसी । अन्म मरणका दुख मेटने हैं पूर हितैसी हो ॥ य० १३० ॥ सखियां सुन के रही मौन कर राज मतीजी ग्रास । नाना भांति संदेशा भेजे, अपन नेम के पास हो ॥ य० १३१ ॥ राजमती क मात पिता यों बोले आंसू डार । सुन के अरा तू बात हमारी करस कुछ विचार हो ॥ य० १३२ ॥ हे बेटी ! तू अक्षत कुमारी, चिन्ता दूर निवार । अन्य पुरुष संग विवाह करेंगे नहीं इसमें बिगार हो ॥ य० १३३ ॥ राजमती कहे माय-पुत्री का विवाह होय एक बार । पति त्यागे या विधवा होय, अन्य न वरना लगार हो ॥ य० १३४ ॥ मेरा विवाह सो होय चूका है नेमनाथ के लार । माता कहे यों कैसे हुआ वह, भाषा म नेम घर द्वार हो ॥ य० १३५ ॥ हृदय से मैं नेमिनाथ को पति किया स्वीकार । इस कारण तुम मात पिताजी करा न काइ विचार हो ॥ य० १३६ ॥ व्रतावली मत वन ए बटा !, काम बलवान । बड़े बड़ों का पागल कर दे तू नादान हो ॥ य० ॥ १३७ ॥ हे माता ! यदि विवाह दान पर जो विधवा हो जाती । सब की सम्मति में पाती हो ॥ १३८ ॥ मात पिता अन्तिम उत्तर सुन बिल्कुल हुवे हताश । काम दीपन के समय माताजी ! क्या विश्वास हो ॥ य० १३९ ॥ दिन रात सखियां समझावें रत्न न होवे काच । राजमती ने एक न मानी रहगई सब अवाच

हो ॥ य० १४० ॥ नेमिकुमार उस समय आपने देखा लगा के ज्ञान । राजमती के मन की बाते, लो आपने जान हो ॥य०
१४१ ॥ वार्षिक दान पूर्ण होने पर, शक्रादि सुर इन्द्र । दीक्षाभिषेक किया नेम का, मिल के चोसठ इन्द्र हो ॥ य० १४२ ॥ नोर
मुकुट काना युग कुण्डल, हृदय अमोलक हार । आभरण से अलंकृत करके, सुर नर मिल उस वार हो ॥ य० १४३ ॥ रत्न
सेविका बीच नेम को, बिठलाया उस बार । देव मनुष्य मिल तोके सेविका, खुशी का नहिं है पार हो ॥ य० १४४ ॥ सौ धर्म
इन्द्र और ईशान इन्द्र ने, कर मे चवर लिये धार । सनत्कुमार ने छत्र रखा है, माहेन्द्र ग्रही तलवार हो ॥ य० १४५ ॥ ब्रह्म
इन्द्र ने दर्पण ले लीना, कुम्भ को लान्तक,जान । महाशक्र के पास स्वस्तिक है, सहसार धनुष्य लो मान हो ॥य०१४६॥ प्राणत
इन्द्र के पास श्री वत्स है, नन्दावर्त अच्युत खास । चवर इन्द्रादि शेष शक्रो के, धारण का लिया चास हो ॥ य० १४७ ॥ मात
पिता बलराम कृष्णजी, सग मे है परिवार । नेमनाथ का चला जुलूस यों, राज मार्ग उस बार हो ॥ य० १४८ ॥ जय जय नदा
जय जय भद्दा, बोलें सब जयकार । बाजा बाजता अति जोर का, मगल गावे नार हो ॥ य० १४९ ॥ रेवतागिरि के सहस्राम्र
वन मे, पहुचे हैं तिसवार । सेविका से धां उतर नेम ने, भूषण किया परिहार हो ॥ य० १५० ॥ श्रावण शुक्ला छठ सूर्योदय,
चित्राचन्द्र का योग । छठ तप में पचमुष्टि लोच यह, किया देख रहे लोग हो ॥ य० १५१ ॥ लोच समय कहे वासुदेवजी, मन
वाञ्छित झट फलजो । ज्ञान दर्शन चारित्र वाधक का, सग सदा थें तजजो हो ॥ य० १५२ ॥ केश देव दूष्य वस्त्र म ले, क्षीर
सागर डलवाया । दीक्षा लेते समय कोलाहल, होता बन्द रखवाया हो ॥ य० १५३ ॥ जगद्गुरु प्रभु नेमनाथ ने, सिद्ध को कर
नमस्कार । सर्व सावद्य योग त्याग के, सामायिक ली धार हो ॥ य० १५४ ॥ मनपर्यव ज्ञान हुआ तुरत ही, नेमनाथ के ताईं ।
एक हजार राजा दीक्षा ली, प्रभुजी के सग माईं हो ॥ य० १५५ ॥ इन्द्र और कृष्णादिक सारे, प्रणमीने भगवान् । रैवाचल से
वापिस आवे, पहुचे निज २ स्थान हो ॥ य० १५६ ॥ दुन्दुभि नाद गन्धोदक वृष्टि, वस्त्र अशर्फी जान । नभ से बोले देव दिव्य

पाखी मसो दियो है दान हो ॥ प० १५७ ॥ घाति कर्म को चय करन हित करते उम विहार। मुनिराज हैं संग में जिनके, पाप शुद्ध आधार हो ॥ प० १५८ ॥ इक नेम का छोटा भ्राता रथनेमि है कुमार। राजमती का रूप देखने मोहित हुआ अपार हो ॥ प० १५९ ॥ भेजे उसको सुन्दर अति वस्तु,कुसलाता न ताई। राजमती स्वीकार करे यह आली मन नहीं पाई हो ॥ प० १६० ॥ यह समझी आवा के याग स यह रखता है राग। यह समझे अब राजमती का, मुझ से हुआ अनुराग हो ॥ प० १६१ ॥ एक दिन राजमती स बोला खुब जमा क ढंग। योवन वृथा क्यों खाती हो तुम विवाह करा मुझ संग हो ॥ प १६२ ॥ मेरा भाव सांसारिक सुख से था बिल्कुल अज्ञात। मरी भावना स्वीकार करो यों, बोले नम्र हो बात हो॥प० १६३ ॥ राजमती उपदेश देयकर भांति भांति समझाया। कुसर पाज क्यों रथनमि के, जरा ध्यान नहीं आया हो ॥ प० १६४ ॥ एक दिन दूध पट भर पीना राजमती धीकार। उसी समय रथनमी आया पोला करके प्यार हा ॥ प० १६५ ॥ औषध स पय वमन करा दे, अनक थाल के माई। रथनेमी कुछ पीछे हटकर, मुख को लिया फिराई हो ॥ प० १६६ ॥ राजमती कह रहनेमी मे पास हमारे आया। वमन किया हुआ इस पयको, जल्दी तुम पी जाओ ॥ १६७ ॥ इतना सुनक रथ नेमी का क्रोध बदन में छाया। क्या कोया या कुत्ता समझा, जो यह वचन सुनाया हो ॥ प० १६८ ॥ निज स्वरूप सुन्दरता मद में, गिनो न तुम इन्सान। भद्र पुरुष का इस प्रकार से करती क्यों अपमान हो ॥ प० १६९ ॥ राज कुयर मत क्रोध करो तुम, रक्खो धैर्य दिल स्थान। यह तो कसम तेरे प्रेम की, करती हूं पहिचान हो ॥ प० १७० ॥ मेरे साथ विवाह करन में होता तू तयार। फिर क्यों वमन किए दूध को, पीने में इनकार हो ॥ प०१७१ ॥ राजमती तो नेमनाथ की,त्यागी हुई है नार। तू लघु भ्रात मेर स्वामिन्द्र का क्यों कर करे स्वीकार हो ॥ १७२ ॥ राजमती के मुख से सुन यों रहनेमि हुआ चूप। लज्जित होकर छोटा निज घर बना मुख बदरूप हो ॥ प० १७३ ॥ राजमती की पढ़ी लगन जब मिले नेम भगवान। आशा अमर आन हृदय

संयम ले लिया ऐसा राजमती,
में, धरती उनकी ध्यान हो ॥ य० १७४ ॥ मोह ममत्व ससार से छोडी, अरिष्टनेमि भगवान । सब आशा पर पानी फिर गया, धिग
सुन पाई जब कान हो ॥ य० १७५ ॥ बहुत दुख उसको हुआ सरे, दर्शन नहीं कर पाई । पड रहे ऐसे कष्ट भोगने व्याकुल हुई मन
जीवन जग माई हो ॥ य० १७६ ॥ मैंने कौन से पाप किये थे, जिसका फल यह पाई । तब तो राजमती को होगया, जाति स्मरण ज्ञान हो ॥ य०
माई हो ॥ य० १७७ ॥ देखे मैंने किसी जन्म मे, यही नेम भगवान । नवमें भव मे एकान्त त्याग का, चाहे पालना नेम हो ॥य०१७६॥
१७८ ॥ जान लिया अपना और प्रभु का, आठ भवो का प्रेम । मैं भी दीक्षा धारण करूगी, जग से मोह निवार हो ॥ य० १८० ॥ नेम–दीक्षा
सयम द्वारा पाना चाहे, शिवपुर सुख अपार । आके बेटी पास देखे तो, ढग वही दिखाता हो ॥ य०१८१ ॥ हे सुपुत्री ! सयम लेन का,
का समाचार सुन, राजमती की माता । मानो लोहे के चने चवाना, ज्यों है सैन्ट्रल जेल हो ॥ य० १८२ ॥ इस प्रकार कर मात पिता ने, खूब उसे
नहीं बच्चो का खेल । राजमतीजी एक इच भी, पीछे हट नहीं पाई हो ॥ य० १८३ ॥ मात पिता ने जान लिया है, लगा सयम भार ।
समझाई । राजमतीजी एक इच भी, पीछे हट नहीं पाई हो ॥ य० १८४ ॥ राजमती उपदेश दिया है, सखियों को फिर भारी । सात सो
अपने को बाधक रूप होना, उचित नहीं लगार हो ॥ य० १८४ ॥ राजमती उपदेश दिया है, सखियों को फिर भारी । श्रीकृष्ण आदि
सखियां हुई वैरागिन, सयम लेन को सारी हो ॥ य० १८५ ॥ उग्रसैन ने राजमती का, महोत्सव खूब मनाया । कर सयम स्वीकार
यादव भी, शरीक होने को आया हो ॥ य० १८६ ॥ सुन्दर बालो का राजमती ने, तुरत लोच कर डाला । राजमती श्री आर्याजी की,
प्रसन्न हो, छोड़ा मोह जजाला हो ॥ १८७ ॥ तब ही सात सो सखियों ने भी, लीनो सयम भार । घोर ससार सागर को तिरकें, जल्दी होजो
शिष्या बनी उदार हो ॥ १८८ ॥ उग्रसैन हरि हलधर बोले, कीना अच्छा विचार । उग्रसैन हरि हलधर आदि घर आये उस वार हो
पार हो ॥ य० १८९ ॥ इतना कहकर महासती को, करके फिर नमस्कार । अल्प दिनों मे बहु श्रोता हो, करती आत्म–उद्धार हो
॥ य० १९० ॥ लगी विचरने राजमती निज, शिष्या के परिवार ।

॥ य० १६१ ॥ तप दीक्षा स धकर मौना ! चौपन दिन तक जान । भूमण्डल में विचर प्रतिबोधे नमिनाथ भगवान हो ॥ य० १६२ ॥ रैवतगिरि सहस्राम्र वन में, नेम प्रभुजी आया । बैंतस वृक्ष के नीचे अट्ठम तप करके ध्यान लगाया हो ॥ य०१६३॥ शुक्ल ध्यान से घनघाति क चारों कर्म खपाया । आश्विन मास की अमावस्या दिन चित्राचन्द्र सग आया हो ॥य० १६४॥ केवल ज्ञान केवल दर्शन जब नेमनाथ प्रभु पाया । केवल कल्याण का महोत्सव मिल के चौंसठ इन्द्र मनाया हो ॥ य० १६५ ॥ समवशरण की रचना कीनी, देवी देवता आया । उद्यान-रक्षकों ने आ प्रभु का कृष्ण को हाल सुनाया हो ॥ य० १६६ ॥ साढ़े बारह क्रोड़ सोनैया इनाम में दे दीना । नेम वन्दन की लग रही जल्दी, वाणी अमृत पीना हो ॥ य०१६७॥ गजारूढ़ हो हरी हलधरजी सग में स परिवार । दश दशार्ह आर कइ कुमार हैं राजा सोलह हजार हो ॥ य० १६८ ॥ सहस्राम्र वन में चल आय छत्रकर तजी सवारी । राज चिह्न तज समवशरण में चरण धरे गिरधारी हो ॥ य० १६६ ॥ सौधर्म इन्द्र के पीछ हरजी बैठे सपरिवार । इन्द्र हरि मिल करें स्तुति प्रभु की कइ प्रकार हो ॥ य० २०० ॥ दवें देशना नेम प्रभुजी, सुनओ सब भव्य प्रानी । मनुष्य जन्म दुर्लभ मिलता है, धर्म करो हित जानी हो ॥ य० २०१ ॥ समस्त सम्पदा विद्युतवत् है सपना स्वप्न समान । यौवन वत्स-छाया सम जाना, क्षणभुर तनु अनुमान हो ॥ य० २०२ ॥ इसलिय ससार असार में त्रिरत्न है सार । सम्यक् दर्शन ज्ञान चारित्र स, सफल करा अवतार हो ॥ य०२०३ ॥ नव तत्त्वों पर श्रद्धा रखना सम्यग्दर्शन जान । सभी भाँति तत्त्वों का बोध हो यही कहाव ज्ञान हो ॥ य० २०४ ॥ सावद्य योग से विरक्त होना यही चारित्र बतलाया । देश-चारित्र श्रावक के व्रत हैं सर्व व्रती मुनिराया हो ॥ य० २०५ ॥ ऐसा उपदेश सुन राजा वरदत्त परम वैराग्य में आया । इतने में हरि हलधर वामों प्रश्न एक उठाया हो ॥ य० २०६ ॥ हे प्रभो ! प्रेम करे जग तुम से, अपना जान कल्यान । अधिक राजमती का प्रेम है, कारण कहो सुजान हो । य० २०७ ॥ धन धन धनवती के भव स

आठों भव अधिकार । अपना राजमती के सम्बन्ध का, कहा सभी विस्तार हो ॥ य० २०८ ॥ राजा वरदत्त को दीक्षा दे, प्रभु
ने शिष्य बनाया । दो हजार क्षत्रिय दीक्षा ली, जो दर्शन को आया हो ॥ य० २०९ ॥ धन के भव मे धनदत्त और, धनदेव थे
माई । अपराजित भव विमल बोध था, एक मत्री सुखदाई हो ॥ य० २१० ॥ वे तीनों मेरे ही सग मे, भ्रमण करते संसार । इस
भव मे वे तीनों नृप हुवे, वेभी आये इस वार हो ॥ य० २११ ॥ भगवन मुख से राजमती का, सुन सारा अधिकार । जाति
स्मरण ज्ञान पाय के, लीना सयम धार हो ॥ २१२ ॥ वे तीनो और वरदत्तादि, ग्यारह बने गणधार । उत्पाद व्यय अरु ध्रौव्य
सुन के, रचे अग उसवार हो ॥ य० २१३ ॥ अनेक कन्याओं को साथ ले, यक्षिणी राजदुलारी । दीक्षा ले किया ज्ञान सम्पादन,
प्रवर्तनी पद को धारी हो ॥ य २१४ ॥ दश दशार्ह और उग्रसेन ने, प्रद्युम्न शाम्बकुमार । इन सभी ने श्रावक-व्रत को, कर
लिय अगीकार हो ॥ य० २१५ ॥ चतुर्विध यों सघ को स्थापा, करके विधि विधान । तदनु जनता नमी नेम को, पहुचो निज
निज स्थान हो ॥ य० २१६ ॥ दूजे दिन के प्रथम याम मे, प्रभु ने ज्ञान सुनाया । दूजे पहर मे वरदत्त मुनि ने, मार्ग खूब सुझाया
हो ॥ २१७ ॥ गोमेध देव हुआ शासन रक्षक, आम्बिका देवी उदार । दूजा नाम कूष्माण्डी है तस, सुमरे हो सुखकार हो
॥ य० २१८ ॥ नेमनाथ भगवान विराजे, जिस समय गिरनार । देवी देवता राजा प्रजा मिल, सेवा करे हर वार हो ॥ य०
२१९ ॥ थी उत्कण्ठा राजमती के, दर्शन की मन माइ । निज शिष्या-परिवार साथ ले, गिरि गिरनार सिधाई हो ॥ य०२२०॥
चढ़ रही थी वह पर्वत ऊपर, धरके प्रभु का ध्यान । इतने आंधी पानी का फिर, आया प्रचड तूफान हो ॥ य० २२१ ॥ धूल के
कारण छाया अधेरा, सूझे न पथ के माइं तित्तर वित्तर हुई साध्वी, ध्यान वधा कछु नाइ हो ॥ य० २२२ ॥ रहगई सती राज-
मतीजी, देखो अकेली आप । कपडे सारे भीग गये हैं पानी पड़ा अनाप हो ॥ २२३ ॥ समय बाद अधकार हुआ कम,
ढिग गुफा दिखलाई । वस्त्र सुखाने के कारण वह, निर्जन गुफा में आई हो ॥ य० २२४ ॥ राजमती सती नग्न होय के

सब सभा मुरझाया। दमक दमक बिजली समान ज्यों इसका तन चमकाया हो ॥ भ० २२५ ॥ वसी गुफा रथनेमि धर्म को चिन्तवन करता मांइ। अन्धकार के कारण सती को यह न दिया दिखाइ हो ॥ भ० २२६ ॥ देख नग्न शरीर सती का रथनेमि अणगार। धैर्य ज्ञान ध्यान सब छूटा आगृत हुआ विकार हो ॥ भ० २२७ ॥ पहले से मोहित था इस पर, नहीं मुझको स्वीकारा। किन्तु तपस्या करके मुझसे मोह का भुजंग उतारा हो ॥ भ० २२८ ॥ जिस से मैं विरक्त होयके नेम भ्रात के लार। संयम ले के साधु हुआ मैं, तज जग का व्यवहार हो ॥ भ० २२९ ॥ वही अनूपम आज सुन्दरी मिली एकान्त के मांइ। विकारवान होके कुचेष्टा करने लगा हुलसाइ हो ॥ भ० २३० ॥ जान लिया कोइ पुरुष भीतर है तब तो करी चतुराइ। अङ्गोपाङ्ग ले राजमतीजी, बैठ गई के मांइ हो ॥ भ० २३१ ॥ गीले कपड़े डाल शरीर पर बोली वह ललकार। कौन तुम बैठा एकान्त मांइ कर कपट व्यवहार हो ॥ भ० २३२ ॥ मैं हूं रथनेमि सुन प्यारी! रञ्च भय मत लाओ। तुम्हें देख के भ्रम उपजा है, तुम भी भ्रम दिखाओ हो ॥ भ० २३३ ॥ हे भद्रे! हे मधुरभाषणी! मानों बात हमारी। अबके का क्यों कष्ट सहो पूरूं आशा तुम्हारी हो ॥ भ० २३४ ॥ पहले दुर्लभ मनुष्य, भोगो भोग उदार। भुक्त भोगी होन के बाद फिर जिन मग लेंगे धार हो ॥ भ० २३५ ॥ चरित्र दूषित सुन रथनेमि की भी सारा ही बातें। राजमती ने जाना अब यह, संयम से भग जाता हो ॥ २३६ ॥ राजमतीजी पूर्ण विदुषी, है दृढ़ व्रत के मांइ। नीचे नयन करके या बोली रथनेमि के तांइ हो ॥ भ० २३७ ॥ रथनेमि क्या मन का बिगाड़ फसू न आस मझार। शक्रेन्द्र भी तूं बन के आवे तो भी न इच्छू लगार हो ॥ भ० २३८ ॥ अगन्धन कुल में आया सर्प वह पड़ अग्नि के मांइ। वमन करा विष का नहीं इच्छे क्यों समझे विषवाद हो ॥ भ० २३९ ॥ भोजविष्णु की हूं मैं पुत्री दृढ़ प्रतिज्ञा धारा। अपने धर्म को नहीं छोडूंगी मर मिटूं इसवारी हो ॥ भ० २४० ॥ अन्धग विष्णु के पुत्र होय के कुल का करो विचार। त्यक्त विषय को चाहो भोगना मरना तुम्हें

मुनिघात जिन धर्म उपेक्षा, बोधि
श्रेकार हो ॥ य० २४१ ॥ सती के सतीत्व को नाश करे अरु, धर्म का द्रव्य खा जावे । हरड तरु ज्यों उखड़ पडोगे, अस्थिर रहे
बीज नहीं पावे हो ॥ य० २४२ ॥ ग्राम नगर मे तुम विचरोगे, सुन्दर देखी नार । संयम मार्ग ग्रहण करी मत, जन्म मरण वढ़ाओ
विचार हो ॥य०२४३॥ अपने कृत्य का पश्चाताप कर, प्रतिज्ञा पूर्ण निभाओ । जिस प्रकार अंकुश लगने से, हाथी आवे स्थान हो
हो ॥ य० २४४ ॥ रथनेमि का हुआ हृदय शुद्ध, सुनी सती से ज्ञान । स्वतः से बना अपराध उमी का, क्षमा मागने लागे हो ॥ य०
॥ य० २४५ ॥ लज्जित होकर मस्तक झुकाया, राजमती के आगे । भवसिन्धु मे, डूबत मुझको, ले लीना उबार हो ॥ य० २४७ ॥ फिर
२४६ ॥ हे सती ! मुझ ऊपर आपने, बहुत किया उपकार । प्राण जांय तो भले जाय पर, मन न करूगा दण्डित हो ॥ य० २४८ ॥ सुन
से प्रतिज्ञा करता हू मैं, पुनः न करूगा खण्डित । अब भी धर्म को शुद्ध पालोगे, पाओगे आह्लाद हो ॥ य० २४९ ॥ राजुल जब निकल
प्रतिज्ञा राजमती ने, दिया उन्हें धन्यवाद । शिष्यां सबहा ढूढ रही थीं, मिली प्रेम जनाई हो ॥ य० २५० ॥ ले शिष्या को राजमतीजी,
गुफा से, गिरिके पथ पर आई । विधि सहित वदना करके, दर्शन कर सुख पाई हो ॥ य० २५१ ॥ चातुर्मास उस उपवन माहीं, करके जग-
नेमनाथ पां आई । तदनु विहार किया है वहां मे, भव्यो का करन उद्धार हो ॥ य० २५२ ॥ गांव नगर पूर पाटन विचर कर, किया खूब
दाधार । पुनरपि आये शहर द्वारिका, ठहरे बाग मझार हो ॥ य० २५३ ॥
उपकार ।

सागर श्राद्धक

शहर द्वारिका में बसे, सेठ बड़ो धनसेन । कमलमाला तस सुता, है घर में सुख चैन ॥ १ ॥

सागरचन्द्र श्रावक क्षमा धारीन, गया सुरलोक में ॥ टेक ॥ उग्रसेन के पुत्र नभसेन से, करने काज सगाई । पास चल रही थी उसी समय में नारद मुनि गये आई हो ॥ सा० १ ॥ कारयश उस नभसेन ने नहीं किया सत्कार । उसके ऊपर कुपित होके नारद गये सिधार हो ॥ सा० २ ॥ बलराम का सुत निषध है तस सुत सागरचन्द्र । शाम्बकुंवर का मित्र मित्र है क्षीर नीर सम्बन्ध हो ॥ सा० ३ ॥ सागर के घर नारद आया सागर ने सत्कार । पूछ नारद से कोई घटना बतलाओ इसवार हो ॥ सा० ४ ॥ ऋषि कहे धन सेन सेठ के, कमला है सुखारी । ऐसी अनूपम सुन्दर कन्या नहीं दूसरी कोई भारी हो । सा० ५ ॥ इतना कह नारदजी आये अपने स्थान के मांई । सागरचन्द्र के मन में तपस कमला मिलन चित चाई हो ॥ सा० ६ ॥ वहां से चल कमला के घर पर नारद ऋषिजी आया । कमला नम्र हो पूछे नारद से कहीं क्या आश्चर्य पाया हो ॥ सा० ७ ॥ आश्चर्य यही सागरचन्द्र सा नहीं देखा कहीं रूप । दूजा आश्चर्य नभसेन सा, नहीं दूजा कुरूप हो ॥ सा० ८ ॥ नारद से सुन करके बातें भूल गई नभसेन । सागर की अनुरागी होगई मानो मन सुखचैन हो ॥ सा० ९ ॥ कन्या का अनुराग सभी सागर को आन जिताया । फिरतो उसके प्रेम पीच में सारा भान भुलाया हो ॥ सा० १० ॥ उस को व्यथित सुन करके सभी सज्जन भयो था सारा । शाम्बकुंवर मिलने को आया, नहीं ध्यान लगाता हो ॥ सा० ११ ॥ सागर बोला यही विचार में, आई कमला माला । शाम्बकुंवर कहे कमला सखी को, मैं हूं मिलान वाला हो ॥ सा० १ ॥

सागरचन्द्र कहे सच्चा मन्त्री, मेरा शाम्ब कुमार। मम कार्य करने को समर्थ है, निश्चय लिया है धार हो ॥ सा० १३ ॥ वचन बद्ध होगया आज मैं, शाम्ब कुमर को जाना। जब तो सोचे ज्यों त्यों करके, होगा पार लगानो हो ॥ सा० १४ ॥ नभसैन के विवाह का दिन, निकट पहुचा आन। शाम्बकुमर प्रज्ञप्ति विद्या का, समरं पूरे ध्यान हो ॥ सा० १५ ॥ फिर अपने सब मित्रों को ले, एक उद्यान मे आई। सुरग द्वारा कमलामेला को, घर से ली बुलवाई हो ॥ सा० १६ ॥ सागरचन्द्र के सग ब्याह वहाँ, विधि सहित करवाया। वह सागर से अनुरागी थी, तासे वल नहीं आया हो ॥ सा० १७ ॥ इधर विवाह के समय सुता का, घर मे पता न पाया। सागर से होगया विवाह है, यह सुनने मे आया हो ॥ सा० १८ ॥ विद्याधरी का रूप धार कई, यादव बैठे आई। कमलामेला प्रसन्नचित्त से, बैठी है बीच माई हो ॥ सा० १६ ॥ उग्रसैन नृप कहे कृष्ण से, मेरे सुत की माग। विद्याधरी ने हरण करी है, जिसकी तन में आग हो ॥ सा० २० ॥ कोपित कृष्ण उपवन मे आये, तब निज रूप को धार। सागर शाम्ब कमलामेला या, नमें आय चरनार हो ॥ सा० २१ ॥ कृष्ण देख चकित हो बोले, सुनरे शाम्बकुमार। आश्रित है नभसैन हमारे, कीना क्यों थें बिगार हो ॥ सा० २२ ॥ शाम्ब-कार्य की निन्दा करके, हरि नभ को समझाया। किया कर्म इसने है बेजा, अब तो यह हो पाया हो ॥ सा० २३ ॥ विवाह तुम्हारा करवा दूगा दूजी कन्या लार। यों समझा के नभसेन को, भेजा उसके द्वार हो ॥ सा० २४ ॥ कमलामेला और सागर को, निज घर पर भिजवाया। सिरी कृष्ण बाग मे चलकर, निज महलों मे आया हो ॥ सा० २५ ॥ नभसैन सागर के सग मे, रक्खे वेर सदाई। मगर जोर नहीं चले इसी से, रहता चुप मनाई हो ॥ सा० २६ ॥ एक बर द्वारिका बाहिर, नेम प्रभु पधारे। सागरचन्द्र सुन हर्षित होके, जय के लगावे नारे हो ॥ सा० २७ ॥ आप प्रभु का दर्शन करके, वाणी सुन हर्षाया। द्वादश व्रत श्रावक का धारी, विरक्त भाव मन लाया हो ॥ सा० २८ ॥ धर्म ध्यान नित्य करी हृदय में, माने परमानन्द। ममता तज समता को धारे, जग लख मिथ्या फंद हो ॥ सा० २६ ॥ इक दिन अभिग्रह धारण

करके, वाके नगर बहार। ध्यान धरा शमशान बीच में, जड़ चेतन भिन्न विचार हो ॥ सा० २० ॥ नभसेन उसके मित्रों को देखत रहत सदाई। सागरचन्द्र को देख अकेला, धीमा पास में आई हो ॥ सा० २१ ॥ अरे पाखण्डी क्या करता है तुम को ध्यान दिखाऊं। कमलामला के हरन का यह फल अब तुझे चखाऊं हो ॥ सा० २२ ॥ क्रूर-स्वभावी नभसेन ने फूटे घट को लाय। सागरचन्द्र के शिर पर रख के अग्नि भरदी मांय हो ॥ सा० २३ ॥ सागरचन्द्र ने समभावों से, सहन परिषह कीना। पंच परमेष्ठी स्मरण कर के डेरा स्वर्ग में दीना हो ॥ सा० २४ ॥ वहां से चय के मनुष्य जन्म पा फिर भी संयम लेगा। गुरु प्रसादे चौथमल्ल कहे, मुक्ति में डेरा देगा हो ॥ सा० २५ ॥

ढंढन—मुनि

प्रभु कहे कर्म अन्तराय, मत बांधो नर नार। इस पर ढंढन मुनि का, सुन लेना अधिकार ॥ १ ॥

ढंढन मुनिवर को, वन्दन नित्य होजो भारी प्रेम से ॥ टेर ॥ सिरी कृष्ण के रानी ढंढना, इन्द्रानी अनुहार पुत्र रतन जाया है उसने ढंढन नाम कुमार हो ॥ ढं० १ ॥ युवा अवस्था बीच कुंवर का सुन्दर बाला संग। विवाह किया खूब धूम धाम से धरके मन उमंग हो ॥ ढं० २ ॥ एक बार सुन प्रभु देशना विरक्त रंग रंगाया। सिरी कृष्णजी महोत्सव करके प्रभु के शिष्य बनाया हो ॥ ढं० ३ ॥ उसी दिन से प्रभु साथ में करत ग्राम विहार। धर्म निष्ठा के कारण मन मुनि करत इन स

और मुनि जो सगमे जावे, वे भी रहें निर आहार
प्यार हो ॥ ढ० ४ ॥ आहार हेतु भिक्षा को जावे, मिले न उनको आहार। यदि भूल के सग में होय तो, एकादशी हो जावे हो
हो ॥ ढ० ५ ॥ उनको छोड़ के जावें गोचरी, आहार बहुत मिल जावे । कोई नहीं ले जावे सगमें, देखो कर्न की माया हो ॥ ढ० ७ ॥
॥ ढ० ६ ॥ निविड अन्तराय कर्म बन्धा है, वही उदय में आया । धनिक बहुत यहां ढढन को फिर, क्यों न मिलता आहार हो ॥ ढ० ८ ॥
कई मुनि मिल प्रश्न करे यो, प्रभु से वारम्वार । पराशर ब्राह्मण था राजाके, दिवान बडा अभिराम हो ॥ ढ० ९ ॥ उसने
प्रभु कहे एक समय मगध मे, धान्य पूरक था ग्राम । भरी दुफेरी मे उन सब से, करवाया इकरार हो ॥ ढ० १० ॥ सरकारी खेती
एक दिन कृषको ताई, पकड लिए वेगार । कृषक घरो से, भोजन आया, तो भी पाडे फोडे हो ॥ ढ० ११ ॥ भूखे प्यासे ही कृषकों से,
जुतवाई, टके हाथ नहीं छोडे । एक चांस फिर भी कडवाई, देखत दृष्टि पसारे हो ॥ ढ० १२ ॥ कर्म अन्तराय बन्धा इसी से फिर
वैल भी प्यासे न्यारे । अनेक योनि मे भटक पराशर, ढढन रूप मे आया हो ॥ ढ० १३ ॥ उसी कर्म के उदय यहां पर, भिक्षा
वह मृत्यु पाया । इतना सुन ढढन मुनिवर को, विराग बहु मन छावे हो ॥ ढ० १४ ॥ पर लब्धी का आहार न लूगा, ढढन
ये नहीं पावे । आहार मिले न इन को तिल भर, फिरते घर घर द्वारी हो ॥ ढ० १५ ॥ छ महिने नहीं आहार मिला है, पिंजर
प्रतिज्ञा धारी । जरा खेद नहीं लावे मन में, समभावी मुनिराया हो ॥ ढ० १६ ॥ एक दिन हरजी आया माद से, नेमनाथ के
हा गई काया । कर वन्दन सम्मुख आ बैठे, करवद्ध होके खास हो ॥ ढ० १७ ॥ पुछे कृष्ण हैं मुनि आप के, अष्टादश हजार । उन मे
पास । मुनि कौनसा ऐसा, दुष्कर तप का धार हो ॥ ढ० १८ ॥ प्रभु कहे हैं सब मुनि मेरे, दुष्कर तप के धारी । पर सब मे ढढन मुनि
अधिके, सहे परिषहे भारी हो ॥ ढ० १९ ॥ कर प्रणाम गये कृष्ण शहर में, गज पर हो असवार । पथमे उनने देखे आते, वही
ढढन अनगार हो ॥ ढ० २० ॥ मुंह पर बधी मुहपत्ति जिन के, निची निगाह लगाई । आहार काज वे चक्कर काटे, इत उत

घरके माई हो ॥ह०२१॥ गम से स्वर प्रणाम करी ने, किया बहुत सत्कार । धन्य धन्य तुमने सफल करा है मानव का अवतार हो ॥ ह० २२ ॥ हरि की भक्ति देख सेठ ने मुनि को घरे बुलाया । भक्ति पूर्वक सत्कार करी ने लड्डू उन्हें बहराया हो ॥ ह० २३ ॥ आप प्रभु से कहे मन्दराय, कर्म क्षय हो पाया । मुक्त लब्धि का मोदक देखो आज हाथ में आया हो ॥ह०२४॥ हे वत्स ! तुम लब्धि का नहि, नहीं मिला है आहार । वन्दन करत देख कृष्ण को, दिया भोजन सत्कार हो ॥ ह० २५ ॥ कृपा कर लब्धि फरमाया दास किया के ताई । जिस कारण रह रह गई आलसा रही बात सवाई हा ॥ ह० २६ ॥ आप पड़ निवारण माम में कर्ई न धर लगार । ईंट आवाह पर्युष माखी से, लड्डू लिए निकार हो ॥ ह० २७ ॥ लड्डू चूर ज्यों उत्तम भाव से त्यों कर्मों का चूर । रहन अपाप्पर मन ता फिर से हो गय ज्ञान में पूरे हो ॥ह० २८॥ सुरत देवता केवल ज्ञान का महात्सव किना आन । कवल ज्ञान की बैठक माई प्रश्न किया है स्याम हो ॥ ह० २९ ॥ एस मुनियों के यश का गाके सम किव रत्न आराधा । गुरु प्रसाद चौथमल का अम्बरा कम मत पाम्धा हो ॥ ह० ३० ॥ नमनाथ प्रभु आये विचरते पाया नगर मझार । भीम नामका राजा वहां पर, सरस्वती पटनार हो ॥ ह० ३१ ॥ रानी जन्म स निरी मुग्धा है जिस से नृप हरान । पुछा कान कम से मूग्धा यह फरमाओ भगवान हो ॥ ह० ३२ ॥ पूर्व जन्म में हे राजन ! एक, पद्य नाम भूपाल । उसके पद्मा और चन्द्रमा भी दो रानी सुकमाल हो ॥ ह० ३३ ॥ राजा ने एक पद्य अथ को, पूछा पद्मा ताइ । तुरत उपाय पढाया उसने पथि रहा हर्षाई हो ॥ ह० ३४ ॥ उस पर पति का राग देख कर चन्द्रन रोष भर आइ । ज्ञान उपकरण को ले कर उसके, फेंके आग के माह हा ॥ ह० ३५ ॥ इस जन्म में वही चन्द्रना बनी तुमारी रानी । पूर्व संचित कर्मों का फल यों भोगे है मझानी हो॥ह०३६॥पूछे सरस्वती इस कर्म का कैसे होवे नाश । ज्ञान पचमी करो आराधन होय ज्ञान प्रकाश हो ॥ह० ३७

---

७ गुण ग्राहकता

अवगुन उर धारे नहीं, गुण ग्रहे हरबार । मनुष्य क्या सुर लोक मे, महिमा होत अपार हो ॥ १ ॥

सुर नर गुण गावे कृष्ण मुरार का पूरे गुणग्राही ॥टेक॥ एक समय शक्र इन्द्र सभा मे, बोले इस प्रकार । भरतक्षेत्र में
शहर द्वारिका, भूपति कृष्ण मुरार हो ॥ सु० १ ॥ दोषो को त्याग गुण कीर्तन करते, हैं पुरे गुणग्राही । युद्ध मे भी न्याय नीति
पूर्वक, लेते काम सदाही हो ॥ सु० २ ॥ इन्द्र की बात पर एक देव ने, नहीं करा विश्वास । परीक्षा हेतु आया द्वारिका, ठेट हरि
क पास हो ॥ सु० ३ ॥ उस समय हरि वन क्रीडा को, जा रहे वन माहि । मरा कुत्ता ज्यों बना देव ने, डाल दिया फिर वाहे
हो ॥ सु० ४ ॥ उसके मुख की दुर्गन्ध कारण, रहागीर नाक चढावे । किन्तु कृष्ण देखी कुत्ते को, मुख से यों फरमावे हो
॥ सु० ५ ॥ इस काले कुत्ते के देखो, कैसे दान्त हैं सुन्दर । मानो मरकत रत्न की थाल मे, मोती सजाए अन्दर हो ॥ सु०
६ ॥ फिर देवने धाड़ पाड़ू का, खासा रूप बनाया । सुन्दर अश्व एक सिरी कृष्ण का, तुरत चुरा के लाया हो ॥ सु० ७ ॥
इस पर अनेक सैनिको ने मिल, उसका पिछा किना । उन सभी वीरो के ताई, पराजित कर दिना हो ॥ सु० ८ ॥ सुनी हाल
लपक कर दौड़े, स्वयं ही कृष्ण मुरार । कहां ले जावे धूर्त ! घोड़े को, बोले कर ललकार हो ॥ सु० ९ ॥ मेरे बैठन का है
यह घोड़ा, तुमको नहीं मिल पावे । यदि लेना यह चाहो घोडा, मुझ से युद्ध मचावे हो ॥ सु० १० ॥ देव कहे बाहु युद्ध
आदिक, मुझ को नहीं पसन्द । पीठ युद्ध करने को चाहू, जो तुम करो गोविन्द हो ॥ सु० ११ ॥ इतना सुनी कृष्ण हंस

लाता। दूजा लालची था वह पूरा, स्वार्थ ही दिखलाता हो ॥ सु० २६ ॥ एकबार श्री कृष्ण ने पूछा, धरके दिल में दाज। दोनों वैद्यों की गति कौनसी, होवेगा जिनराज हो ॥ सु० ३०॥ स्वार्थी वैद्य तो नरक सातमी, उत्पन्न होगा जाय। वैतरणी विन्ध्याचल पर्वत मे, होगा वन्दर राय हो ॥ सु० ३१ ॥ उस वन में सार्थवाह सगमें, आवेंगे मुनिराय। काटो चुभने से एक साधु, रूक जावे वही आय हो ॥ सु० ३२ ॥ मुनि को देख युथपति बानर ने, जाति स्मरण पाया। तब विशल्या और रोहिणी, औषध गिरिसे लाया हो ॥ सु० ३३ ॥ विशल्या लगाने स मुनि पग को तुरत निशल्य वनाया। रोहिणी लगाये पूर्ण रूप से, स्वस्थ हुए मुनिराया हो ॥सु० ३४॥ फिर मुनि को भूमि पर लिखकर, बानर दिया जनाई। मैं वैतरणी नामा वैद्य था, शहर द्वारिका माई हो ॥सु० ३५॥ मुनि से ज्ञान सुन तीन दिन का, अनशन बानर ठाया। देव होय सहस्रार स्वर्ग में, अवधि ज्ञान लगाया हो ॥सु० ३६॥ देव आय कहेगा मुनि से, तुम कृपा रिद्ध पाई। फिर मुनि को मिला मुनि सग, सुर जावेगा सिद्धाई हो ॥सु० ३७॥ इतना सुन हरि आया शहर में, करके यो नमस्कार। नेम प्रभुजी वहां से फिर तो कर दीना विहार हो ॥सु० ३८॥ भूमण्डल मे आप विचर कर, करते पर उपकार। वर्षा ऋतु के पहले द्वारिका, प्रभुजी गये पधार हो ॥सु० ३९॥ एक दिन हरिजी सेवा करते, पूछा इस प्रकार। वर्षा काल मे आप मुनिगण, क्यों नहीं करत विहार हो ॥ सु० ४० ॥ वर्षा काल में त्रस स्थावर की, उत्पत्ति बहु होवे। इस कारण नहीं करे विहार मुनि, जीव रक्षा को जोवे हो ॥सु० ४१॥ सत्य वचन है आपका, यों कही कृष्ण सिधाया। वर्षा काल में अधिक फिरना, खुद ने बन्ध रखाया हो ॥सु० ४२॥ सपरिवार नेम वन्दन को, पुनः मोहन एक वार। आए वाग मे कर नमन यों, बैठे सभा मझार हो ॥सु० ४३॥ उसी दिन नेमिनाथ प्रभु ने, यति धर्म विस्तारा। सुन के जनता बोली मोद से, यही करे निस्तारा हो ॥सु० ४४॥ कृष्ण कहे मुझ से नहीं पलता, मुनि धर्म इस वार। कर दलाली दीक्षा दिलवाऊ लीनी प्रतिज्ञा धार हो ॥सु० ४५॥ ले अभिग्रह राज भवन मे, लौट कृष्णजी आया। उसी रोज से करी दलाली, कई

को मुनि बनाया हो ॥सु० ४६॥ एक दिन श्रीमाधवजी ने समस्त मुनि के ताई। विधि विधान से वन्दना करते थकान उनको आई हो ॥सु० ४७॥ हे भगवन् ! संग्राम तीन सौ साठ कर जिसवार। अब तो मम मालूम नहीं हुआ, क्यों हुआ इस बार हो ॥सु० ४८॥ आज आप बहु पुण्य कमाया, क्षायक समकित पाया। बांधा तीर्थकर गोत्र सर्वोपरि, भंजनादि कर्म घटाया हो ॥सु० ४९॥ हरि के समान एक वीर पुरुष ने की वन्दना बहु बार। थका नहीं वह देख प्रभु तब, पूछे आप मुरार हो ॥सु० ५० ॥ मुझ से वन्दना अधिक कारक को फल हुआ सुविशेष। प्रभु कहे अनुकरण करने से कवल काय क्लेश हो ॥सु० ५१॥ द्रव्य वन्दन से भाव वन्दन का, फल बड़ा है भारी। इतना सुन प्रणाम करी ने गया आप सिधारी हो ॥सु० ५२॥

राजकुमारों की दीक्षा

चारित्रावरणी कर्म का, क्षयोपशम जब होय। चारित्र तभी धारन करे, सुन लीजो सब कोय ॥ १ ॥

धन धान धर्मी के पूर्ण पुण्यवानी हो जिस जीव की ॥ टेक ॥ उसी काल और उसी समय में शहर द्वारिका माइ। अंधक विष्णु भूप धारिणी- रानी है सुख दाई हो ॥ ध० १ ॥ एक दिन माता श्री शय्या में, सिंह का सपना आया। मास सवा नौ पूर्ण हुआ पुत्र-रत्न को जाया हो ॥ ध० २ ॥ गौतम कुमार नाम रक्खा है, सबके मन में भाया। आठ वर्ष की वय होने पर, पाठक पास पढ़ाया हो ॥ ध० ३ ॥ तरुण वय में आठ नृप की, कन्या संग परणाई। आठ क्रोड़ का आया दहेज अब रहे महल के माई। चार प्रकार के देवा दुनवा मेवा करें सुखसाई हो ॥ध०४॥ श्रीकृष्ण गौतम कुमार भी दर्शन के हित आया।

वीतराग की वाणी सुन, वैराग कुवर को छाया हो ल० ६ आज्ञा मांगी आ माता से माता मूर्छा खाया। सावधान हो फिर नन्दन को, भाति भांति समझाया हो ॥ ल० ७ ॥ नहीं मान पर महोत्सव करके, संयम इन्हे दिलाया। लीजो मोक्ष यों दे शिक्षा फिर, मात पिता घर आया हो ॥ ल० ८ ॥ सुमति गुप्तियुत गौतम मुनिजी, आतम-साधन में लागे। निर्ग्रन्थो के प्रवचनो को, विचरें नित्य रख आगे हो ॥ ल० ६ ॥ अरिष्टनेमि के स्थविर मुनि से, पढे एकादश अंग। नाना भाति की करे तपस्या, तज प्रमाद का सग हो ॥ ल० १० ॥ अरिष्टनेम प्रभु नदन वन से, कर गये अन्यत्र विहार। भव्य जीवो को प्रतिबोधते, करते पर उपकार हो ॥ ल० ११ ॥ द्वादश भिक्षु की पडिमा का, तप आराधन कीना। गुणरत्न संवत्सर तप कर, पाप हवन कर दीना हो ॥ल०१२॥ प्रभु आज्ञा ले स्थवीर मुनि सग, शत्रुञ्जा पर जाई। मास सथारे कर्म काटने, गये मोक्ष के माई हो ॥ ल० १३ ॥ गौतम होगये सिद्ध आत्मा, दुःख गया सब नास। केवल ज्ञान केवल दर्शन में, करते अहो नित वास हो ॥ ल० १४ ॥ यो समुद्र, सागर गम्भीर स्थिमित और अचलकुमार। काम्पिल्य अक्षोभ प्रसेन विष्णु, यह तो राजकुमार ॥ ल० १५ ॥ इन सबको है माता धारणी, अंधक विष्णु पितु जान। गौतम कुमार ज्यों सयम लीना पहुचे मोक्ष दरम्यान हो ॥ल० १६॥ उसी द्वारिका के वासी हैं, अधक विष्णु राया। उनकी धारणी रानी ने सुत, आठ अनोखा जाया हो ॥ ल० १७ ॥ अक्षोभ सागर, समुद्र, हिमवंत, अचल धरण सुनाम। पूर्ण अभिचन्द ये सब जानो, विद्या में अभिराम हो ॥ ल० १८ ॥ इन आठों ने नेम प्रभु की, सुन के सुन्दर वानी। जन्म मरण से भयभीत होके, लीना संयम सुखदानी हो ॥ ल० १६ ॥ द्वादश पडिमा ग्रही भिक्षु की, गुणरत्न तप को धारा। सोलह वर्ष का संयम पाली, कर लीना निस्तारा हो ॥ ल० २० ॥ शत्रुजा पर करके सथारा, गौतम मुनि समान। कर्म खपा के केवल पाये, हुवे सिद्ध भगवान हो ॥ ल० २१ ॥ उसी द्वारिका नगरी माई, वसुदेव है राया। धारणी देवी सिंह सुपन लही, सारणकुमार को जाया हो ॥ ल० २२ ॥ पचास राजदुलारी परणी, दहेज यही विधी जान। सयम लीना नेम

बोली होश मे आई । मत वोलो यों बोल लाल ! तुम, मत जाओ छिटकाई हो ॥ ल० ९ ॥ सब नारी मिल करे विनति, गोवें आंसू डाल । निराधार हमको मत छोडो अहो सासु के लाल हो ॥ ल० १० ॥ सयम-मार्ग यह महा कठिन है, लीजो आप पहचानी । भांति भांति करके समझाया, उनने एक नहीं मानी हो ॥ ल० ११ ॥ छः ही सहोदर दीक्षा ले ली, मोह माया का छोड़ । आजीवन छट छट करन की, आज्ञा मांगी कर जोड हो ॥ ल० १२ ॥ ज्यो सुख हो वैसे ही कीजे प्रभु ने दिया फरमाय । प्रसन्न चित्त हो करे तपस्या, आत्म-ध्यान लगाय हो ॥ ल० १३ ॥ उन्हीं दिनों द्वारिका बाहिर, नन्दन वन उद्यान । अरिष्टनेम प्रभु समोसरे हैं, सग मे मुनि गुणवान हो ॥ ल० १४ ॥ शिष्यो माही छः शिष्य सहोदर, हैं वैराग्य के मांई । रंग रूप वय कर सम दीसें, अलसी फूल के ताई हो ॥ ल० १५ ॥ श्रीवत्स साथिया करके उनका, वक्षस्थल शोभावे । छः हो मुनि कुबेर के सुतवत्, सुन्दर अति दिख पावे हो ॥ ल० १६ ॥ छः भाइयो के आया पारना, एक ही दिन के मांई । तीन सिघाड़ा होके आये, नीची निगाह लगाई हो ॥ ल० १७ ॥ एक सिंघाड़ो आयो महल मे, देवकी के निवास । देख मुनि को स्वागत कीना, जाके उनके पास हो ॥ ल० १८ ॥ केशरीयां मोदक से रानी, भर के पूरी थाल । उलट भाव कर हाथो से, बहराया तत्काल हो ॥ ल० १९ ॥ जिसका चित्त देने का होवे, उस घर वित्त न जोय । वित्तवान का चित्त न होव, चित्त वित्त पुण्य से होय हो ॥ ल० २० ॥ चित्त वित्त दोनो आन मिले पर, फिर दे पात्र को दान । पात्र वडा ससार वीच मे, सब सुकृत की खान हो ॥ ल० २१ ॥ द्विगुणा होता दिये व्याज के, चतुर्गुणा व्यवसाय । सहस्त्र गुणा होता खेती से दान से अनन्त फल पाय हो ॥ ल० २२ ॥ ज्यो २ पानी उलीचन सेती, निर्मल आवे नीर । चने चूटन मे फैले बहुत ये, न्याय बड़ा अक्सीर हो ॥ ल० २३ ॥ इन्हीं न्यायो को समझ रानी ने, मोदक दिया अनमोल । इतने दूजा सिघाड़ा आया, रूप करी सम तोल हो ॥ ल० २४ ॥ उसी विधि और उसी भाव से, मुनि वन्दे फिर जोय । उदार भाव से, लड्डू वहराये, मन मे भद

नहीं काय हो ॥ मु० २५ ॥ योगानुयोग से तीजा सिंघाड़ा वह भी यहां पर आया । एक दूजे को मालूम नहीं है यहां योग बन पाया हो ॥ मु० २६ ॥ फिर लड्डू का वैसा विधि से बहराया मुनि दोय । पर एक शंका उपनी आके रानी के मन मांय हो ॥ मु० २७ ॥ मुनिवर गुणधारी अर्जी एक मेरा कबूल आपसे ॥ टेक ॥ कहता आवे लाज मनरी बिन कहे रहा न जाय । पुण्य योग से तीन वक्त तुम आये यहां मुनिराय हो ॥ मु० २८ ॥ बारह योजन लम्बी द्वारिका नव योजन विस्तार । कृष्ण नरेश्वर राज करे जहां हो रहा जय जय कार हो ॥ मु० २९ ॥ हैं धनी और धर्मानुरागी पुष्कल जिनके धन । ऐसे श्रावक धर्म शहर में मोक्ष जिनका मन हो ॥ मु० ३० ॥ साधु सती को दिये दान बिन जीमें नहीं अन्न पानी । है ऐसा नित्य नियम जिन्हों के, सदा सुने जिन वानी हो ॥ मु० ३१ ॥ मिला नहीं क्यों आहार अचंभा मेरे मन में आया । क्या नगरी के पुण्य में खामी, योग कहीं नहीं पाया हो ॥ मु० ३२ ॥ मुनि कहे मैं देवकी ! हेरे बार बार नहीं आया । एक सरीखे हैं षट बन्धु एक उदर का जाया हो ॥ मु० ३३ ॥ नाग सेठ सुलसा माता भद्दिलपुर के वासी । नेमनाथ की वाणी सुन के जग से हुए उदासी हो ॥ मु० ३४ ॥ बत्तीस बत्तीस नारी को त्यागी, बत्तीस क्रोड़ सोनैया । तभी भोग योग को धारा जन्म मरण से डरैया हो ॥ मु० ३५ ॥ तभी रोज से छट छट तप की प्रतिज्ञा लीनी भारी । पारना कारण तीन सिंघाड़ा, आये हैं तुम द्वारी हो ॥ मु० ३६ ॥ नहीं शासन सद्गुरु का हमारे शासन शिव का भारी । इतना उत्तर दे के मुनि गये, चिंता में समझ भारी हो ॥ मु० ३७ ॥ रानी सोच कहा मुनि ने होगा तुम अठ नन्द । एक माता के सिवा न ऐसा पूछूं नेम जिनन्द हो ॥ मु० ३८ ॥ प्रात होत ही प्रभु पे आई सराम मटन काज । हाथ जोड़ के वन्दना कीधी, जब भाषे जिनराज हो ॥ मु० ३९ ॥ छः मुनियों का हर देवकी ! संशय तुमको आया । ये तेरे ही पुत्र देवकी ! नहीं सुलसा ने जाया हो ॥ मु० ४० ॥ पिछला सब वृत्तान्त सुनाया तब रानी हर्षाई । छः ही मुनी के पास आयके, चरणे शीश नमाई हो ॥ मु० ४१ ॥ निरखत निरखत के मिस पुत्रों का रोम राम

हे पुत्रो ! मैं सौभाग्यवती हू, तुम जैसे सुत
विकसाया। टूट के कसें कचुकी स्तन में, तुरत दूध भर आया हो॥ मु० ४२ ॥ किन्तु दुःख का विषय यही है, गोद न एक
जाया। राज्य करो चाहे दीक्षा लो तुम, मुझ मन बहु हरषाया हो ॥ मु० ४३ ॥ हे देवकी ! रज करे मत, पूर्व कर्म कमाया।
खिलाया। निरख पुत्र को फिर देवकी, प्रभु को शिर नवाया हो ॥ मु० ४४॥ सौते तो के सात रत्न थे, गुप चुप से ले लीना।
जो इस जन्म मे वही कर्मफल, उदय भाव मे आया हो ॥ मु० ४५ ॥ सातों रत्न के बदले तेने, सातों नन्द गमाया। एक रत्न देने मे
बहुत रुदन करने पर तैने, एक रत्न दे दीना हो ॥ मु० ४६ ॥ कर वन्दन प्रभु नेमनाथ को, आई निज घर चाल। बैठ शैय्या मे लगी
वापिस, कृष्ण रत्न को पाया हो ॥ मु० ४७ ॥ धन्य है उस माता को जो निज, नन्दन गोद खिलावे। मैंने पुण्य किया नहीं
सोचने, खेलाया नहीं बाल हो ॥ मु० ४८ ॥ नयनों मे पानी भर आया, धिक् जीवन मुझ आज। उसी समय चल हरिजी
ऐसा, सुख कहां से पावे हो॥ मु० ४९ ॥ देख मात को चिंतावश मे, पूछे आप मुरारी। क्या कारण है आर्त-ध्यान का, जब
आये, पद-वन्दन के काज हो॥ मु० ५० ॥ क्या पूछे चिंता की बेटा !, टूटा दुःख का पहाड। मात पुत्र जाया तुझ सरीखा, नहीं लड़ाया
बोली महतारी हो॥ मु० ५१ ॥ छः पुत्र बधे सुलसा के घर पर, तू गोकुल के मांय। नहीं सुख देखा किसी एक का, कहू किसको मै जाय
लाड़ हो॥ मु० ५२ ॥ सिरी कृष्ण जी कमरे मे जा, बालक रूप बनाया। आय मात की गोद में लौटे, मां ने हृदय लगाया हो॥ मु०
हो॥ मु० ५३ ॥ कभी कूदे कभी दौड़े कभी वह, रोवे बहु चिल्लाया। कभी कहे मैं दूध पिऊंगा तब माता मगवाया हो॥ मु० ५५ ॥ बिना
५४ ॥ पतासे के नहीं पीऊ, दीने पतासा डाल। जब रोकर कहे अति जोर से, पतासे बहार निकाल हो॥ मु० ५६ ॥ कहे देवकी यह
पतासे के नहीं पीऊ, दीने पतासा डाल। जब रोकर कहे अति जोर से, पतासे बहार निकाल हो॥ मु० ५६ ॥ कहे देवकी यह
तुम लीला, तब निज रूप बनाय। आम की चाह नहीं मेटे आमली, समझो लाल यह न्याय हो॥ मु० ५७ ॥ मत चिंता कर
मात हमारी, दिया खूब विश्वास। करू उपाय हो लघु भ्रात मुझ, सफल होय तुम आस हो॥ मु० ५८ ॥ पोषधशाला मे तेलो

कीना हरसगमेषी आयो। हागा लघु भ्रात तुम्हारे यों कहि वच सिधायो हो ॥ मु० ५६ ॥ कही मात से मान हरी फिर आप सभा में आया। इस नगरी भर में आया, रचा पुरस कमाया हो ॥ मु० ६० ॥ भव्य जीवों को प्रतिबोध के, कीना नम विहार। गांव नगर पुर पाटन विचरे सम्य जीवां हितकार हो ॥ मु० ६१ ॥ गर्भ दिवस पूर्ण होने पर जाया सुन्दर नन्द। घर घर हुए बधावना हरे, घर घर मंगलानन्द हो ॥ मु० ६२ ॥ गज तालुए सम कोमल काया रक्त वरण क्यों भान। गजसुकमाल नाम दिया है है पूरा पुण्यवान हो ॥ मु० ६३ ॥ होंस निकाल माता अपनी, कर लाड घर प्यार। माधव की सब रानियां खिलावें भार बाहस परिवार हो ॥ मु० ६४ ॥ बाल-विनोद की लीला दरसो मात परम सुख पाय। मोद भरकर देवकी रानी गोदी बीच बिठावे हो ॥ मु ६५ ॥ पढ़ा लिखा होस्यार बनाया गजसुकमाल के तांई। माता मन अनाथ अधिको, लाड करे दिन गई हो ॥ मु० ६६ ॥ इतन नम पधारे द्वारिका वन्दन आय मुरार। लघु भ्रात को सग में लीना और सभी परिवार हो ॥ मु० ६७ ॥ सोमल विप्र की सुन्दर कन्या भ्रात परणवा काज। भली पधारे चम्पापुर में, नाइ वन्द जिनराज हो ॥ मु० ६८ ॥ गजसुकमाल हरीजी प्रमुख सुटी परिषदा धार। नेमनाथ प्रभु दई देशना भव जीवां सुखकार हो ॥ मु० ६९ ॥ भव-भयहारी उत्तम भावना कहें द्वादश प्रकार। भिन्न भिन्न कर ठ फरमावें त्रिभुवन तारण हार हो ॥ मु० ७० ॥ जो सुख जाय फिर नहीं आवे यह भव नर भव। प्रमाद छोड़ धर्म को धारो दिया है आरज क्षेत्र हो ॥ मु० ७१ ॥

(१) अनित्य भावना।

या संसार अनित्य विचारो ज्यों पथी [illegible]-वासा। संध्या-रंग रैन का सपना बाजीगर तमासो हो ॥ मु० ७२ ॥

[illegible]) अशरण भावना।

जैसे सिंह मृग को पकड़े, देखो निगाह पसारे। काल गह पसे मानव को, कोई न राखनहार हो ॥ मु० ७३ ॥

(३) ससार–भावना ।

चारों गती के चक्कर काटे, कर्म योग कई वार । ऊच नीच पन को थे पाया, सहे दु ख अपार हो ॥ मु० ७४ ॥

(४) एकत्व–भावना ।

आयो एकलो जावे एकलो, काई न आवे लार । तरु तले बैठ कहे तरु मेरा, मोह वश होय गंवार हो ॥ मु० ७५ ॥

(५) अन्यत्व–भावना ।

जीव सचेत अचेत है काया, एक कभी नहीं होय । वह शिव चावे यह भव चावे, तू कर्म–मल को धोय हो ॥ मु० ७६ ॥

(६) अशुचि–भावना ।

तन अशुचि अपावन जानो, धोया शुद्ध न होय । दसो द्वार वहे निशि वासर, वाह्य देख मत मोय हो ॥ मु० ७७ ॥

(७) आश्रव–भावना ।

मृग पतग मीन गज भवरो, एक इन्द्री वश मरता । पाचो इन्द्री के वशीभूत हो, जन्म जन्म में फिरता हो ॥ मु० ७८ ॥

(८) सवर–भावना ।

आश्रव रोक संयम को धारे, संवर का फल मोय । व्यापारी व्यापार वीच में, जान न खावे खोट ॥ मु० ७९ ॥

(९) निर्जरा–भावना ।

उदय होय सो कर उदिरणा, कर्म–निर्जरा मानो । अन्य मत इसका भेद न जाने, तप कर कर्म खपानो हो ॥ मु० ८० ॥

(१०) लोक–भावना ।

चवदह राज का ऊचा नीचा, यह है लोक प्रमान । इसके वीच में है जीवों का, आवागमन का स्थान हो ॥ मु० ८१ ॥

(११) बोध-भावना ।

भ्रमा काल अनन्त जगत् में समकित रत्न नहीं पाया । भगती द मिथ्यात्व त्याग, समय अमोलक आया हो ॥ मु० ८२॥

(१२) धर्म-भावना ।

धर्म बिना सब धन्धा मिथ्या, कुछ हाथ नहीं लाग । धर्म बिना रुलिया भव भव में जे मन क्या नहीं जागे हो ॥ मु० ८३॥
सुना सराना था जिनवर की दरी मधुर उस बार । शक्ति के अनुसार त्याग कर, पहुँच नगरी मझार हो ॥ मु० ८४ ॥
जिनवाणी को भव हृदय में गज सुकुमाल कुमार । विषयों स विरक्त होय ने, मन म करे विचार हो ॥ मु० ८५ ॥
विषया विष से है अनिष्ट विषया नाम कुनाम । विषया वश में होकर चतन !, दो भव कर निकाम हो ॥ मु ८६ ॥
भाग-विषय प्रथम स रोके नहीं पामे विस्तार । निश्चय मन में इसका धारी व्याह किया परिहार हो ॥ मु० ८७ ॥
विनययुक्त वन्दन कर प्रभु का, आया जननी पास । आज्ञा मांगो आप संयम की हृदय भरी उल्लास हो ॥ मु० ८८ ॥
आज्ञा द्यो मा संयम आदरी शिवपुर म जावों ॥ टेक ॥
मूर्छा खाइ जब माता देवकी, बात सुनी उस बार । चेत होही कह आया वल्लभ तू मुझ प्राणाधार हो ॥ मा० ८९ ॥
अरे सुन लाल हमारी संयम मत लेवा खांडा धार है ॥ टेक ॥
सम्यर पुष्प सम्पना दुर्लभ, जैसा जग दरम्यान । कहाँ तक कहूं लालजी तुमको, ? तुम दरशन भान हो ॥ मा० ९० ॥ तू सुकुमाल बड़ा है भारी कामल काले समान । नाठ होंस पूरी हुई लालजी ! ऊजन मरो सो मान हो ॥ म० ९१ ॥ मोम दांत से चना छोड़ का हरगिज चबा न जाय । एम चारित्र कठिन है मार्ग, मेरा ध्यान में लाय हो ॥ म० ९२ ॥ कामल करा का खोचन करना, भिक्षा दिस घर फिरना । मानों कहो मु[illegible] तरना सागर भुज स तिरना हो ॥ म० ९३ ॥ प्रथम हाथ वताचल बटा ।

घर दे जल्दी छोड। पड़े परिषह जब संयम मे, कई आवे घर दौड हो॥ अ० ६४ ॥ कुमर कहे माताजी सुन लो, जो चाहे जग भोग। उस कायर से कभी सधे नहीं, वीतराग का जोग हो॥ अ० ६५ ॥ शूरवीर और साहसीक के, तीनों योग वश माई। उसके लिये है संयम सुलभ, सुनो मात! चित्त लाई हो॥ अ० ६६ ॥ यावन धन अथिर है जननी, और अथिर है देह। इसी कारण से चतुर पुरुष झट, तोड फेंक दें स्नेह हो॥ अ० ६७ ॥ धन जीतब और भोग से चेतन, कभी तृप्ति नहीं पावे। ऐसी जान आत्मा को तारूं, मत माता अटकावे हो॥ ६८ ॥ हरी सुनी दौडके आवे, लीनो गोद बिठाई। द्वारिकाधीश बनाऊं तुझ को, मत सयम ले भाई हो॥ अ० ६९ ॥ मौन महीने रहे आप तब, तुरत बनाया राजा। हाथ जोड़ने अर्ज करें सब, फरमाओ कोई काजा हो॥ अ० १०० ॥ तीन लक्ष सौनेया जल्दी, श्री भण्डार से लाओ। दोय लाख का ओघा पात्रा, लक्ष दे नाई बुलाओ हो॥ अ० १०१ ॥ शिर पर चोटी छोड के नाई, सुन्दर बाल बनाया। मफेद वस्त्र में बाल झेल के, आंसू मात वर्षाया हो॥ अ० १०२ ॥ स्नान कराके वैरागी को, वस्त्राभरण पहनाया। त्रिठा मेत्रिका माई सभी ने, जय जय शब्द सुनाया हो॥ अ० १०३ ॥ बाजा बाजे अति जोर का, मरे बाजार हो आया। हरि हलधर माता सब मिल के, नेम प्रभु पां लाया हो॥ अ० १०४ ॥ उतर सेविका से वैरागी, प्रभु को शीश नमाया। मात कहे दू सुत की भिक्षा, ग्रहण करो जिनराया हो॥ अ० १०५ ॥ ईषान कोण मे जाय आपने, वस्त्राभरण उतारा। मुख पै बांधी मुख वस्त्रिका, वेष मुनि का धारा हो॥ अ० १०६ ॥ चौथे प्रहर आज्ञा ले प्रभु की, ध्यान धरा शमशान। सोमल ससुरे देखके उसको, क्रोध चढ़ा है महान हो॥ अ० १०७ ॥ मिट्टी की शिर पाल बांधने, अगारा रख दीना। जड़ चेतन को भिन्न लखी नहीं, खंडित ध्यान को कीना हो॥ अ० १०८ ॥ क्षपक श्रेणी करी मुनि ने, शुक्ल ध्यान को ध्याया। केवल ज्ञान पा मोक्ष सिधाया, निराबाध सुख पाया हो॥ अ० १०९ ॥ षट्मासवत रजनी बीती, पुत्र-विरह विकराल। प्रातः ही प्रभु पां आई देवकी, जोवा गजसुखमाल हो

मे। जन्म लिया गज सुख के रूप में, मत रख संशय मन में हो ॥ अ० १२७॥ शिर पै रोट-बन्धन से मरा वह, जन्मा इसी नगरी में। वही घातक गजसुख का जानो, फर्क न है कर्मन मे हो ॥ अ० १२८॥ गजसुखमाल के पूर्व जन्म का वृत्तान्त सुनाने सारा। तोभी श्रीकृष्ण के दिल मे, मिटा न रज लगारा हो ॥ अ० १२९॥ प्रभु को वन्दी आये शहर में, छोड़ी सदर बाजार। चले गली के मार्ग मुरारी, चिन्ता का नहीं पार हो ॥ अ० १३०॥ इत सोमल हृदय मे साचे, नेमिनाथ है ज्ञानी। मेरा नाम लेगा हरि आगे, उनसे जरा न छानी हो ॥ अ० १३१॥ कौन मौत से हरि मारेगा, ऐसा करी विचार। गली मार्ग हो चला वह घर से, गुप चुप से उस वार हो ॥ अ० १३२॥ इतने हरि की देखी सवारी, जाना पकडने आया। धसका खाके पड़ा जमीं पर, तड़फ के प्राण गमाया हो ॥ अ० १३३॥ मरा हुआ देखीने उसको, जान लिया मन माई। तुरत लाश का बाहर डला के, भूमि शुद्ध कराई हो ॥ अ० १३४॥ उग्र पाप करे जो कोई, उग्र करी विचार। कर्म उदय तत्क्षण हो उसके, संशय नहीं लगार हो ॥ अ० १३५॥ आये द्वारिका बीच हरिजी, शोक सभी विसराय। सारे कुटुम्ब को धैर्य बधाके, रहे सुख के मांय हो ॥ अ० १३६॥ गजसुखमाल गया मोक्ष मे, क्षमा धर्म को धार। गुरुप्रसादे चौथमल कहे, क्षमा करो नरनार हो ॥ अ० १३७॥ गजसुखमाल की तरह और भी, राजपुत्र कई वीर। दीक्षा धारण करी उन्होंका, जिक्र सुनो धरधीर हो ॥ अ० १३८॥ सुमुख दुमुख और कुमक दारुकने, दीक्षा धारण कीनी। बलदेव पिता और धारिणी माता, जिनने आज्ञा दीनी हो ॥ अ० १३९॥ वसुदेव धारणी के जाया, दारू राजकुमार। अनाधृष्ट इन दोनो भाई ने, दीक्षा ली उस वार हो ॥ अ० १४०॥ पचास पचास कन्या के साथ में, विवाह हुआ था आई। पचास करोड का दहेज मिला है, प्रत्येक प्रत्येक के माई हो ॥ अ० १४१॥ इस वैभव और सुन्दर कन्या को, छिन में दी छिटकाई। श्री नेम प्रभु पां सयम लीनो, आतम हित को चाई हो ॥ अ० १४२॥ चारित्र वीस वर्ष तक पाला, पूर्ण आज्ञा धार। कर मास संथारो शत्रुजा पर,

पहुंचे मोक्ष मझार हो ॥ भ० १४३ ॥ वसुदेव धारणी के जाया जाली मयाली कुमार। उवयाली और पुरुषसेन हैं वारीसेन सुखकार हो ॥ भ० १४४ ॥ समुद्रविजय अरु शिवादेवी जाया यादव नार। इन सभी ने संयम लीना हरि के अनेक कुमार हो ॥ भ० १४५ ॥ आठ कृष्ण की कई कन्या प्रभु पै दीक्षा लवी। महाभाग्य रही अखंड कुंवारी, भाग कर्म का ठेली हो ॥ भ० १४६ ॥ कनकवती राहणी देवकी पे रही घर मंझार। बाकी वसुदेव की रानियाँ लीना संयम धार हो ॥ भ० १४७ ॥ करती विचार भव स्थिति का कनकवती घर मांहे। चार कर्म का क्षय करीने शुद्ध भावे केवल पाई हो ॥ भ० १४८ ॥ तब देवों ने मिलकर भारी महोत्सव खुब मनाया। उपमहत्व साध्वी का महत्व करके वरी प्रभु का पाया हो ॥ भ० १४९ ॥ आय विपिन में तीस दिवस का, अनशन इसने ठाया। अघाती कर्म का क्षय करीने, पद निरञ्जन पाया हो ॥ भ० १५० ॥

प्रद्युम्न कुमार

आय द्वारिका बाग में, नेमनाथ भगवान्। कृष्ण प्रद्युम्न आदि जन, दर्शन करें वहां आन ॥ १ ॥

लग ध्यान उसी के पूर्ण पुण्यवानी हो, जिस जीव के ॥ टेक ॥ प्रभु-वचन सुन मदन विचारे सारू आतम काज। संसारी सुख बहुत भोगवे अब साधू शिवराज हो ॥ ल०१॥ ज्ञान-उद्योत हुआ हृदय में मोह नींद से जागा। घर आय फिर नमन करके, इस संयम का मांगा हो ॥ ल० २ ॥ प्रद्युम्नकुमार का नाम श्रवणी ने हरी हलधर सुणाया। वज्रपात सी बात विचारी धरण पछाड़ा खाया हो ॥ ल० ३ ॥ चतराई कर सुनर बेठा! कीजे भाग विलास। यह समय है नहीं योग का, हृदयके विमास

हो ॥ ल० ४ ॥ कुमर कहे मुझे जिन वचनों मे, शका नहीं लगार। जावे सो आवे नहीं हरगिज, यह अवसर हर वार हो
॥ ल० ५ ॥ पंडित, मूर्ख, बूढ़ा, बालक अरु, कायर, शूर, कहावे। राजा, रानी, मौत सामने, कोई रहन नहीं पावे हो ॥ ल०
६ ॥ मात पिता ने बान्धव बेटा, वार अनन्ती पाया। काल रूप सिंह ने जब पकडा, कोइयन आय छुड़ाया हो। ल० ७ ॥
भूला था तो अत्यन्त भूला, अब भूला न जाय। खाया जहर बिना जान मे, जानी दक्ष नहीं खाय हो ॥ ल० ८ ॥ अनित्य
असार जगत् को जानी, वैराग हृदय मे छाया। आज्ञा दो सयम की मुझको, डाव तिरन का आया हो ॥ ल० ९ ॥ सम-
झाया कुदुम्बजनों ने, और उन्हीं के तात। चारित्र ग्रहण का लगा उम्हावा, माने न किन की बात हो ॥ ल० १० ॥ करी विनती
फिर माता से, प्रद्युम्नकुमरजी आई। सयम लूंगा नेम समीपे, आज्ञा दे मुझ तांई हो ॥ ल० ११ ॥ वचन सुणीने धरणी
